जबलपुर

गुरुवार 22 जनवरी 2026

माघ मास शुक्ल पक्ष-4

वर्ष : 20, अंक : 264

पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 27

न्यून. 09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**सोने और चांदी ने सभी रिकॉर्ड तोड़े**

## सोना 1.60 लाख पार, चांदी 3.40 के करीब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना-चांदी नए शिखर पर पहुंच गए। सोने की कीमत करीब 1.60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 3.34 लाख रुपए प्रति किलोग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 6,500 रुपए यानी 4.24 प्रतिशत बढ़कर 1,59,700 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया। मंगलवार को, सोने ने पहली बार देश की राजधानी में 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के महत्वपूर्ण स्तर को पार किया। स्थानीय सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत में भी लगातार नौवें दिन तेजी जारी रही।

**दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में रखा मप्र का हरित ऊर्जा विज़न**

# मप्र ने 'हरित ऊर्जा' को विकास की मुख्य धारा में किया शामिल

नवकरणीय परियोजनाओं की प्रगति की भी जानकारी दी

*चर्चा में नियामकीय आवश्यकताओं और जमीनी वास्तविकताओं के बीच संतुलन की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। यह भी चर्चा हुई कि किस प्रकार से मप्र जैसे क्षेत्रीय या उप-राष्ट्रीय सरकारें इस क्षेत्र में नवाचार का नेतृत्व कर सकती हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र ने हरित ऊर्जा को विकास की मुख्य धारा में शामिल किया है। अन्तर्राज्यीय सहयोग और बेहतर समन्वय से राज्य में बिजली और जल आपूर्ति में स्थिरता आई है। इससे आम उपभोक्ताओं के साथ उद्योगों को भी लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने राज्य में सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण से जुड़ी नई नवकरणीय परियोजनाओं की प्रगति और आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को स्विटरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने 'डी-रीस्किंग द ग्रीन लीपः सब नेशनल ब्लू प्रिंट फॉर यूटिलिटी स्केल एनर्जी ट्रांजीशन' विषय पर आयोजित उच्च स्तरीय राउंड टेबल मीटिंग में भागीदारी की। मुख्यमंत्री ने मप्र की ऊर्जा यात्रा में नवकरणीय ऊर्जा की केंद्रीय भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा मप्र के समावेशी और टिकाऊ विकास की आधारशिला है।

**प्रधानमंत्री मोदी के हरित ऊर्जा विज़न से प्रेरित मप्र**

- राउंड टेबल मीटिंग में नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक ड्राफ्ट फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया गया
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्वच्छ, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा



मुख्यमंत्री डॉ. यादव दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 में संबोधित करते हुए

### केंद्रीय मंत्री जोशी ने सुधारोन्मुख राज्यों में विशेषकर मप्र की सराहना की

राउंड टेबल मीटिंग के समापन सत्र में केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने भारत और प्रधानमंत्री मोदी के हरित ऊर्जा विज़न को साझा किया। उन्होंने नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नीति स्थिरता के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यह उपभोक्ताओं और ऊर्जा क्षेत्र के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

### राउंड टेबल मीटिंग में यह लोग हुए शामिल

राउंड टेबल मीटिंग में मप्र के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, महानिदेशक, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन अशोक खन्ना, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार के प्रमुख सचिव मनीष सिंह प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह, मप्र टूरिज्म बोर्ड के एमडी डॉ. इलैया राजा टी, आयुक्त जनसंपर्क दीपक कुमार सक्सेना शामिल रहे।

**भागीरथपुरा में दूषित पानी से 25वीं मौत**

## चार बेटियों के सिर से उठ गया पिता का साया

**वे अपने घर के इकलौते कमाने वाले थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



हेमंत गायकवाड़

भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण हो रही मौतों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार सुबह अस्पताल में भर्ती एक युवक की मौत हो गई। दूषित पानी पीने के बाद एक माह पहले युवक की तबीयत खराब हुई थी। वह दो बार अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती भी हो चुका था।



शमशान घाट में बेटी ने मुखाग्नि दी

**धार भोजशाला पर दिग्विजय की मांग**

## बसंत पंचमी पर 'नमाज' का समय तय हो, शांति व्यवस्था की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/धार

**दोपहर 1 - 3 बजे का समय तय किया जाए**



दिग्विजय सिंह

बसंत पंचमी शुक्रवार यानि 23 जनवरी को पड़ रही है। यह संयोग पहले भी तीन बार 2006, 2013 और 2016 में बन चुका है और उन सभी मौकों पर क्षेत्र में तनावपूर्ण हालात देखने को मिले थे। ऐसे में इस बार पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास सतर्कता बरती जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा बसंत पंचमी पर सूर्योदय से सूर्यास्त तक निर्बाध पूजा की अनुमति को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। इस याचिका पर 22 जनवरी को सुनवाई होगी।

### एक टाइगर की फिर मौत, जांच में जुटा अमला

**नर्मदापुरम।** इटारसी वन परिक्षेत्र के तवानगर स्थित जंगल में बुधवार दोपहर एक टाइगर की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। टाइगर की मौत कैसे हुई इस रहस्य से पर्दा बुधवार शाम तक नहीं उठ पाया था। इसकी जांच की जा रही है। सूचना मिलते ही सीसीएफ अशोक कुमार, इटारसी रेंजर अभिषेक शर्मा और वन अमला डॉग स्क्वायड व एसटीआर के वन्यप्राणी विशेषज्ञ डॉक्टर को लेकर मौके पर पहुंचे, ताकि टाइगर की मौत कैसे हुई इसका पता लगा सके।

**धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ भोपाल पुलिस कमिश्नर से शिकायत**

## अंधविश्वास फैलाकर कर रहे झूठा इलाज, हो रही मरीजों की 'मौत'

***एफआईआर दर्ज करने दलित पिछड़ा समाज संगठन ने आवेदन दिया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



धीरेंद्र शास्त्री



दामोदर यादव

कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री के इलाज के दावों (खासकर कैंसर के इलाज) को लेकर भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा से शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने दलित पिछड़ा समाज संगठन ने आवेदन दिया है। दलित पिछड़ा समाज संगठन ने कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के विरुद्ध गंभीर, समाज और मानव जीवन के लिए घातक अपराधों के संबंध में एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है। संगठन ने इस संबंध में डीजीपी और भोपाल पुलिस कमिश्नर को अलग-अलग लिखित शिकायतें सौंपी हैं।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला**

## 18 की उम्र के बाद बेटा पिता से नहीं मांग सकता गुजारा भत्ता, कोर्ट ने परिवार न्यायालय का आदेश भी रद्द किया

पत्नी के लिए राशि एक हजार से बढ़ाकर छह हजार तक की गई

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक अहम फैसला दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि बेटे के बालिग यानी 18 साल का होने पर पिता से भरण-पोषण का अधिकार खत्म हो जाता है।

कोर्ट ने इस आधार पर बेटे के पक्ष में फैमिली कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही कोर्ट ने पत्नी के लिए बढ़ाई गई भरण-पोषण राशि को सही ठहराते हुए बरकरार रखा। इलाहाबाद हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने यह फैसला मोअज्जम अली की ओर से दायर याचिका पर दिया है। इसमें याची पति ने फैमिली कोर्ट भदोही के चार अगस्त 2023 के आदेश से पत्नी और बेटे के पक्ष में भरण पोषण की राशि में की गई बढ़ोतरी को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि आवेदक को फैमिली कोर्ट से कोई नोटिस या समन नहीं मिला। इतना ही नहीं वकील ने यह भी दलील दी कि बेट बर्थ सर्टिफिकेट के मुताबिक पांच जनवरी को ही बालिग यानी 18 साल का हो चुका था।



फाइल फोटो

### याचिकाकर्ता पर 5 बच्चों की जिम्मेदारी

*वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता पर 5 बच्चों की जिम्मेदारी है। ऐसे में गुजारा भत्ता की राशि पत्नी के लिए एक हजार से बढ़ाकर छह हजार और बेटे के लिए 500 से अब चार हजार रुपए देना उसकी क्षमता से बाहर है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद में पाया कि बेटा बालिग हो चुका है। इसी आधार पर कोर्ट ने उसके संबंध में जारी भरण पोषण का आदेश रद्द कर दिया।*




क्या शंकराचार्य हैं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद?

# 1941 से वैधता पर शुरू हुआ विवाद, दावा और कोर्ट के फैसलों के बीच अटका

मेला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के 14 अक्टूबर 2022 के एक आदेश का हवाला देते हुए नोटिस जारी कर पूछा था कि उन्होंने खुद को शंकराचार्य कैसे घोषित कर लिया। शंकराचार्य पद की वैधता पर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जो 1941 से शुरू हुआ था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रयागराज में माघ मेला के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों और मेला प्रशासन के बीच टकराव हो गया था। इस विवाद ने तूल पकड़ते हुए राजनीतिक रंग ले लिया। आरोप-प्रत्यारोप के दौर के बीच मेला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के 14 अक्टूबर 2022 के एक आदेश का हवाला देते हुए नोटिस जारी कर पूछा था कि उन्होंने खुद को शंकराचार्य कैसे घोषित कर लिया। शंकराचार्य पद की वैधता पर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जो 1941 से शुरू हुआ था। इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के बीच मामला अटका हुआ है। बता दें कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद साल 2022 से ही ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य के तौर पर जाने जाते हैं। हालांकि इस पद पर उनकी नियुक्ति शुरू से ही विवादित मानी जाती रही है।

## 1941 से पहले शंकराचार्य की गद्दी खाली थी



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

18वीं सदी में ज्योतिर्मठ पर स्वामी रामकृष्ण तीर्थ काबिज रहे। उनकी मृत्यु के बाद लगभग 165 वर्षों तक मठ निष्क्रिय रहा। तीन और पीठों के शंकराचार्यों ने मिलकर स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती को शंकराचार्य पद के लिए राजी किया और उन्हें इस पद के लिए स्वीकृति भी दी। इस तरह 11 मई 1941 को स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती की नियुक्ति वाराणसी के 'भारत धर्म महामंडल' से जुड़े साधु-संतों की ओर से की गई। इस नियुक्ति को पुरी के शंकराचार्य स्वामी भारती कृष्ण तीर्थ और श्रृंगेरी के शंकराचार्य स्वामी चंद्रशेखर भारती का समर्थन था।

### पूरे विवाद को यूं समझें

1952 को स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती ने वसीयत कर स्वामी शांतानंद सरस्वती को उत्तराधिकारी बनाया। उनके निधन के बाद 1953 को स्वामी शांतानंद सरस्वती को काशी में ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य के रूप में स्वीकृति दी गई, लेकिन स्वामी कृष्णबोध आश्रम को शंकराचार्य के रूप में स्वीकार किया और वसीयत के आधार स्वामी शांतानंद की नियुक्ति को गलत बताया। 1955 को सिविल कोर्ट ने स्वामी शांतानंद सरस्वती को उत्तराधिकार का सर्टिफिकेट दिया। स्वामी शांतानंद सरस्वती ने स्वामी विष्णुदेवानंद सरस्वती को उत्तराधिकारी बना दिया। स्वामी विष्णुदेवानंद सरस्वती ने वसीयत कर स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती को उत्तराधिकारी बनाया।

### 2017 से सुप्रीम कोर्ट में है मामला

नवंबर 1989 स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने इसको चुनौती देते हुए मामला फिर से कोर्ट में ले गए। इसके बाद वासुदेवानंद सरस्वती और स्वामी स्वरूपानंद के बीच लंबी कानूनी लड़ाई जारी रही।साल 2017 में इलाहबाद हाई कोर्ट ने स्वरूपानंद और वासुदेवानंद सरस्वती सहित कई शंकराचार्यों की नियुक्तियों को अवैध ठहराया था और एक कमेटी बनाकर नए शंकराचार्य की नियुक्ति के निर्देश दिए, जिससे विवाद और गहरा गया।

## अविमुक्तेश्वरानंद के साथ सही हुआः रामभद्राचार्य



जगद्गुरू रामभद्राचार्य ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद के साथ अन्याय नहीं हुआ। अन्याय तो उन्होंने किया है। नियम यह है कि गंगा तक पालकी से नहीं जाया जाता। हम लोग भी पैदल ही जाते हैं। सरकार ने उन्हें खुद को शंकराचार्य साबित करने के लिए बिल्कुल सही नोटिस जारी किया है।

वहीं, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मामले को लेकर कहा कि उनसे जुड़े मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। साथ ही उम्मीद जताई की विवाद जल्द ही खत्म हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या जाएंगी

**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। ट्रस्ट के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2083 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति शिरकत करेंगी। ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू इस आयोजन की मुख्य अतिथि होंगी।



### अमृत उद्यान 3 फरवरी से लोगों के लिए खुलेगा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 3 फरवरी से 31 मार्च, 2026 तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। लोग सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक (अंतिम प्रवेश 5.15 बजे) उद्यान में घूमने आ सकते हैं। उद्यान सोमवार को रखरखाव के दिन और 4 मार्च को होली के कारण बंद रहेगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान जारी इसकी जानकारी दी है।



### संजौली हेलीपोर्ट से हेली टैक्सी सेवाएं शुरू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली हेलीपोर्ट को केंद्र से जरूरी मंजूरी के बाद आधिकारिक तौर पर हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए खोल दिया गया है। इसी के साथ दो कंपनियों ने यहां से हेली टैक्सी सेवाएं शुरू कर दी हैं। बुधवार सुबह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रिकांगपिओ व भुंतर के लिए उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



### उदयपुर में जीप खाई में गिरी, 3 की मौत

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले में सवारी से भारी जीप बेकाबू होकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भर्ती करवाया गया है। उदयपुर जिले के आदिवासी अंचल कोटड़ा में बिलवन की ओर से जा रही जीप का चढ़ाई के दौरान अचानक ब्रेक फेल हो गया।



### दोबारा हिंदू बन जाओ फिल्में मिलने लगेंगी

**नई दिल्ली।** म्यूजिक कंपोजर एआर रहमान ने जबसे इंडस्ट्री में सांप्रदायिक भेदभाव होने की बात कही है, वो विवादों में फंस गए हैं। अब भजन सम्राट अनूप जलोटा ने कहा है कि रहमान को इस बात का विश्वास है कि हमारे देश में मुस्लिम होने की वजह से उनको फिल्में नहीं मिल रही हैं म्यूजिक देने के लिए, तो फिर वो दोबारा हिंदू हो जाएं।



अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर जारी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# अवैध खनन कतई बर्दाश्त नहीं, चार हफ्ते में हाई पावर कमेटी के सदस्यों के नाम दें

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा मात्र तकनीकी नहीं, बल्कि देश के पर्यावरण भविष्य से जुड़ा हुआ है। अदालत ने साफ निर्देश दिया कि अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि ऐसे खनन के परिणाम अपूर्णीय और दूरगामी होते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर जारी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि यह मुद्दा मात्र तकनीकी नहीं, बल्कि देश के पर्यावरण भविष्य से जुड़ा हुआ है। अदालत ने साफ निर्देश दिया कि अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि ऐसे खनन के परिणाम अपूर्णीय और दूरगामी होते हैं। शीर्ष अदालत ने यह भी दोहराया कि अरावली की वैज्ञानिक और स्पष्ट परिभाषा तय करने के लिए एक हाई पावर कमेटी बनाई जाएगी। इस समिति में पर्यावरण, वानिकी, भू-विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों के स्वतंत्र विशेषज्ञ शामिल होंगे। अदालत ने सभी पक्षों जिसमें एमिकस क्यूरी भी शामिल हैं उससे समिति के संभावित सदस्यों के नाम और सुझाव चार हफ्ते में पेश करने को कहा है।

### यह मुद्दा संवेदनशील

कोर्ट ने अपने उस पुराने फैसले पर लगी रोक को भी बढ़ा दिया है, जिसमें 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही अरावली मानने की सिफारिश थी। पर्यावरण मंत्रालय की समिति की इस सिफारिश को अदालत ने पहले ही पुनर्विचार योग्य बताते हुए स्थगित कर दिया था।

- सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने फैसले पर लगी रोक बढ़ाई
- राजस्थान में हो रहे अवैध खनन का मामला भी उठाया


सुप्रीम कोर्ट, अरावली की पहाड़ियां

### गहराई से होगी जांच

सुनवाई के दौरान एक वकील ने राजस्थान के कई क्षेत्रों में लगातार हो रहे अवैध खनन का मुद्दा उठाया। इस पर न्यायालय ने राजस्थान सरकार के वकील को तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि अरावली जैसा पर्यावरणीय क्षेत्र किसी भी प्रकार का भार नहीं उठा सकता है। अदालत ने साथ ही कहा कि अवैध खनन भविष्य की पीढ़ियों के पर्यावरण अधिकारों को सीधे प्रभावित करता है, इसलिए न्यायालय इस पूरे मामले में सभी पहलुओं की गहराई से जांच करेगा।अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पिछले साल दिसंबर में पारित अंतरिम आदेश अगले आदेश तक लागू रहेगा।


चंडीगढ़ की सुखना झील

सीजेआई ने जताई चिंता

## सुखना झील को कितना सुखाओगे? गलती न दोहराएं

सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ की मशहूर सुखना झील के सूखने पर चिंता जताई है। हरियाणा सरकार को पिछली गलतियों को न दोहराने की चेतावनी देते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अधिकारियों और बिल्डर माफिया की मिलीभगत के कारण सुखना झील पूरी तरह से खराब हो चुकी है। बेंच में सीजेआई सूर्यकांत के अलावा जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी अरावली पहाड़ियों के मामले पर सुनवाई करते हुए की।

### झील का गिर रहा जलस्तर

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य के अधिकारियों और राजनेताओं की मिलीभगत से बिल्डर माफिया काम कर रहा है। आप सुखना झील को कितना सुखाओगे? आपने झील को तो पूरी तरह से खराब कर दिया है। दरअसल, बारिश के पानी पर निर्भर सुखना झील कभी चंडीगढ़ का प्रमुख पर्यटन केंद्र हुआ करती थी, लेकिन बीते वर्षों में लगातार गिरते जलस्तर ने इसकी सुंदरता और अस्तित्व दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मदुरै पीठ की सख्त टिप्पणी

# उदयनिधि का 'सनातन मिटाओ' बयान 'नरसंहार' की मांग जैसा

अमित मालवीय के खिलाफ एफआईआर रद्द


उदयनिधि स्टालिन

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने सोमवार को तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन के उस बयान पर सख्त टिप्पणी की, जिसमें उदयनिधि स्टालिन ने अपने एक संबोधन में सनातन धर्म का सफाया करने की मांग की थी। कोर्ट ने साफ कहा कि उदयनिधि स्टालिन का बयान नरसंहार की मांग जैसा है। हाईकोर्ट की पीठ ने भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय को राहत देते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को भी रद्द करने का आदेश दिया। मदुरै पीठ की जस्टिस एस श्रीमथी ने कहा कि अगर सनातन धर्म को मानने वाले लोगों का समूह यहां नहीं होना चाहिए, तो इसके लिए सही शब्द 'नरसंहार' है।

### ओझिप्पु का मतलब 'सफाया'

जस्टिस श्रीमति ने स्टालिन के भाषण में ओझिप्पु शब्द पर विशेष जोर दिया और कहा कि पूरा मामला एक शब्द पर है, जो बेहद अहम है। पीठ ने कहा कि सरकार भी ओझिप्पु शब्द का मतलब सफाया मानती है। इसके बाद अदालत ने इस शब्द के पर्यायवाची का भी जिक्र किया, जिनका मतलब भी सफाया, मिटाना, तबाह करना आदि बताया गया। जज ने कहा कि अमित मालवीय ने पोस्ट में जो सवाल किया था, उसमें हिंसा या आंदोलन की मांग नहीं की गई थी। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा कि अदालत ने डीएमके सरकार द्वारा दर्ज की गई राजनीतिक रूप से प्रेरित और बदले की भावना वाली एफआईआर को खारिज कर दिया।


एस. श्रीमथी

### लिव-इन में महिला तभी सुरक्षित, जब पत्नी मानें

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को सुरक्षा तभी मिलेगी, जब उन्हें पत्नी का दर्जा दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि ऐसे रिश्तों में महिलाओं को वैवाहिक सुरक्षा नहीं मिल पाती इसलिए कोर्ट की जिम्मेदारी बनती है कि महिलाओं को संरक्षण दें। जस्टिस एस श्रीमथी ने यह टिप्पणी एक आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए की। शख्स पर आरोप है कि वह महिला के साथ पहले लिव-इन में रहा। फिर शादी का झूठा वादा कर महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि पुरुष पहले मॉडर्न बनकर लिव-इन का रिश्ता बनाते हैं। बाद में रिलेशनशिप खराब होने पर महिला के कैरेक्टर पर सवाल उठाते हैं। वे ऐसा इसलिए कर पाते हैं क्योंकि कानून में लिव-इन को लेकर कोई नियम नहीं हैं।

कल्याण-डोंबिवली नगर निगम चुनाव

## राज ठाकरे के 5 नगरसेवकों ने शिंदे गुट को दिया 'समर्थन'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कल्याण-डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) में निकाय चुनाव के बाद राज ठाकरे के महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने इस बार एकनाथ शिंदे की शिवसेना को समर्थन देने का फैसला किया है। एमएनएस के पूर्व विधायक प्रमोद राजू पाटिल ने पार्टी के पांचों नगरसेवकों की ओर से शिवसेना को समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय शहर के विकास को ध्यान में रखत हुए लिया गया है। इससे पहले शिवसेना के सभी 53 नगरसेवक नवी मुंबई में स्थित कोंकण संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंच, जहां उन्होंने अपने गुट का औपचारिक पंजीकरण कराया। इस दौरान एमएनएस के 5 नगरसेवकों ने भी वहीं अपनी प्रक्रिया पूरी कर शिवसेना को समर्थन देने की घोषणा की।


एकनाथ शिंदे, राज ठाकरे फाइल फोटो

राम जन्मभूमि आंदोलन पर पुस्तक का विमोचन

## उपराष्ट्रपति बोले- राम मंदिर सत्य धर्म, लोकतंत्र की जीत का प्रतीक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में भारत सरकार के पूर्व सचिव सुरेंद्र कुमार पचौरी द्वारा लिखित पुस्तक 'चैलिस ऑफ एम्ब्रोसियाः राम जन्मभूमि– चुनौती और प्रतिक्रिया' का विमोचन किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह पुस्तक भगवान श्रीराम के जन्मस्थल को पुनः प्राप्त करने के लिए सदियों से चले आ रहे संघर्ष की संपूर्ण कहानी प्रस्तुत करती है। लेखक ने इस ऐतिहासिक विषय को संतुलित, सहानुभूतिपूर्ण और विद्वतापूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया है, जिसमें न तो सनसनी है और न ही तथ्यात्मक विकृति। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम भारत की आत्मा हैं और भारतीय धर्म की चेतना हैं। सत्य की हमेशा विजय होती है और धर्म कभी हार नहीं मानता।


पुस्तक का विमोचन करते उपराष्ट्रपति

## स्कूल बैंड प्रतियोगिता जारी



**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह 2026 में प्रस्तुति देने वाली स्कूल बैंड टीमों के चयन की प्रक्रिया जारी है। राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का जोनल चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है, जिसमें देश के अलग-अलग स्कूलों की 16 टीमों का चयन किया गया है। ये टीमें 24 जनवरी को दिल्ली स्थित राष्ट्रीय बाल भवन में आयोजित होने वाले ग्रैंड फिनाले में अपनी प्रस्तुति देंगी। हर जोन से चार टीमों को चुना गया है। कुल चार जोन- पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण से चयनित 16 टीमें ब्रास बैंड बॉयज, ब्रास बैंड गर्ल्स, पाइप बैंड बॉयज और पाइप बैंड गर्ल्स श्रेणियों में ग्रैंड फिनाले में मुकाबला करेंगी।

गणतंत्र दिवस परेड में लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना दे रही ये संदेश

# महिला सशक्तिकरण, समान अवसर और स्वदेशी जहाज निर्माण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस की परेड 2026 की रिहर्सल जारी हैं। भारतीय सैन्य बल कर्तव्य पथ पर दमदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस की परेड महिलाओं को समर्पित है। नौसेना की झांकी में भी महिला सशक्तिकरण और स्वदेशी ताकत की झलक दिखेगी। नौसेना में लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 की परेड में नेवल टेबल्यू महिला सशक्तिकरण, समान अवसर और स्वदेशी जहाज निर्माण को दिखाएगा। वे उस समय चर्चा में आई थी,जब पीएम मोदी ने मन की बात में नविका सागर परिक्रमा जैसी समुद्री महायात्रा का जिक्र किया था। दिलना ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि ये उपलब्धि व्यक्तिगत नहीं रही, बल्कि देश की प्रेरणा बन गई है।

नविका सागर परिक्रमा में लिखा इतिहास



लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के

### नेवल टेबल्यू का संदेश

महिला सशक्तिकरण– नौसेना में महिलाएं अब भूमिका नहीं, नेतृत्व निभा रही हैं। समान अवसर– पुरुष और महिला, दोनों के लिए एक जैसे मानक। स्वदेशीकरण– भारत में बने युद्धपोत, आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति।

### कॉमर्स से स्नातक के बाद नौसेना में प्रवेश

दिलना के का जन्म केरल के कोझिकोड में पैराम्बिल कड़ाव में हुआ था। उनके पिता लेफ्टिनेंट डेवडासन भारतीय सेना में सेवा करते थे, जिनका देहांत बाद में हो गया। उनकी मां का नाम रीजा है, जिन्होंने हमेशा दिलना के करियर को हमेशा समर्थन दिया। उन्होंने कॉमर्स से स्नातक की डिग्री हासिल की। बाद में भारतीय नौसेना में प्रवेश लिया। जून 2014 में लॉजिस्टिक्स ब्रांच में कमीशन प्राप्त किया।

### विश्व भ्रमण मिशन का हिस्सा बनीं

नविका सागर परिक्रमा भारतीय नौसेना का ऐतिहासिक समुद्री अभियान रहा। उन्होंने इस ऐतिहासिक समुद्री अभियान में हिस्सा लिया, जो भारतीय नौसेना का दूसरा 'ऑल-वीमेन' विश्व भ्रमण मिशन था। जिसका उद्देश्य था, भारतीय महिला अधिकारियों की सहनशक्ति और समुद्री कौशल को परखना। दुनिया को दिखाना कि भारतीय नौसेना लैंगिक समानता को जमीन से समंदर तक निभाती है। दिलना के ने इस अभियान के जरिए लंबी समुद्री यात्रा, चुनौतीपूर्ण मौसम और तकनीकी जटिलताओं का सामना किया। उनके अनुभवों ने यह संदेश दिया कि डिफेंस करियर केवल ताक़त नहीं, धैर्य और टीमवर्क भी मांगता है।

कर्नाटक के राज्यपाल का फैसला

# विधानमंडल के आज के सत्र को नहीं करेंगे संबोधित

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 22 जनवरी को राज्य विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करने से इनकार कर दिया है। राज्यपाल के फैसले के बाद सरकार ने उनसे मुलाकात करने का निर्णय लिया। राज्यपाल के इनकार के कारण अभी स्पष्ट नहीं हैं। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल के अभिभाषण में केंद्र सरकार के संदर्भ के कारण गहलोत ने अभिभाषण से इनकार किया है। इससे एक दिन पहले कर्नाटक की ही तरह गैर भाजपा शासित केरल और तमिलनाडु के राज्यपालों के विधानसभा में दिए गए अभिभाषणों को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। राज्य के विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल इस संबंध में राज्यपाल से मुलाकात करने के लिए लोक भवन पहुंचा। इसी तरह, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि मंगलवार को वर्ष के पहले सत्र के पहले दिन बगैर अभिभाषण के चले गए थे।


थावरचंद गहलोत




## खबर संक्षेप



### वैभव प्रदेश सह संगठन महामंत्री पद पर नियुक्त

**भोपाल।** शासकीय ठेकेदार महासंघ ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में बैठक में महासंघ में चार नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की। इनमें वैभव आरावकर को महासंघ का प्रदेश सह संगठन महामंत्री, अनुराग रावत को प्रदेश महामंत्री, पंकज सोनी को प्रदेश कोषाध्यक्ष और आशुतोष सिंह को भोपाल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर शासकीय ठेकेदार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दुष्यंत शुक्ला, प्रदेश संगठन महामंत्री मयंक सराठे, प्रदेश महामंत्री पुनीत भटनागर, मुकेश कुमार, शिवा, दीपक और सुनील प्रमुख थे।

### एनएसयूआई ने शर्मा को बनाया प्रदेश प्रवक्ता

**भोपाल।** नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने संगठन को और सशक्त करने तनय शर्मा को एनएसयूआई मध्यप्रदेश का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। यह नियुक्ति एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे एवं नेशनल मीडिया चेयरमैन रवि पाण्डेय की सहमति से की गई है। इस आशय का नियुक्ति पत्र एनएसयूआई मध्यप्रदेश मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अंकित पांडे द्वारा जारी किया गया।

### आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन निवेश, तकनीक और वैश्विक साझेदारी के जरिए मप्र के विकास एजेंडे को वैश्विक मंच पर करेंगे साझा

# एवरस्टोन समूह ने मध्यप्रदेश में विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और खाद्य प्रसंस्करण में निवेश की दिखाई रुचि


एवरस्टोन समूह के प्रेसिडेंट सिंन्हा से भेंट करते मंत्री शुक्ला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम–2026 दावोस के दूसरे दिन विभिन्न उद्योगपतियों से चर्चाओं का दौर जारी रहा। इस कड़ी में मंगलवार को मप्र स्टेट लाउंज में मप्र के अधिकारियों ने एवरस्टोन समूह के प्रेसिडेंट एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा के साथ बैठक कर राज्य में निवेश एवं औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने मप्र में ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) इकोसिस्टम में अपनी सशक्त उपस्थिति को रेखांकित किया।

इंदौर, उज्जैन और भोपाल के आसपास विकसित हो रहे ईवी और ऑटोमोबाइल क्लस्टर्स के साथ वस्त्र एवं परिधान उद्योग में राज्य की स्थापित क्षमताओं तथा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत आधार की जानकारी साझा की गई। चर्चा के दौरान नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव मनीष सिंह और प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने उद्योगपतियों के साथ सोलर पैनल, बैटरी, इंगट्स और वेफर्स सहित उपकरण एवं कंपोनेंट विनिर्माण में उपलब्ध निवेश अवसरों पर भी विचार किया गया।

## मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन निवेश पर मंत्री शुक्ला की क्रेसेंट एंटरप्राइजेज के साथ चर्चा

*साझा की राज्य की समर्पित लॉजिस्टिक्स एवं निर्यात नीति*

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल।** वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम–2026 के दूसरे दिन दावोस में मध्यप्रदेश स्टेट लाउंज में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने क्रेसेंट एंटरप्राइजेज के डिप्टी सीईओ एवं हेड ऑफ इन्वेस्टमेंट्स तुषार सिंहवी के साथ बैठक कर राज्य में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स, इनलैंड कंटेनर डिपो, वेयरहाउसिंग तथा एकीकृत सप्लाई चेन अवसंरचना में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक के दौरान क्रेसेंट एंटरप्राइजेज ने भारत में अपने विस्तार की मजबूत मंशा व्यक्त करते हुए लॉजिस्टिक्स आधारित निवेश के लिए मध्यप्रदेश को एक रणनीतिक गंतव्य के रूप में परखने में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर मंत्री शुक्ला ने राज्य की समर्पित लॉजिस्टिक्स एवं निर्यात नीति की जानकारी साझा की।


निवेशकों से चर्चा करते मंत्री शुक्ला।

### भूमि की पर्याप्त उपलब्धता, विद्युत एवं जल आपूर्ति तथा स्थिर श्रम वातावरण उपलब्ध

प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश, देश के केंद्र में स्थित होने से यहां प्राप्त भौगोलिक लाभ, राज्य के हवाई अड्डों के माध्यम से लागत प्रभावी कार्गो हैंडलिंग और खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स (एपीआई सहित), वस्त्र एवं परिधान और नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण जैसे क्षेत्रों में मजबूत औद्योगिक आधार मौजूद हैं। साथ ही भूमि की पर्याप्त उपलब्धता, विश्वसनीय विद्युत एवं जल आपूर्ति तथा स्थिर श्रम वातावरण मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन परियोजनाओं के लिए उच्च दक्षता वाला निवेश गंतव्य बनाता है। दोनों पक्षों ने विशिष्ट परियोजना अवसरों की पहचान करने तथा लॉजिस्टिक्स एवं संबद्ध अवसंरचना क्षेत्रों में संभावित निवेश पर आगे भी संवाद जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। यह संवाद मध्यप्रदेश में आधुनिक एवं सतत लॉजिस्टिक्स क्षमताओं के विकास के माध्यम से औद्योगिक वृद्धि और निर्यात संवर्धन की दिशा में राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### सिन्हा ने समूह के पोर्टफोलियो और निवेश की जानकारी दी

राज्य शासन ने निवेशकों के अनुकूल भूमि अधिग्रहण ढांचे की जानकारी देते हुए भोपाल और होशंगाबाद के समीप क्षेत्रों को विनिर्माण आधारित निवेश के लिए उपयुक्त बताया और राज्य में बढ़ती आंतरिक मांग को रेखांकित किया। प्रेसिडेंट एवरस्टोन समूह सिन्हा ने समूह के पोर्टफोलियो और निवेश प्राथमिकताओं से अवगत कराते हुए स्केलेबल प्लेटफॉर्म, दीर्घकालिक इंफ्रास्ट्रक्चर और विनिर्माण क्षेत्रों में रुचि साझा की। बैठक में दोनों पक्षों ने खाद्य प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा एवं संबंधित क्षेत्रों में संभावित सहयोग और निवेश के लिए आगे भी विस्तृत चर्चा जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। यह संवाद मध्यप्रदेश की विनिर्माण आधारित विकास रणनीति और सतत आर्थिक प्रगति की दिशा में वैश्विक निवेशकों के साथ मजबूत साझेदारी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 31 जनवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: Jabalpur: Nagrath Chowk FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • Damoh Naka SELECT BAJAJ 7880097791 • Balaghat SAI BAJAJ 9425822517• Damoh MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • Narsinghpur SATKAR BAJAJ 7747008720 • Seoni FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • Shahdol JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • Katni TARA BAJAJ 9111407700.



# विंटर सीजन में एक्सरसाइज सावधानी बरतना है जरूरी

फिट रहने के लिए हर सीजन में एक्सरसाइज करना जरूरी है। लेकिन ज्यादा ठंड के दिनों में एक्सरसाइज करने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर हृदय और श्वसन संबंधी रोगियों को एक्सरसाइज से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करना चाहिए।

**प्रिकॉशन**
शिखर चंद जैन



सर्दियों में वर्कआउट, मॉर्निंग वॉक आदि करना चाहिए या नहीं, इस बारे में कुछ लोग असमंजस में रहते हैं। वास्तव में इन दिनों व्यायाम करना या न करना कई शारीरिक या वातावरण की स्थिति पर निर्भर करता है। सामान्य स्वस्थ व्यक्तियों के लिए यह जरूरी और फायदेमंद है, लेकिन कुछ विशेष स्वास्थ्य स्थितियों वाले लोगों के लिए यह जोखिम भरा हो सकता है। दरअसल, सर्दियों में सुबह बहुत अधिक ठंड, कोहरा और प्रदूषण भी ज्यादा रहता है। इस वजह से घर के बाहर निकलना हानिकारक हो सकता है। दिक्कत यह है कि एक तरफ शरीर की जकड़न को दूर करने के लिए व्यायाम की आवश्यकता होती है, वहीं शरीर के विभिन्न अंगों पर ज्यादा दबाव नही पड़े इसका ध्यान रखना भी जरूरी होता है।

## इसलिए है फायदेमंद

सर्दी के मौसम में शारीरिक तौर पर सक्रिय रहना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। लेकिन जोड़ों के स्वास्थ्य के लिहाज से ऐसा करना विशेष रूप से लाभकारी होता है। सर्दियों में नियमित व्यायाम, जोड़ों की अकड़न को दूर करने, हड्डियों को मजबूत बनाने, वजन नियंत्रित करने और दर्द से राहत दिलाने में मददगार हो सकता है। चाहे आप घर के अंदर की गतिविधियां पसंद करें या बाहरी गतिविधियों में भाग लें। जरूरी है कि आप नियमित तौर पर व्यायाम करें और अपनी क्षमताओं और रुचियों के अनुसार शारीरिक गतिविधियां चुनें।

## हो सकते हैं कुछ रिस्क

**हृदय पर अतिरिक्त दबावः** 'अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन' के अनुसार, ठंडे तापमान में धमनियां सिकुड़ जाती हैं जिससे रक्तचाप बढ़ जाता है। ऐसे में हैवी एक्सरसाइज, जैसे कि तेज दौड़ना, स्किपिंग आदि दिल पर ज्यादा दबाव डाल सकते हैं, जो हृदय रोगों से ग्रस्त लोगों के लिए दिल के दौरे का कारण बन सकता है।

**श्वसन संबंधी समस्याएंः** ठंडी और शुष्क हवा, फेफड़ों के वायुमार्ग को सिकोड़ सकती है। शोध बताते हैं कि इससे 'एक्सरसाइज-इंड्यूस्ड ब्रोंकोस्पज्म हो सकता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई, खांसी और सीने में जकड़न होती है। साथ ही सर्दियों में 'इनवर्जन' के कारण प्रदूषित हवा जमीन के करीब रहती है। बाहर वर्कआउट करते समय इन बारीक कणों को सांस के जरिए अंदर लेना फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे अस्थमा अटैक हो सकता है।

**हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइटः** यदि आप हैवी वर्कआउट करके पसीने से भीग जाते हैं और वातावरण का तापमान बहुत कम है, तो शरीर की गर्मी तेजी से कम होती है। इससे 'हाइपोथर्मिया' (शरीर का तापमान खतरनाक रूप से गिरना) का खतरा बढ़ जाता है।

**मांसपेशियों में खिंचावः** ठंड में मांसपेशियां अधिक सख्त होती हैं। बिना उचित वॉर्म-अप के एक्सरसाइज करने से लिगामेंट इंजरी और मांसपेशियों में खिंचाव का खतरा बढ़ जाता है।

## सुरक्षित रहने के उपाय

- यदि आप हृदय रोग या अस्थमा से पीड़ित हैं, तो सर्दियों में बाहरी वातावरण में व्यायाम शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह अवश्य कर लें।
- इन दिनों कई लेयर के कपड़े पहनें। पहले पसीना सोखने वाले सिंथेटिक कपड़े पहनें, फिर ऊनी ड्रेस पहनें।
- एक्सरसाइज से पहले घर के अंदर कम से कम 10-15 मिनट वॉर्मअप करें। 5-10 मिनट तक हल्की स्ट्रेचिंग या कार्डियो एक्सरसाइज करें ताकि आपका शरीर सक्रिय हो जाए और मांसपेशियां अधिक हैवी व्यायाम के लिए तैयार हो जाए।
- प्यास न लगने पर भी पानी पिएं, हाइड्रेटेड रहना जरूरी है। ठंडी हवाओं से शरीर में पानी की कमी हो सकती है, इसलिए व्यायाम से पहले, दौरान और बाद में पर्याप्त पानी पीना सुनिश्चित करें।
- नाक से सांस लें, इससे हवा फेफड़ों तक पहुंचने से पहले गर्म और नम हो जाती है।
- हमेशा किसी भी एक्सपर्ट से पहले आप अपने शरीर की सुनें और अगर आपको बहुत ठंड लग रही हो या थकान महसूस हो रही हो तो आराम करें। *

**(फिटनेस ट्रेनर पंकज सिंह से बातचीत पर आधारित)**

सर्दी के मौसम में भी शरीर को पर्याप्त हाइड्रेशन की जरूरत होती है। इसके लिए पानी और अन्य प्रकार के लिक्विड पीते रहना जरूरी है। ऐसा ना करने पर आपको कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। ये प्रॉब्लम्स कौन सी हैं, हाइड्रेशन की कमी के क्या लक्षण हैं और सर्दियों में शरीर को हाइड्रेटेड कैसे रख सकते हैं, आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# सर्दी के मौसम में कम पानी पीना हेल्थ के लिए हो सकता है हार्मफुल







**डॉक्टर्स एडवाइस**
डॉ. सतीश विरमानी
जनरल फिजिशियन
नई दिल्ली

हम में से अधिकतर लोग ठंड के मौसम में आमतौर पर पानी तब पीते हैं, जब हमको प्यास लगती है। लेकिन ऐसा करना हमारी हेल्थ के लिए हार्मफुल हो सकता है! ठंड के मौसम में अधिकतर लोग पानी पीने से दूरी बना लेते हैं और उनकी यह लापरवाही शरीर में पानी की कमी पैदा कर देती है, जिससे दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों का रिस्क बढ़ जाता है।

## बढ़ता है डिहाइड्रेशन का रिस्क

हमें याद रखना चाहिए कि सर्दियों में भी शरीर को उतनी ही पानी की जरूरत होती है, जितनी गर्मियों में होती है। सर्दियों में कम पानी पीने से हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, हाई बीपी जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। सर्दियों में हमारा शरीर हमें प्यास का संकेत तब देता है, जब उसे पानी की कमी महसूस होने लगती है। यही वजह है कि ठंड के मौसम में डिहाइड्रेशन का ज्यादा रिस्क होता है।

## सर्दियों में डिहाइड्रेशन के लक्षण

ठंड के मौसम में जब शरीर में पानी की कमी बढ़ने लगती है, तो इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं।

- त्वचा का बार-बार सूखना या त्वचा पर रूखापन आना।
- होंठ फटना और आंखों में जलन होना।
- यूरीन का रंग सामान्य से गहरा होना।
- बिना किसी अन्य वजह के सिरदर्द और थकान होना।
- नींद पूरी न होना, काम में ध्यान केंद्रित न होने की समस्या।
- मसल्स में खिंचाव और दर्द महसूस होना।
- बालों का अधिक झड़ना।
- बिना कोई श्रम किए थकान महसूस होना।

अगर इनमें से कोई भी लक्षण महसूस हो तो तुरंत पानी, नारियल पानी या फलों का रस पीकर खुद को हाइड्रेट करें।

## गंभीर डिहाइड्रेशन के परिणाम



अगर सर्दी के मौसम में आप बहुत कम पानी पीते हैं तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

**हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोकः** ठंड के मौसम में शरीर में जब पानी की मात्रा बहुत कम हो जाती है तो ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है। इससे दिल और दिमाग तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती, जो गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है। सर्दियों में कम पानी पीने से गंभीर डिहाइड्रेशन होने पर खून गाढ़ा हो जाता है, जिससे हार्ट और किडनी पर दबाव बढ़ता है। ऐसे में ब्लड प्रेशर लो हो सकता है। हार्ट रेट असामान्य हो सकती है और शरीर के सभी अंगों में ऑक्सीजन की कमी हो सकती है। सबसे खतरनाक कंडीशन में ऑर्गन फेल्योर हो सकता है। ऐसे में ट्रीटमेंट न कराए जाने पर धीरे-धीरे सभी अंग काम करना बंद कर सकते हैं।

**किडनी स्टोन और यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शनः** सर्दियों में पर्याप्त पानी न पीने का सीधा असर किडनी और यूरिनरी सिस्टम पर भी पड़ता है। इससे किडनी स्टोन बनने और यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन यानी (यूटीआई) का खतरा बढ़ जाता है। सर्दियों में जब शरीर को पर्याप्त पानी नहीं मिलता, तो यूरीन गाढ़ा हो जाता है। गाढ़े यूरीन में मौजूद मिनरल्स आसानी से बाहर नहीं निकल पाते, जिससे किडनी में पथरी बनने लगती है। वहीं, कम पेशाब होने से बैक्टीरिया यूरिनरी ट्रैक्ट में जमा हो सकते हैं, जिससे यूटीआई का खतरा बढ़ जाता है। किडनी स्टोन के लक्षणों में कमर या पेट के निचले हिस्से में तेज दर्द, पेशाब में जलन, खून आना और मितली या उल्टी की समस्या हो सकती है। वहीं यूटीआई होने पर बार-बार पेशाब आना, पेशाब करते समय जलन, बदबूदार या गाढ़ा यूरीन और फीवर भी हो सकता है।

## सर्दियों में कितना पानी पीना होता है जरूरी



सर्दियों में शरीर को उतने ही पानी की जरूरत होती है, जितनी गर्मियों में होती है। हमारे शरीर का लगभग 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पानी से बना है, जो टॉक्सिन को बाहर निकालने, शरीर का तापमान कंट्रोल में रखने और पाचन को सही रखने में मदद करता है। इसलिए ठंड के मौसम में भी रोज कम से कम 2 से 2.5 लीटर पानी पीना जरूरी होता है।

## ऐसे पूरी करें दैनिक शारीरिक पानी की जरूरत

सर्दियों में सिर्फ पानी के जरिए शरीर को हाइड्रेटेड रखना मुश्किल होता है। इसलिए इस मौसम में हरी सब्जियां और मौसमी फलों को डाइट में शामिल करके भी शरीर को हाइड्रेटेड रखा जा सकता है क्योंकि इनमें पानी की मात्रा अधिक होती है। सर्दियों में गुनगुने पानी के अलावा हर्बल चाय जैसे तुलसी, इलायची, अदरक, लेमन या सौंफ की चाय, हल्दी वाला दूध, गुनगुना नारियल पानी, सब्जियों और फलों का रस या गर्म सूप से भी शरीर को हाइड्रेट रखा जा सकता है। सर्दियों में अगर आप पानी पीना भूल जाते हैं तो मोबाइल में अलार्म या रिमाइंडर लगा सकते हैं। ताजा फल या वेजिटेबल जूस न केवल पोषण देते हैं बल्कि शरीर में जल संतुलन बनाए रखने में भी मदद करते हैं।

सर्दियों में खुद को हाइड्रेटेड रखकर न सिर्फ गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में भी फिट और एक्टिव रहा जा सकता है। इसलिए ठंड के मौसम में भी पानी पीने की आदत को नजरअंदाज न करें और अपनी सेहत का पूरा ध्यान रखें। *

**प्रस्तुतिः ललिता गोयल**

# रेग्युलर फिटनेस रूटीन फॉलो करना सबसे जरूरी है

**फिटनेस फंडा**
अविनेश रेखी

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में भगवान शिव की भूमिका अविनेश रेखी निभा रहे हैं। शो में वे बहुत हेल्दी और फिट दिख रहे हैं। अपनी बॉडी को मेंटेन करने के लिए अविनेश का वर्कआउट और डाइट रूटीन क्या रहता है, वे खुद बता रहे हैं अपनी जुबानी।

**डाइट प्लानः** मेरे लिए डाइट प्लान का मतलब है फ्रेश, न्यूट्रिशस और बैलेंस्ड भोजन करना। निश्चित समय पर घर का बना पौष्टिक आहार खाना ही मेरी प्रायोरिटी होती है। स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने में यह इस तरह की हैबिट बहुत मदद करती है। मैं इसी सोच पर विश्वास करता हूं।

**वर्कआउट रूटीनः** मेरा वर्कआउट रूटीन समय और जरूरत के अनुसार बदलता रहता है। ऑफ डे पर मैं आमतौर पर दिन में दो बार वर्कआउट करता हूं, सुबह कार्डियो और कोर ट्रेनिंग और दोपहर में वेट ट्रेनिंग। लेकिन जब मैं बिजी होता हूं यानी शूटिंग के दिनों में मैं कोशिश करता हूं कि सुबह ही अपना वर्कआउट पूरा कर लूं। अगर शेड्यूल बहुत ज्यादा बिजी हो, तो कम से कम 45 मिनट से 1 घंटे तक वॉकिंग करने जरूर जाता हूं।



**मेंटल हेल्थः** जब भी मुझे तनाव महसूस होता है, मैं प्रेरणादायक विचार पढ़ता हूं। मेरा सोशल सर्कल बहुत बड़ा नहीं है। केवल कुछ करीबी दोस्त और मेरा परिवार ही मेरे क्लोज हैं। उनका प्यार और साथ मुझे खुश, सकारात्मक और प्रेरित बनाए रखता है।

**फिटनेस आइडलः** मेरे फादर मेरे फिटनेस आइडल हैं। उनसे मैंने अनुशासन और निरंतरता का महत्व सीखा है। पिछले 40 वर्षों से ज्यादा समय से उन्होंने कभी भी अपने सही खान-पान और फिटनेस रूटीन को नहीं छोड़ा, यही मेरे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है।

**पाठकों को फिटनेस मंत्रः** मेरा मानना है कि हेल्दी और फिट रहने के लिए एक अच्छा और रेग्युलर फिटनेस रूटीन बहुत जरूरी है। चाहे वह वॉकिंग हो, जॉगिंग, खेलकूद, योगाभ्यास या फिर जिम। सबसे अहम बात है कंटिन्यूटी बनाए रखना। अपने रूटीन को कभी न छोड़ें। इसकें अलावा फ्रेश-हाइजीनिक और हेल्दी भोजन करें। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

**डिजीज**
डॉ. सोनल सिंघल
कंसल्टेंट-गायनेकोलॉजिस्ट
मदरहुड अस्पताल, गुरुग्राम

हमारे गले में मौजूद थायरॉइड ग्रंथि से रिलीज होने वाले हार्मोन में असंतुलन, केवल मेटाबॉलिज्म और ग्रोथ को ही नहीं फर्टिलिटी को भी प्रभावित कर सकता है। इसलिए इस बारे में जानना बहुत जरूरी है।

# थायरॉइड प्रॉब्लम का प्रभाव फर्टिलिटी पर भी पड़ सकता है

अधिकतर लोग मानते हैं कि थायरॉइड की समस्या सिर्फ वजन, थकान या मूड को प्रभावित करती है। जबकि थायरॉइड असंतुलन, पुरुषों और महिलाओं दोनों की फर्टिलिटी को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। जब थायरॉइड ठीक से काम नहीं करता, तो यह शरीर के कई जरूरी हार्मोनों जैसे प्रोलैक्टिन, एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन, इंसुलिन और कॉर्टिसोल के लेवल को भी प्रभावित करता है, जिससे महिलाओं को गर्भधारण में दिक्कत आ सकती है।

**फर्टिलिटी होती है प्रभावितः** थायरॉइड ग्रंथि, शरीर के हार्मोन सिस्टम का अहम हिस्सा है। अगर थायरॉइड हार्मोन कम या ज्यादा हो जाए, तो इसका असर सिर्फ थायरॉइड तक सीमित नहीं रहता। इससे ओव्यूलेशन, पीरियड्स की नियमितता, स्पर्म की गुणवत्ता और कुल फर्टिलिटी प्रभावित होती है। कई बार सही इलाज न मिलने या देर से पहचान होने के कारण थायरॉइड फर्टिलिटी समस्याओं का एक बड़ा कारण बन जाता है। इन हार्मोनल बदलावों के कारण गर्भधारण में देरी, बार-बार गर्भपात, पीरियड्स की अनियमितता, कम स्पर्म काउंट या खराब एंब्रियो क्वालिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कई लोग बाहर से स्वस्थ दिखते हैं, लेकिन अंदर से हार्मोनल गड़बड़ी के कारण कंसीव करने में परेशानी होती है।



**हो सकते हैं ये भी इफेक्ट्सः** थायरॉइड का सीधा असर दिमाग, अंडाशय, वृषण, अग्न्याशय और अन्य कुछ ग्रंथियों पर पड़ता है। जब थायरॉइड का लेवल बिगड़ता है, तो शरीर के अन्य हार्मोनों को गलत संकेत मिलने लगते हैं। सबसे पहले प्रोलैक्टिन हार्मोन प्रभावित होता है। थायरॉइड कम होने पर प्रोलैक्टिन बढ़ सकता है, जिससे महिलाओं में ओव्यूलेशन रुक सकता है और पुरुषों में स्पर्म बनना कम हो सकता है। इससे पीरियड्स अनियमित हो सकते हैं और गर्भधारण में परेशानी आती है।

थायरॉइड असंतुलन से महिला हार्मोन एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन भी प्रभावित होते हैं। इससे पीरियड्स अनियमित होना, ज्यादा ब्लीडिंग, अंडा न बन पाना और प्रेग्नेंसी ठहरने में दिक्कत हो सकती है। इसका असर इंसुलिन पर भी पड़ता है, जिससे ब्लड शुगर बढ़ सकती है और पीसीओएस जैसी समस्या हो सकती है, जो महिलाओं में बांझपन का एक बड़ा कारण है। साथ ही, थायरॉइड की गड़बड़ी से शरीर में तनाव बढ़ता है और कॉर्टिसोल हार्मोन ज्यादा बनने लगता है। ज्यादा तनाव ओव्यूलेशन, अंडों की गुणवत्ता, स्पर्म काउंट और सेक्स ड्राइव को नुकसान पहुंचाता है।

**समय पर जांच-इलाज जरूरीः** अगर समय रहते थायरॉइड की जांच करवा ली जाए और डॉक्टर की सलाह से इलाज किया जाए, तो फर्टिलिटी से जुड़ी कई समस्याओं से बचा जा सकता है। इसके साथ योग और ध्यान करना, रोज 8-9 घंटे की नींद लेना, सही खान-पान और तनाव कम करना थायरॉइड हार्मोन को संतुलन में लाने में मदद करता है। कई बार रिपोर्ट में थायरॉइड 'नॉर्मल' बताया जाता है, लेकिन फर्टिलिटी के लिए सही स्तर थोड़ा अलग हो सकता है। हल्का थायरॉइड असंतुलन भी गर्भधारण और प्रेग्नेंसी को प्रभावित कर सकता है। इसलिए थायरॉइड हेल्थ को नजरअंदाज न करें। *



**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**



## खबर संक्षेप

### दुनिया भर में ठप हुईं एपल की सेवाएं, एप स्टोर डाउन

**नई दिल्ली।** एपल यूजर्स के लिए बुधवार की सुबह मुश्किलों भरी रही क्योंकि भारत समेत दुनिया भर में एपल की कई प्रमुख सेवाएं अचानक ठप हो गईं। रिपोर्ट्स के अनुसार, यूजर्स को एप स्टोर, आईट्यून्स स्टोर और एपल टीवी जैसी सेवाओं को एक्सेस करने में भारी परेशानी हुई, जिससे न तो नए एप डाउनलोड हो पा रहे हैं और न ही कंटेंट खरीदने या स्ट्रीम करने की सुविधा मिल रही है। एपल के 'सिस्टम स्टेटस पेज' के अनुसार, तकनीकी खामियों की शुरुआत भारतीय समयानुसार सुबह 5:18 बजे हुई।



### जापान के पूर्व पीएम के हत्यारों को आजीवन कारावास

**टोक्यो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या करने वाले व्यक्ति को उम्रकैद की सजा मिली है। जापान की एक अदालत ने बुधवार को आबे की हत्या पर सुनवाई के दौरान आरोपी आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 45 वर्षीय तेत्सुया यामागामी ने जुलाई 2022 में पश्चिमी शहर नारा में आबे के चुनावी भाषण के दौरान उनकी हत्या कर दी थी। यामागामी ने आबे के गले में गोली मारी थी, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। इस घटना ने न सिर्फ जापान, बल्कि पूरी दुनिया को झकझोर दिया था।



### रेल मंत्री वैष्णव ने व्यावहारिक डिप्लॉयमेंट पर किया फोकस

# दावोसः आईएमएफ ने भारत को बताया सेकंड टियर 'एआई पावर', भारत ने सुनाई खरी-खरी

*दावोस में चल रहे डब्ल्यूईएफ में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईएमएफ चीफ को करारा जवाब दिया। आईएमएफ चीफ ने भारत की प्रगति पर सवाल उठाए थे, जिस पर वैष्णव ने कहा कि आपकी जानकारी गलत है।*

**केंद्रीय मंत्री ने ये भी कहा- भारतीय कंपनियां बिजनेस ऑपरेशंस समझकर एआई सॉल्यूशंस देती हैं**

**सरकार की भूमिका एआई के डिफ्यूजन को अर्थव्यवस्था में फैलाने पर केंद्रित है**

एजेंसी ⏭ दावोस

21 जनवरी 2026 को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दावोस में इंटरनेशनल मॉनेट्री फंड (आईएमएफ) की चीफ क्रिस्टालिना जॉर्जिएवा के बयान का करारा जवाब दिया है। आईएमएफ प्रमुख ने भारत को सेकंड-टीयर एआई पावर बताया था, लेकिन वैष्णव ने इसे सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि भारत फर्स्ट ग्रुप में है। यह बात वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) दावोस 2026 के एक पैनल डिस्कशन में हुई, जहां एआई के वैश्विक प्रभाव पर चर्चा हो रही थी। वैष्णव ने आगे कहा, 'रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट (आरओआई) बहुत बड़े मॉडल बनाने से नहीं आता। 95% काम 20-50 बिलियन पैरामीटर वाले मॉडल से हो जाता है।

- दुनिया की तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में इस प्रगति को जोड़ रहा भारत

भारत ऐसे कई मॉडल बना चुका है और विभिन्न सेक्टरों में डिप्लॉय कर रहा है, जिससे प्रोडक्टिविटी, एफिशिएंसी और टेक्नोलॉजी का बेहतर इस्तेमाल हो रहा है। अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'एप्लिकेशन लेयर में भारत दुनिया को सबसे बड़ा सर्विस प्रोवाइडर बनेगा. एंटरप्राइज के बिजनेस को समझकर एआई एप्लिकेशन से सर्विस देगा, यहीं से सबसे ज्यादा आरओआई आएगा।

भारत का फोकस एआई को बड़े पैमाने पर डिफ्यूज (फैलाने) पर है, न कि सिर्फ स्केल पर। वैष्णव ने व्यावहारिक डिप्लॉयमेंट पर फोकस किया, जहां भारतीय कंपनियां बिजनेस ऑपरेशंस समझकर एआई सॉल्यूशंस देती हैं।

### आईएमएफ चीफ ने कहा भारत एआई में डेनमार्क से पीछे



क्रिस्टालिना जॉर्जिएवा ने पैनल में कहा था कि अमेरिका, डेनमार्क और सिंगापुर जैसे देश एआई में टॉप ग्रुप में हैं। भारत को उन्होंने दूसरे ग्रुप में रखा, यानी सेकंड-टीयर एआई पावर। उन्होंने भारत की आईटी पर लंबे समय से निवेश की तारीफ की, लेकिन कहा कि एआई में भारत अभी आगे नहीं है। बाद में उन्हे लगा होगा कि भारत के बारे में जो कहा कि वो शायद सही नहीं था।

### वैष्णव बोले- एआई टैलेंट में भारत का दुनिया में है तीसरा स्थान



वैष्णव ने सीधे आईएमएफ चीफ को संबोधित करते हुए कहा, 'मुझे नहीं पता आईएमएफ का क्राइटेरिया क्या है, लेकिन स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने भारत को एआई पेनेट्रेशन, एआई प्रीप्रेडनेस और एआई टैलेंट में दुनिया में तीसरा स्थान दिया है। एआई टैलेंट में तो दूसरा स्थान है। इसलिए आपका सेकंड-टीयर क्लासिफिकेशन सही नहीं है। भारत क्लियरली फर्स्ट ग्रुप में है।

### भारत को पहले ग्रुप में रखने पर जोर

*वैष्णव ने भारत को पहले ग्रुप में रखने पर जोर दिया। स्टैनफोर्ड की 2025 एआई इंडेक्स और ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार भारत एआई वाइब्रेंसी में तीसरे स्थान पर है। इसका स्कोर 21.59 है। पहले नंबर पर अमेरिका का स्कोर 78.6 है और दूसरे नंबर पर मौजूद चीन का स्कोर 36.95 है. रिपोर्ट में भारत को एआई टैलेंट एक्विजिशन में विश्व में नंबर 1 बताया गया है, जहां 2024 में हायरिंग ग्रोथ 33.4 फीसदी रही।*

#### भारत एआई के पांचों लेयर पर प्रगति कर रहा

एआई आर्किटेक्चर में पांच लेयर हैं जिसमें एप्लिकेशन लेयर, मॉडल लेयर, चिप लेयर, इंफ्रा लेयर और एनर्जी लेयर. भारत इन सभी पांचों में अच्छी प्रगति कर रहा है। स्टैनफोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत एआई पेनेट्रेशन, प्रीपेरडनेश और टैलेंट में टॉप-3 में है। टैलेंट में नंबर-2 पर है। भारत सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम बना रहा है, जिसमें डिजाइन, फैब्रिकेशन, पैकेजिंग, मटेरियल्स और इक्विपमेंट शामिल हैं। गूगल जैसे बड़े प्लेयर्स भारत में एआई डेटा सेंटर बढ़ा रहे हैं और भारतीय स्टार्टअप्स से गहरी पार्टनरशिप कर रहे हैं।

### भारत ने रूस से घटाई तेल की खरीदारी

# 15,000 किमी दूर गुयाना से दो साल बाद खरीदा क्रूड ऑयल



फाइल फोटो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाया है। इससे भारतीय कंपनियों ने अब रूस से खरीदारी कम कर दी है और तेजी से नए स्रोत तलाश रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने दो साल बाद गुयाना से कच्चे तेल का पहला शिपमेंट लिया है।

जनवरी में सऊदी अरब से आयात में लगभग एक तिहाई की बढ़ोतरी की गई है। ग्लोबल रियल-टाइम डेटा और एनालिटिक्स प्रोवाइडर केप्लर के अनुसार जनवरी के पहले पखवाड़े में भारतीय रिफाइनरियों ने गुयाना से रोजाना 297,000 बैरल प्रति दिन कच्चा तेल खरीदा। गुयाना तेजी से एक नया वैश्विक तेल उत्पादक बनकर उभर रहा है। वहां तेल के बड़े भंडार मिले हैं और उत्पादन भी तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, लंबी शिपिंग दूरी के कारण गुयाना भारत के लिए तेल का पसंदीदा स्रोत नहीं रहा है।

#### भारत तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता

*लेकिन रूस से तेल की आपूर्ति कम होने के कारण, भारतीय रिफाइनरियां अब गुयाना को एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में देख रही हैं। इस महीने भारत में तेल की मजबूत मांग को देखते हुए पश्चिम एशिया के सऊदी अरब और इराक से तथा अफ्रीका के नाइजीरिया और अंगोला से भी कच्चे तेल का आयात बढ़ा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है। वहीं, सऊदी अरब से रोजाना आयात 36% बढ़कर लगभग 954,000 बैरल तक पहुंच गया। नाइजीरिया से आपूर्ति पिछले महीने की तुलना में लगभग दोगुनी होकर लगभग 305,000 बैरल हो गई जबकि अंगोला से आयात लगभग तीन गुना बढ़कर लगभग 195,000 बैरल हो गया।*

#### रूस भारत का सबसे बड़ा क्रूड सप्लायर

हालांकि रूस अब भी भारत का सबसे बड़ा क्रूड सप्लायर बना हुआ है। जनवरी के पहले पखवाड़े में रूस से रोजाना लगभग 1.179 मिलियन बैरल तेल आया जो पिछले महीने की तुलना में लगभग 3 प्रतिशत कम है। यह 2025 के औसत से लगभग 30% कम है। केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक इराक से आयात 18 प्रतिशत बढ़कर रोजाना लगभग 1.071 मिलियन बैरल हो गया।

## तालाब में गिरा ट्रेनी विमान, पायलट सुरक्षित



*प्रयागराज। भारतीय वायु सेना का एक टू-सीटर माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट तकनीकी खराबी के कारण अनियंत्रित हो गया। केपी कॉलेज के पीछे जलकुंभी से भरे एक तालाब में इसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों पायलट को तालाब से सुरक्षित निकाला गया। इसे ग्रुप कैप्टन जेके पांडेय और ग्रुप कैप्टन प्रवीण अग्रवाल संचालित कर रहे थे। फाफामऊ में पड़िला एयर फील्ड के बाद संगम का चक्कर लगाकर यह विमान एयरफोर्स स्टेशन लौट रहा था, तभी उसके इंजन में तकनीकी खामी आ गई।*

### ट्रंप के गाजा बोर्ड ऑफ पीस में शामिल हुआ इजराइल, पहले कर दिया था इनकार

एजेंसी ⏭ तेलअवीव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सख्त रुख के आगे आखिरकार इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को झुकना पड़ा है। नेतन्याहू ने गाजा बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने का ट्रंप का न्योता स्वीकार कर लिया है। इजराइल अब गाजा बोर्ड ऑफ पीस का संस्थापक सदस्य होगा। इजराइली पीएम के कार्यालय ने बुधवार को इस फैसले का ऐलान किया। इससे पहले इजराइल ने तुर्की, कतर और पाकिस्तान को शामिल किए जाने का विरोध किया था।

## कैमरे लगाते समय की गोलीबारी, भारत ने दिया मुंहतोड़ जवाब

एजेंसी ⏭ जम्मू

उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में 20-21 जनवरी की रात भारत और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच गोलीबारी हुई। रक्षा सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह झड़प तब हुई जब 6 राष्ट्रीय राइफल्स के सैनिक केरन बाला इलाके में सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और लाइन ऑफ कंट्रोल के साथ ब्लाइंड स्पॉट को खत्म करने के लिए हाई-टेक सर्विलांस कैमरे लगा रहे थे। पाकिस्तानी सैनिकों की गोलीबारी का भारतीय जवानों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तानी सैनिकों ने इंस्टॉलेशन को रोकने के लिए छोटे हथियारों से दो राउंड फायरिंग की, जिसके जवाब में भारतीय पक्ष से एक, सोच-समझकर जवाबी गोली चलाई गई। हालांकि दोनों तरफ से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन भारतीय सेना ने घने जंगल वाले इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया है, क्योंकि उन्हें शक है कि आग का इस्तेमाल घुसपैठ की कोशिश से ध्यान भटकाने के लिए किया गया हो सकता है।






### इजराइल ने शुरू की बनेई मेनाशे समुदाय की स्क्रीनिंग

# तैयारी तेजः भारत से 3300 यहूदी वापस इजराइल जाएंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मंजूरी के बाद, भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में रहने वाले 'बनेई मेनाशे' समुदाय को इजराइल ले जाने की प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। दिसंबर की शुरुआत में मिजोरम की राजधानी आइजोल में आयोजित एक विशेष शिविर के दौरान लगभग 3,300 आवेदकों के इंटरव्यू लिए गए। यह प्रक्रिया दो मुख्य कारणों से ऐतिहासिक मानी जा रही है। एक दशक के अंतराल के बाद आयोजित यह स्क्रीनिंग इस बार किसी निजी संस्था के बजाय सीधे इजरायल सरकार के 'अलियाह और एब्जॉर्प्शन मंत्रालय' द्वारा संचालित की गई। 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर-जनरल ने किया, जिसमें 'डेयानिम' (रैबिनिकल जज) भी शामिल थे। इससे पहले यह कार्य 'शावेई इजरायल' नामक निजी संगठन द्वारा किया जाता था। सुरक्षा के मद्देनजर मिजोरम पुलिस ने इस उच्च स्तरीय दल को सुरक्षा प्रदान की।



फाइल फोटो

#### हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से आइजोल पहुंचे लोग

आवेदकों में मणिपुर के चुराचांदपुर से आए कुकी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से आइजोल पहुंचने के लिए आवेदकों ने 10 घंटे की जोखिम भरी यात्रा तय की। बनेई मेनाशे समुदाय खुद को इजरायल की खोई हुई जनजातियों का वंशज मानता है। 2005 में इजरायल के मुख्य रब्बी द्वारा इन्हें इजरायल का बीज स्वीकार किए जाने के बाद से ही इनके माइग्रेशन का रास्ता खुला था।

### अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो समझौते की कर चुके हैं तारीफ

### वैश्विक उथल-पुथल की आशंका, रणनीतिक द्वीपों पर ट्रंप ने लिया यू-टर्न

# ट्रंप का बड़ा बयानः दीएगो गार्सिया समझौते को बताया 'मूर्खता', ग्रीनलैंड पर दावे को दे दी हवा

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संधियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए एक बार फिर दुनिया भर में हलचल पैदा कर दी है। ट्रंप ने हिंद महासागर में स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण दीएगो गार्सिया द्वीप को मॉरीशस को सौंपने की योजना की तीखी आलोचना की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर ब्रिटेन के इस कदम को ₹पूर्ण कमजोरी₹ और बड़ी मूर्खता करार दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा कि ब्रिटेन जैसा नाटो सहयोगी एक महत्वपूर्ण अमेरिकी सैन्य अड्डे (दीएगो गार्सिया) वाले क्षेत्र को बिना किसी ठोस कारण के मॉरीशस को सौंपने जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी



कि रूस और चीन जैसे देश अमेरिका की इस कमजोरी पर नजर बनाए हुए हैं। बता दें कि दीएगो गार्सिया चागोस द्वीप समूह का सबसे बड़ा द्वीप है, जहाँ 1960 के दशक से अमेरिका और ब्रिटेन का संयुक्त सैन्य अड्डा है। यह मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया में अमेरिकी सैन्य अभियानों के लिए रीढ़ की हड्डी माना जाता है। मई 2025 में हुए समझौते के तहत ब्रिटेन चागोस की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपने पर सहमत हुआ था। इसके बदले में ब्रिटेन को दीएगो गार्सिया पर 99 साल की लीज मिली है, जिसके लिए वह मॉरीशस को सालाना 13.6 करोड़ डॉलर देगा। वहीं ब्रिटिश सरकार ने ट्रंप की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि यह समझौता सैन्य अड्डे की सुरक्षा और कानूनी चुनौतियों को समाप्त करने के लिए अनिवार्य था। ट्रंप ने न केवल दीएगो गार्सिया और ग्रीनलैंड, बल्कि कनाडा और वेनेजुएला को भी अमेरिकी प्रभाव क्षेत्र का हिस्सा बताया है। जानकारों का मानना है कि ट्रंप का यह रवैया अंतरराष्ट्रीय संधियों के प्रति उनके अविश्वास को दर्शाता है, जिससे वैश्विक राजनीति में आने वाले समय में बड़ा टकराव देखने को मिल सकता है।

# मर्दों के स्पर्म में सेंध लगा रहा ये साइलेंट किलर! अगली पीढ़ी पर खतरा

अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया रिवरसाइड की इस स्टडी में पाया गया कि अगर पिता माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क में आता है, तो उसके बच्चों में आगे चलकर डायबिटीज जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। यह असर गर्भ ठहरने से पहले ही शुरू हो जाता है।

**न्यूयार्क।** यह रिसर्च काफी चौंकाने वाली इसलिए है, क्योंकि अब तक ज्यादातर ध्यान मां की सेहत पर दिया जाता था। इस बार वैज्ञानिकों ने पिता के शरीर पर पड़े असर को समझने की कोशिश की है और नतीजे काफी गंभीर निकले हैं। माइक्रोप्लास्टिक बहुत छोटे-छोटे प्लास्टिक के कण होते हैं। इनका आकार 5 मिलीमीटर से भी कम होता है। ये प्लास्टिक की बोतल, पैकेजिंग, कपड़े और दूसरे रोजमर्रा के सामान के टूटने से बनते हैं। ये कण हवा, पानी और खाने के जरिए शरीर में पहुंच जाते हैं। पहले ही ये इंसानी शरीर के कई हिस्सों, यहां तक कि प्रजनन अंगों में भी मिल चुके हैं।

## बच्चों में आगे चलकर डायबिटीज जैसी बीमारियों का खतरा

### कैसे हुई यह रिसर्च

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों ने इस रिसर्च को चूहों पर किया। देखा गया कि जिन नर चूहों को माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क में रखा गया, उनके बच्चों की सेहत पर क्या असर पड़ा। यह रिसर्च जर्नल ऑफ द एंडोक्राइन सोसाइटी में प्रकाशित हुई है। इसे इस तरह की पहली स्टडी माना जा रहा है।



### इंसानों के लिए क्या मतलब

रिसर्च के लीड वैज्ञानिक प्रोफेसर चांगचेंग झोउ का कहना है, यह असर सिर्फ उसी व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता जो माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क में आता है। इसका असर बच्चों तक भी पहुंच सकता है। उन्हें आगे चलकर गंभीर बीमारियों की ओर धकेल सकता है। उन्होंने कहा कि जो पुरुष भविष्य में पिता बनने की योजना बना रहे हैं, उन्हें माइक्रोप्लास्टिक जैसी हानिकारक चीजों से दूरी बनानी चाहिए। बता दें, फिलहाल यह स्टडी चूहों पर की गई है, लेकिन वैज्ञानिक मानते हैं कि इसके नतीजे इंसानों के लिए भी अहम हो सकते हैं। आगे की रिसर्च में यह देखा जाएगा कि अगर मां माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क में आए तो क्या असर होता है। क्या इन खतरों को किसी तरह कम किया जा सकता है। यह रिसर्च पर्यावरण और सेहत के रिश्ते को समझने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

### बच्चों पर क्या असर दिखा

वैज्ञानिकों ने चूहों की अगली पीढ़ी यानी बच्चों को हाई फैट डाइट दी ताकि छुपे हुए असर साफ नजर आ सकें। इस दौरान देखा गया कि जिन बच्चों के पिता माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क में थे ,उनमें मेटाबॉलिक बीमारियों का खतरा ज्यादा था। इन बीमारियों में बढ़ा हुआ ब्लड शुगर, मोटापा और डायबिटीज जैसी समस्याएं शामिल हैं। बता दें कि इस स्टडी में सबसे हैरान करने वाली बात यह थी कि असर बेटों और बेटियों पर अलग-अलग दिखा. जिन मादा बच्चों के पिता माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क में थे उनमें डायबिटीज जैसे लक्षण साफ नजर आए। उनके लीवर में ऐसे जीन ज्यादा एक्टिव पाए गए जो सूजन और डायबिटीज से जुड़े होते हैं।

## पहली संक्रांति पर दामाद को परोसे 158 पकवान

**नई दिल्ली।** संक्रांति सिर्फ फसल का त्योहार नहीं, बल्कि रिश्तों और परंपराओं का उत्सव भी है। आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के तेनाली से सामने आई एक कहानी ने यही बात साबित कर दी, जहां एक परिवार ने अपने दामाद की पहली संक्रांति को इतना खास बना दिया कि पूरा देश हैरान रह गया। आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के तेनाली कस्बे का एक परिवार इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। वजह है, संक्रांति के मौके पर अपने दामाद के लिए तैयार किया गया 158 व्यंजनों का भव्य भोज। एक रिपोर्ट के अनुसार, वंदनापु मुरलीकृष्ण और उनकी पत्नी ने यह खास आयोजन अपनी बेटी मौनिका और दामाद श्रीदत्त के लिए किया। श्रीदत्त मूल रूप से गोदावरी जिले के राजामहेंद्रवरम से हैं। यह उनकी शादी के बाद पहली संक्रांति थी, जिसे परिवार ने बेहद खास अंदाज़ में मनाने का फैसला किया। आंध्र प्रदेश में पहली संक्रांति का विशेष महत्व होता है, खासकर जब दामाद पहली बार ससुराल आता है। इसे सम्मान, अपनापन और प्रेम दिखाने का अवसर माना जाता है। इस भव्य भोज में पारंपरिक संक्रांति व्यंजनों की भरमार थी। इसमें मुरुक्कू, चेक्कलु और गारेलु जैसे नमकीन शामिल थे। वहीं, गुड़ से बनी मिठाइयों में अरिसेलु, बोब्बटलु, सुन्नुंडलु और कज्जिकायालु परोसे गए। इसके अलावा शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के व्यंजन भी तैयार किए गए, चावल की कई किस्में, मसालेदार करी और तरह-तरह के साइड डिशेज़ ने इस दावत को और भी खास बना दिया। इस आयोजन का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर सामने आया, देखते ही देखते वायरल हो गया। वीडियो ने परंपरा, प्यार और भव्यता को लेकर बहस भी छेड़ दी। आंध्र प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लोकेश नारा ने भी इस वीडियो पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि संक्रांति सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि आंध्र के घरों में एक भावना है। दामाद के लिए 158 व्यंजन हमारी परंपरा, प्रेम और मेहमाननवाज़ी को दर्शाते हैं।



# धरती का वो खामोश कोना, जहां इंसानों से ज्यादा पास है अंतरिक्ष

पॉइंट नीमो धरती की सबसे सुनसान जगह मानी जाती है। यह समुद्र के बीचों-बीच है। यहां से चारों तरफ जमीन हजारों किलोमीटर दूर है। यहां न तो जहाज आते-जाते हैं न ऊपर से हवाई जहाज गुजरते हैं। न ही समुद्र में ज्यादा जीवन मिलता है।



**वॉशिंगटन।** यही जगह सैटेलाइट डेब्रिस भी है और कई रहस्यमयी घटनाओं से भी जुड़ी रही है। धरती पर कई ऐसी जगहें हैं जहां इंसान बहुत कम पहुंच पाता है। पॉइंट नीमो को दुनिया की सबसे अलग-थलग जगह माना जाता है। यह जगह दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित है। इसका सटीक स्थान 48 डिग्री 52.6 मिनट दक्षिण अक्षांश और 123 डिग्री 23.6 मिनट पश्चिम देशांतर पर है। यहां से चारों दिशाओं में सबसे नजदीकी जमीन करीब 2,700 किलोमीटर दूर है। इसी वजह से इसे पोल ऑफ इनऐक्सेसिबिलिटी कहा जाता है। दिलचस्प बात यह है कि पॉइंट नीमो को किसी नाविक या खोजी ने नहीं ढूंढा। साल 1992 में क्रोएशियाई-कनाडाई सर्वे इंजीनियर हरवोए लुकाटेला ने कंप्यूटर की मदद से इसकी पहचान की है।

### धरती की 'स्पेस कब्रगाह'

पॉइंट नीमो का खास इस्तेमाल भी होता है। इसकी ऐसी जगह पर स्थिति के कारण अंतरिक्ष एजेंसियां पुराने और खराब हो चुके अंतरिक्ष यानों को यहीं समुद्र में गिराती हैं। इसे आधिकारिक तौर पर ऑर्बिटल ग्रेवयार्ड कहा जाता है। अब तक 300 से ज्यादा अंतरिक्ष यान यहां खत्म किए जा चुके हैं। साल 2001 में सोवियत स्पेस स्टेशन मीर को भी यहीं गिराया गया था। नासा और उसके साथी देश भविष्य में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को भी करीब 2031 में यहीं उतारने की योजना बना रहे हैं।

### सबसे नजदीकी जमीन इतनी दूर

अगर कोई इंसान किसी तरह पॉइंट नीमो पर समुद्र में तैर रहा हो तो भी उसे जमीन तक पहुंचने के लिए करीब 2,700 किलोमीटर का सफर तय करना होगा। पास की जमीनों में पिटकेर्न द्वीप का ड्यूसी आइलैंड, अंटार्कटिका के पास माहेर आइलैंड और ईस्टर आइलैंड के पास मोटू नुई शामिल हैं। जहां लोग रहते हैं वहां पहुंचने के लिए या तो न्यूजीलैंड की चैथम आइलैंड्स जाना होगा। साथ ही चिली की ओर लंबा सफर करना पड़ेगा।

### द ब्लूप नाम की आवाज

पॉइंट नीमो एक बड़े रहस्य से भी जुड़ा है। साल 1997 में समुद्र के अंदर लगे माइक्रोफोन ने यहां से एक बेहद तेज और अजीब आवाज रिकॉर्ड की थी। इस आवाज को द ब्लूप नाम दिया गया। यह ताकतवर हजारों किलोमीटर दूर तक सुनी गई थी। कई सालों तक सिर्फ लोग कयास लगाते रहे कि ये किसी विशाल समुद्री जीव की आवाज है। वैज्ञानिकों ने साफ किया कि यह आवाज एक बड़े हिमखंड के टूटने और पिघलने से पैदा हुई थी, जिसे आइसक्वेक कहा जाता है।

### यहां भी पहुंच गया प्लास्टिक

इतनी दूर और खाली जगह होने के बावजूद पॉइंट नीमो भी इंसानी गंदगी से बच नहीं सका। साल 2017-18 की वोल्वो ओशन रेस के दौरान वैज्ञानिकों ने यहां पानी के सैम्पल्स लिए थे। जांच में पता चला कि पानी में 9 से 26 छोटे प्लास्टिक कण मौजूद थे। इससे साफ है कि प्लास्टिक प्रदूषण धरती की सबसे दूर जगह तक पहुंच चुका है।

## चारों ओर पानी और हरी घास फिर भी क्यों मर रही हजारों गायें!

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में एक ऐसी भयावह और हैरान कर देने वाली त्रासदी सामने आई है, जिसने न सिर्फ किसानों बल्कि पूरी दुनिया को सोचने पर मजबूर कर दिया है। चारों तरफ ताजा पानी, हरी-भरी घास और खुला आसमान होने के बावजूद हजारों गायें भूख और प्यास से दम तोड़ रही हैं। यह दर्दनाक स्थिति उत्तर-पश्चिम क्वींसलैंड के आउटबैक इलाके में देखने को मिल रही है। लगातार बारिश के कारण विशाल मैदानी इलाके डूब चुके हैं और जगह-जगह छोटे-छोटे टापू जैसे हिस्से बन गए हैं। इन्हीं टापुओं पर फंसे हुए हजारों मवेशी चारों ओर से ताजे बारिश के पानी से घिरे हुए हैं, लेकिन वे पानी में उतरने से डर रहे हैं। उनके सामने घास उग रही है, लेकिन बीच में पानी होने के कारण वे वहां तक जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहे। स्थानीय पशुपालक एंगस प्रॉपस्टिंग का कहना है, यह सुनने में बिल्कुल बेतुका लगता है, लेकिन सच यही है कि गायें पानी से घिरी होने के बावजूद प्यास से मर रही हैं। उनका कहना है कि मवेशी इतने डर और सदमे में हैं कि वे अपने छोटे से टापू को छोड़ने को तैयार नहीं हैं।



### डर, सदमा और मानसिक टूटन

किसानों के मुताबिक, यह सिर्फ शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक संकट भी है। मवेशी कई दिनों से पानी और कीचड़ में खड़े हैं। उनका शरीर कमजोर हो चुका है और मानसिक रूप से वे पूरी तरह टूट चुके हैं। एक अन्य पशुपालक गाइ कीट्स कहते हैं, हम रोज़ बछड़ों को मरते देख रहे हैं। यह सब बहुत थका देने वाला और अंदर से तोड़ देने वाला है।

## वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन जर्नी को देख खुली रह जाएंगी आंखें

**नई दिल्ली।** कभी शीशे के सामने खड़े होकर खुद से नजरें चुराना, कभी कैमरे से भागना और फिर एक दिन वही कैमरा अपनी कहानी सुनाने लगे। इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहा यह वीडियो सिर्फ एक महिला के वजन घटाने की कहानी नहीं, बल्कि उस हौसले की दास्तान है, जो टूटने के बाद भी खुद को फिर से तराश लेता है। यह ट्रांसफॉर्मेशन किसी 'जादू' का नतीजा नहीं, बल्कि सब्र, पसीने और खुद से किए गए एक वादे की मिसाल है, जो आज लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बन चुकी है। सोशल मीडिया की चकाचौंध में हर दिन कोई न कोई वीडियो वायरल होता रहता है, लेकिन कुछ वीडियो दिल को छू जाते हैं। वीडियो के कैप्शन में महिला लिखती हैं कि 'मेरी जर्नी एक अनएक्सपेक्टेड डिस्कवरी की वजह से बदल गई।' वीडियो की शुरुआत किसी फिल्मी सीन जैसी नहीं, बल्कि एक आम महिला की आम जिंदगी से होती है।..जहां थकान, वजन और खुद से शिकायतें थीं. यही वजह है कि लोग इस वीडियो से खुद को जोड़ पा रहे हैं। यह कोई जादुई ट्रिक नहीं, बल्कि धीरे-धीरे बदली गई । डेली रुटिन एक अच्छी दिनचर्या, खान-पान और सोच की कहानी है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, हेल्दी वेट लॉस एक लंबी प्रक्रिया है। इसमें 3 से 6 महीने नहीं, बल्कि कई बार 1 साल या उससे ज्यादा समय लग सकता है। इस जर्नी में रेगुलर वर्कआउट, बैलेंस्ड डाइट, नींद और मेंटल हेल्थ का ख्याल जरूरी होता है।

## स्पेस में अगर पैदा हो बच्चा तो कैसा होगा उसका शरीर

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष में लगभग न के बराबर ग्रेविटी होती है, जिसे माइक्रो ग्रेविटी कहा जाता है। पृथ्वी पर ग्रेविटी हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाती है।

स्पेस में पैदा होने वाले बच्चे को यह प्राकृतिक दबाव नहीं मिलेगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक, ऐसे बच्चों की हड्डियां कम घनी और मांसपेशियां कमजोर रह सकती हैं। उन्हें वह मैकेनिकल स्ट्रेस नहीं मिलेगा जो कंकाल प्रणाली के सही विकास के लिए जरूरी होता है। यही वजह है कि उनका शरीर देखने में दुबला और शारीरिक रूप से कमजोर हो सकता है।



### पृथ्वी पर वापसी होगी सबसे बड़ी चुनौती

वैज्ञानिकों के अनुसार, अंतरिक्ष में पैदा हुआ बच्चा कम ग्रेविटी वाले माहौल के लिए तो अनुकूल हो सकता है, लेकिन पृथ्वी पर लौटना उसके लिए बेहद मुश्किल होगा। यहां की मजबूत ग्रेविटी उसके दिल, हड्डियों और मांसपेशियों पर भारी पड़ सकती है। इससे चलने-फिरने में दर्द और कमजोरी महसूस हो सकती है। कुल मिलाकर, ऐसा बच्चा न तो एलियन होगा और न ही सुपरह्यूमन। वह बस जैविक रूप से अलग होगा एक ऐसा इंसान, जो अंतरिक्ष के लिए ढला हुआ होगा, लेकिन धरती के लिए नहीं।

### शरीर के तरल पदार्थ और दिमाग पर असर

माइक्रो ग्रेविटी में शरीर के अंदर खून और अन्य तरल पदार्थ समान रूप से नहीं बंटते। अधिकतर तरल ऊपरी शरीर और सिर की तरफ चला जाता है। अगर बच्चा अंतरिक्ष में पैदा होता है, तो उसका चेहरा फूला हुआ हो सकता है और खोपड़ी के अंदर दबाव में बदलाव आ सकता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि इसका असर मस्तिष्क के विकास और आंखों की रोशनी पर भी पड़ सकता है। लंबे समय तक ऐसा माहौल बच्चे के न्यूरोलॉजिकल विकास को प्रभावित कर सकता है, जो पृथ्वी पर जन्मे बच्चों से अलग होगा।

### लंबा शरीर, कमजोर इम्यूनिटी और रेडिएशन का खतरा

अंतरिक्ष में रीढ़ की हड्डी पर गुरुत्वाकर्षण का दबाव नहीं होता, इसलिए वहां पैदा हुआ बच्चा सामान्य से थोड़ा लंबा हो सकता है। वहीं, अत्यधिक साफ और रोगाणु-रहित माहौल इम्यून सिस्टम के विकास में रुकावट डाल सकता है। इससे बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर रह सकती है। इसके अलावा, अंतरिक्ष में कॉस्मिक रेडिएशन का खतरा ज्यादा होता है। लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने से डीएनए में म्यूटेशन हो सकता है। ये बदलाव एलियन शक्तियां नहीं देंगे, लेकिन स्वास्थ्य जोखिम जरूर बढ़ा सकते हैं।

## बिक गई दुनिया की सबसे महंगी जमीन, 9 लाख 16 हजार एकड़ बड़ा प्लॉट

**न्यूयार्क।** भारत में लोग प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करना बहुत पसंद करते हैं। जिसकी जैसी हैसियत, उसके हिसाब से प्लॉट खरीदते हैं। अब दुनिया में जमीन खरीदने की सबसे चर्चित डील अब सामने आई है। इसे अभी तक के सबसे बड़े प्लॉट की बिक्री माना जा रहा है। ये डील हुई अमेरिका के वायोमिंग राज्य में स्थित पैथफाइंडर रैंचेज़ की. यह विशाल संपत्ति हाल ही में बिक गई है। इसका कुल क्षेत्रफल करीब 916,000 एकड़ है, जो न्यूयॉर्क सिटी से चार गुना बड़ा और रोड आइलैंड राज्य से भी अधिक है। इस रैंच की लिस्टिंग प्राइस 79.5 मिलियन डॉलर (लगभग 670 करोड़ रुपए) थी और डील 14 जनवरी 2026 को फाइनल हो गई। यह रैंच रॉकी माउंटेंस में चार काउंटियों में फैला हुआ है और राज्य के कुल क्षेत्रफल का 1% से ज्यादा कवर करता है। इसमें 20 मील से अधिक स्वीटवॉटर नदी, पेड्रो, फेरिस, सेमिनो और ग्रीन माउंटेन रेंज के हिस्से शामिल हैं। ऐतिहासिक इंडिपेंडेंस रॉक भी यहीं है, जो ओरेगन, मोर्मन, पोनी एक्सप्रेस और कैलिफोर्निया ट्रेल्स पर स्थित है। यह एक वर्किंग कैटल रैंच है, जहां 90,000 से ज्यादा मवेशी रखे जा सकते हैं। कई महीनों तक खरीदार की पहचान रहस्य बनी रही। लोग सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अफवाहें फैला रहे थे, लेकिन अब खुलासा हो गया है कि खरीदार क्रिस्टोफर रॉबिन्सन हैं। वे समिट काउंटी काउंसिल के सदस्य और एनसाइन ग्रुप एलसी के सीईओ हैं। उनकी फैमिली कंपनी पहले से ही यूटा, इडाहो और वायोमिंग में 10 लाख एकड़ से ज्यादा प्राइवेट और पब्लिक लैंड कंट्रोल करती है। एनसाइन रैंचेज़ के नाम से जानी जाने वाली यह होल्डिंग अब पैथफाइंडर रैंच के साथ और बढ़ गई है।

### बेहद अमीर है खरीदार

इस डील से पहले रॉबिन्सन और उनकी फैमिली की होल्डिंग लैंड रिपोर्ट मैगज़ीन की टॉप 100 लैंडओनर्स लिस्ट में 31वें नंबर पर थी। पैथफाइंडर रैंच जोड़ने के बाद उनकी कुल ज़मीन 4.70 लाख एकड़ से ज्यादा हो सकती है, जिससे वे लिस्ट में 10 पोजीशन ऊपर चढ़ जाएंगे और अमेज़न फाउंडर जेफ बेजोस (4.62 लाख एकड़) को पीछे छोड़ देंगे। रॉबिन्सन ने कहा है कि यह खरीद सिर्फ रैंकिंग या स्केल के लिए नहीं।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है - सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसाई सिक्युरिटी सर्विस, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291 (रायपुर /03/फरवरी 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 8515825081 9083218330

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 6116

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 | | 6 | 7 |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| | ■ | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | ■ | |
| 14 | | | | ■ | ■ | 15 | ■ | 16 | 17 | |
| | ■ | | ■ | 18 | | | 19 | ■ | | ■ |
| 20 | 21 | | 22 | | ■ | 23 | | 24 | | 25 |
| ■ | | ■ | 26 | | | | ■ | | ■ | |
| 27 | | 28 | ■ | | ■ | ■ | 29 | | | |
| | ■ | 30 | 31 | ■ | 32 | | | | ■ | |
| 33 | 34 | ■ | 35 | | | ■ | | ■ | 36 | |
| 37 | | | | ■ | 38 | | | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 6115 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | ■ | टा | ■ | द | वा | खा | ना |
| ■ | क्ष्य | ■ | व | ■ | ल | क | वा | ■ | र | ज |
| ज | ■ | ■ | कु | सु | म | ■ | त | ■ | ■ | नी |
| ब | द | मा | श | ■ | टो | ना | ■ | सौ | त | न |
| र | ■ | हि | ■ | फा | ल | ■ | प्रा | ■ | न | ■ |
| न | ग | र | वा | सी | ■ | ग | ण | ना | य | क |
| ■ | र | ■ | द | ■ | मा | ली | ■ | पा | ■ | ल |
| अ | ल | ग | ■ | म | न | ■ | चौ | की | दा | र |
| प | ■ | ■ | चि | ■ | सि | स | की | ■ | ■ | व |
| रा | ज | ■ | क | न | क | ■ | दा | ■ | मे | ■ |
| ध | ड़ | क | न | ■ | ता | ■ | री | मा | ला | गू |

## सूडोकु नवताल - 6126

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6125 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

# मेयस ने लगाया तूफानी शतक, बिना दौड़े बनाए 100 से अधिक रन, तोड़ा 10 साल पुराना रिकॉर्ड

**इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज बेन मेयस ने आईसीसी अंडर 19 विश्व कप में नया कारनामा कर दिया। उन्होंने अपने धमाकेदार शतक के दौरान चौके और छक्कों की लाइन सी लगा दी।**

**अंडर19 विश्वकप : इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज ने अपनी पारी में लगाए 16 चौके और 8 आसमानी छक्के**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंडर 19 का विश्व कप में दुनियाभर के युवा खिलाड़ी अपना जलवा दिख रहे हैं। इस बीच बुधवार को जब इंग्लैंड और स्कॉटलैंड की युवा टीमें आमने सामने आई तो एक नया रिकॉर्ड बन गया। इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन मेयस ने इतिहास रच दिया। उन्होंने एक ही झटके में अब से करीब 10 साल पुराना कीर्तिमान चकनाचूर कर दिया। उन्होंने एक बड़ा शतक लगाया, लेकिन ताज्जुब की बात ये है कि 100 से भी ज्यादा रन तो उन्होंने बिना दौड़े चौके और छक्कों से ही पूरे कर लिए।



### मेयस ने रचा इतिहास

इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी, लेकिन उनका एक सलामी बल्लेबाज केवल पांच रन बनाकर जल्दी आउट हो गया। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए बेन मेयस आए। उन्होंने धमाकेदार अंदाज में बल्लेबाजी की। इस बीच बारिश के कारण मैच में बाधा भी आ रही थी। दूसरी ओर से बीच बीच में विकेट भी गिर रहे थे, लेकिन बेन मेयस की सेहत पर इसका कोई असर नहीं हो रहा था। हालांकि जब बारिश तेज हो गई तो 42.2 ओवर के बाद अंपायर ने खेल रोक दिया। उस वक्त तक बेन मेयस 174 रन बना चुके थे। इस दौरान बेन मेयस ने 107 बॉल का सामना किया और अपनी पारी के दौरान 16 चौके और 8 आसमानी छक्के जड़े।




### डैन लॉरेंस का 10 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त

बेन मेयस अब इंग्लैंड की ओर से अंडर 19 में एक पारी में चौके और छक्कों से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। साल 2016 में इंग्लैंड के ही डैन लॉरेंस ने 150 बॉल पर 174 रनों की पारी खेली थी। तब उन्होंने 106 रन केवल चौके और छक्के से पूरे किए थे। डैन लॉरेंस ने अपनी पारी में 25 चौके और एक छक्का लगाया था, लेकिन बात अगर बेन मेयस की करें तो उन्होंने 16 चौके और आठ छक्के लगाए। उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाज के तौर पर अंडर 19 वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का कीर्तिमान भी अब अपने नाम कर लिया है।

---

## खबर संक्षेप



### याग्निक बने केकेआर के फील्डिंग कोच

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 के सत्र से पहले पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिशांत याग्निक को अपनी टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया। केकेआर ने कहा कि याग्निक के व्यापक अनुभव का टीम को फायदा मिलेगा। केकेआर ने कहा, 'याग्निक अपने साथ भरपूर अनुभव और फील्डिंग में उत्कृष्टता की गहरी समझ लेकर केकेआर में शामिल होंगे। फ्रेंचाइजी आईपीएल में नए सहायक स्टाफ के साथ उतरेगी, जिसमें अभिषेक नायर (मुख्य कोच) के अलावा डेरेन ब्रावो (मेंटोर-मार्गदर्शक), शेन वॉटसन (सहायक कोच), टिम साउदी (गेंदबाजी कोच) और आंद्रे रसेल (पावर कोच) शामिल हैं।' बयान के अनुसार, 'आईपीएल से पहले याग्निक का केकेआर में शामिल होना पूर्व क्रिकेटर के कोचिंग करियर में एक नया अध्याय जोड़ेगा।' विकेटकीपर बल्लेबाज रहे याग्निक ने घरेलू क्रिकेट में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। वह 2011 से 2014 के बीच आईपीएल में 25 मैच भी खेले।

### पंड्या के बिना अधूरी भारतीय टीमः चोपड़ा



**नई दिल्ली।** पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पंड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ऑलराउंडर के बिना भारतीय टीम अधूरी है। भारत टी20 विश्व कप से पहले क्रिकेट के इस सबसे छोटे प्रारुप में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला खेलेगा। विश्व कप में भारत के खिताब बचाने के अभियान में हार्दिक की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। चोपड़ा ने कहा कि भारतीय टीम में हार्दिक का कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा, 'हार्दिक पंड्या के बिना भारतीय टीम अधूरी है। पूरी दुनिया में हार्दिक जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है। बल्ले और गेंद से वह जो कर दिखाते हैं, वैसा भारत में कोई और नहीं कर सकता।'

### ईटीपीएल में फ्रेंचाइजी के मालिक बने वॉ, मैक्सवेल



**सिडनी।** यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) ने आस्ट्रेलिया के क्रिकेट स्टार स्टीव वॉ और ग्लेन मैक्सवेल के साथ हॉकी स्टार जैमी ड्वायेर के फ्रेंचाइजी मालिक के रूप में जुड़ने की घोषणा की। वैश्विक बहु देश फ्रेंचाइजी लीग ईटीपीएल बालीवुड स्टार अभिषेक बच्चन ने शुरू की है, जिसे आईसीसी से मान्यता प्राप्त है। इसे नीदरलैंड, आयरलैंड और स्कॉटलैंड क्रिकेट बोर्ड का समर्थन हासिल है। लीग पिछले साल शुरू की गई थी लेकिन छह टीमों का यह टूर्नामेंट इस साल खेला जाएगा, जिसमें 34 मैच होंगे। ईटीपीएल ने पहली तीन टीमों एम्सटर्डम, एडिनबर्ग और बेलफास्ट के मालिकों की घोषणा कर दी है।

---

**ऑस्ट्रेलियन ओपन: कोको गाफ और अल्काराज की तीसरे दौर में एंट्री**

# सबालेंका ने जीता अपना 25वां सिंगल, चीनी खिलाड़ी को हराकर तीसरे राउंड में बनाई जगह

**एरिना ने की झूओक्सुआन पर 6-3, 6-1 से जीत दर्ज**

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

दुनिया की शीर्ष तीन महिला टेनिस खिलाड़ियों में से दो एरिना सबालेंका और कोको गाफ आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई। वहीं पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। सबालेंका ने अपनी 25वीं एकल मैच जीत दर्ज की और 2000 के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली छठी महिला खिलाड़ी बन गईं है। सबालेंका ने चीनी क्वालिफायर बाई झूओक्सुआन को 6-3, 6-1 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। मैच की शुरुआत में बाई ने पेस बनाने में कठिनाई महसूस की और 15 मिनट में 0-5 से पीछे हो गईं। हालांकि, उन्होंने दो एस के जरिए अपनी स्थिति सुधारने की कोशिश की और शुरुआती सेट में सबालेंका की पकड़ थोड़ी कमजोर हुई। बाई ने तीसरे गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, लेकिन विश्व नंबर 1 ने अपनी मजबूती बनाए रखी और सेट जीत लिया। दूसरे राउंड में सबालेंका ने 4-0 से बढ़त बनाई और अंततः मैच जीतकर तीसरे राउंड में जगह पक्की की। अब उनका मुकाबला 28वीं सीड एम्मा राडुकानू या अनास्तासिया पोटापोवा से होगा।



### एरिना ने दर्ज की लगातार 7वीं जीत

*एरीना सबालेंका ने अपनी 25वीं एकल मैच जीत दर्ज की और 2000 के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली छठी महिला खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले सेरेना विलियम्स, लिंडसे डेवनपोर्ट, जस्टिन हेनिन, ऐश बार्टी और इगा स्वियाटेक इस मुकाम तक पहुंच चुकी हैं। दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सबालेंका ने लगातार सातवीं जीत दर्ज की और 2026 का सीजन आसानी से शुरू किया। वह लगातार छठे साल तीसरे राउंड तक पहुंच रही हैं। इसके अलावा, उनके दूसरे राउंड के मैचों में भी उनका रिकॉर्ड 7-0 है।*



### भांबरी और गोरानसन की शानदार शुरुआत

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार आंद्रे गोरानसन ने सीधे सेटों में आसान जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भांबरी और गोरानसन की दसवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कोर्ट नंबर 13 पर 57 मिनट तक चले मुकाबले में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट को 6-3 6-4 से हराया। भारत और स्वीडन की जोड़ी ने शुरू से ही शानदार प्रदर्शन किया। अगर प्रतिशत के आंकड़ों पर गौर करें तो भांबरी और गोरानसन ने अपनी पहली सर्विस पर 97 प्रतिशत अंक जीते। दूसरी सर्विस पर अंक हासिल करने में भी उनका प्रदर्शन उतना ही प्रभावशाली रहा, जिसमें उन्होंने 91 प्रतिशत अंक जीते। भांबरी और गोरानसन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस को दो बार तोड़ा और पूरे मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया, जिससे वे पूरे समय नियंत्रण बनाए रखने में सफल रहे।

---

**टाटा स्टील मास्टर्स**

## गुकेश ने लगातार चौथी बार खेली ड्रॉ बाजी




एजेंसी ▶▶| विज्क आन ज़ी

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने हमवतन आर प्रज्ञाननंदा के साथ अंक बांटकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में लगातार चौथी बाजी ड्रॉ खेली जबकि अर्जुन एरिगैसी भी अनीश गिरी के डिफेंस को नहीं तोड़ सके।

प्रज्ञाननंदा का इस टूर्नामेंट में सफर अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उन्हें दो बाजियों में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजी ड्रॉ खेली। वह गिरी के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम को अमेरिकी खिलाड़ी हैंस मोके नीमन के हाथों अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा, जबकि नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने चेक गणराज्य के खिलाड़ी दाई वान गुयेन को पराजित किया। अब्दुसत्तोरोव और नीमन चार में से तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं, जबकि अर्जुन एरिगैसी, उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव और नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरस्ट उनके ठीक पीछे हैं। सिंदारोव ने जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम को हराया।

### लिजेले ली पर डब्ल्यूपीएल ने लगाया जुर्माना

**वडोदरा।** दिल्ली कैपिटल्स की विकेटकीपर लिजेले ली पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'ली ने आचार संहिता की धारा 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण के अनादर को लेकर है। इसके लिए मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है।' यह घटना दिल्ली की पारी के 11वें ओवर की थी जब ली को तीसरे अंपायर के रिव्यू के बाद 46 के स्कोर पर स्टम्प आउट करार दिया गया।

---

**इंडोनेशिया मास्टर्स**

## दूसरे दौर में पहुंचीं पीवी सिंधु श्रीकांत ने कोकी को हराया



एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने इंडोनेशिया मास्टर्स के पहले राउंड में जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश कर लिया है।

सिंधु ने जापान की मनामी सुइजू को सीधे गेम में 22-20, 21-18 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। पहले गेम में सिंधु की शुरुआत निराशाजनक रही थी और मिड-गेम ब्रेक तक वह 2-11 से पीछे थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह पॉइंट बनाकर गेम 22-20 से अपने नाम किया।

दूसरे गेम में उन्होंने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी और अंततः 21-18 से जीत दर्ज की। दूसरे राउंड में सिंधु का मुकाबला डेनमार्क की लाइन केयर्सफेल्ड या चीन की हान कियान शी के साथ होगा।

### श्रीकांत ने जापान के कोकी वतनबे को हराया

वहीं, किदांबी श्रीकांत ने पहले राउंड में जापान के कोकी वतनबे को 21-15, 21-23, 24-22 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पहले गेम में श्रीकांत ने आक्रामक शॉट्स के दम पर आसानी से जीत हासिल की। दूसरे गेम में श्रीकांत से कुछ गलतियां हुईं और वतनबे ने इसे 23-21 से जीत लिया। तीसरे और निर्णायक गेम में 7-4 की बढ़त के बावजूद श्रीकांत को कई बार अपनी पकड़ बनाए रखने में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन आखिरी मौके पर उनके आक्रामक स्ट्रोक ने जीत दिलाई। दूसरे राउंड में श्रीकांत का सामना चौथी सीड चो टिएन चेन से होगा।

---

## पीसीबी ने किया बांग्लादेश का समर्थन, मैचों की मेजबानी की पेशकश

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से भारत में टी20 विश्व कप खेलने से बांग्लादेश के इनकार का समर्थन किया है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भेजे गए एक पत्र में बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी करने की पेशकश की है। बांग्लादेश को ग्रुप चरण के चारों मैच भारत में खेलने हैं, जिनमें से पहले तीन कोलकाता में और एक मुंबई में होना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने हालांकि अपनी सरकार के समर्थन से भारत जाने से इनकार किया है और उसके मैच श्रीलंका में कराने की मांग की है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया, 'पीसीबी ने ईमेल में कहा है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की मांग जायज है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए और अगर बांग्लादेश के मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने में कोई समस्या आती है तो पाकिस्तान उसके सभी मैचों की मेजबानी करने के लिए तैयार है।' आईसीसी और बीसीबी के बीच इस मसले पर कई बार बात हो चुकी है लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। आईसीसी का कहना है कि टूर्नामेंट निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा जबकि बीसीबी भारत टीम नहीं भेजने पर अड़ा है। पीसीबी ने इस मसले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है लेकिन बोर्ड के सूत्रों ने कहा कि बांग्लादेश सरकार ने आईसीसी में सहयोग के लिए पाकिस्तान से संपर्क किया था।

---

# आज से रणजी ट्रॉफी, पंजाब की टीम से मैदान में उतरेंगे शुभमन

एजेंसी ▶▶| राजकोट

शुभमन गिल गुरुवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के बाद विश्राम लेने के बजाय पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले ग्रुप बी के महत्वपूर्ण मैच में खेलने का फैसला किया।

न्यूजीलैंड के हाथों वनडे श्रृंखला में भारत की 1-2 से अप्रत्याशित हार के बाद गिल सीधे राजकोट पहुंच गए थे, जहां उनका सौराष्ट्र के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से दिलचस्प मुकाबला हो सकता है।




### सिराज पर होगी सबकी निगाहें

दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है। सौराष्ट्र 13 अंकों के साथ चौथे जबकि पंजाब छठे स्थान पर है। इस ग्रुप में कर्नाटक 21 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि महाराष्ट्र उससे तीन अंक पीछे है। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी मोहम्मद सिराज पर भी सबकी निगाहें होंगी, जो अपने घरेलू मैदान पर हैदराबाद के कप्तान के रूप में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं। अंतरराष्ट्रीय मैचों से लौट रहे सिराज कप्तान के रूप में राहुल सिंह की जगह लेंगे। वह ग्रुप डी में 42 बार के चैंपियन मुंबई के खिलाफ हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। यह इस सत्र में उनका पहला रणजी मैच भी होगा। मुंबई पांच मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। उसकी टीम अजिंक्य रहाणे के बिना खेलेगी, जिन्होंने खुद को अनुपलब्ध घोषित कर दिया है। इस सत्र के शुरुआत में उन्होंने कप्तानी से भी इस्तीफा दे दिया था। मुंबई की टीम शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में खेलना जारी रखेगी।

---

**आईसीसी वनडे रैंकिंग : 845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने कोहली की ली जगह**

# कोहली को पछाड़ कर मिचेल बने नंबर वन बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने हाल में संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली को ताजा आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान से हटा दिया। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ यह श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की थी। इस तरह उसने भारतीय सरजमीं पर पहली बार वनडे श्रृंखला जीतकर 37 साल का इंतजार खत्म किया था।

मिचेल ने इस श्रृंखला में दो शतक लगाए और 34 वर्षीय यह बल्लेबाज मात्र 54 वीं पारी में सबसे तेज नौ वनडे शतक पूरे करने वाले चौथे पुरुष खिलाड़ी बन गए। केवल इमाम - उल - हक (48), हाशिम अमला (52) और क्विंटन डिकॉक (53) ही उनसे आगे हैं।




### दूसरी बार मिचेल ने की शीर्ष रैंकिंग हासिल

आईसीसी ने कहा, '845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने कोहली (795 अंक) की जगह ली है, जो अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दोनों बल्लेबाजों के बाद इब्राहिम जदरान , रोहित शर्मा , शुभमन गिल और बाबर आजम मौजूद हैं।' यह दूसरी बार है जब मिचेल ने वनडे क्रिकेट में शीर्ष रैंकिंग हासिल की है। इससे पहले वह पिछले साल नवंबर में सिर्फ तीन दिन के लिए शीर्ष पर रहे थे, जिसके बाद रोहित शर्मा ने उन्हें पछाड़ दिया था। भारत के खिलाफ उसकी सरजमीं पर खेले गए वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स (पांच शतक) के बाद मिचेल (चार शतक) दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं। मिचेल वनडे में 54 पारियों में अब तक एक भी बार शून्य पर आउट नहीं हुए हैं, जिससे वह इस उपलब्धि की सर्वकालिक सूची में दूसे स्थान पर हैं।




## हाईकोर्ट ने खारिज की एफआईआर

# लंबे समय से सहमति से थे संबंध धोखा देकर दुष्कर्म का आरोप गलत

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में पाया कि आवेदक व शिकायतकर्ता के संबंध लंबे समय से सहमति से थे। प्रारंभिक स्तर पर धोखे या गलतफहमी का आधार स्पष्ट नहीं है। इस मत के साथ जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने आवेदक के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त कर दी। नर्मदापुरम निवासी कार्तिक पटेल की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पीड़िता ने 26 फरवरी 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि आवेदक ने विवाह का झूठा वादा कर दुष्कर्म



किया। दलील दी गई कि दोनों के बीच लगभग दो वर्षों से सहमति से प्रेम संबंध थे। आरोप झूठे एवं दुर्भावनापूर्ण हैं। सुप्रीम कोर्ट के अनेक निर्णयों का हवाला देते हुए कहा गया कि प्रथम दृष्टया न तो दुष्कर्म और न ही एससी/एसटी एक्ट का अपराध बनता है।

### मप्र हाईकोर्ट ने निर्देश के साथ किया याचिका का निराकरण

## अवकाश नकदीकरण का लाभ 60 दिन में प्रदान करें : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि अवकाश नकदीकरण का लाभ 60 दिन के भीतर प्रदान किया जाए। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने यह निर्देश दिए। याचिकाकर्ता बालाघाट निवासी कलीमुद्दीन कुरैशी की ओर से अधिवक्ता प्रेमेंद्र सेन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने अवकाश के बदले नकदीकरण के लाभ का प्रविधान है। इसी आधार पर विभाग में अभ्यावेदन दिया गया था। लेकिन उसे दरकिनार कर दिया गया। इसी रवैये के कारण हाई कोर्ट की शरण ली गई है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि नियत अवधि में शिकायत दूर करके याचिकाकर्ता को निर्णय से अवगत कराया जाए।

### शिक्षकों की कमी और शिक्षा के गिरते स्तर को चुनौती

## जनहित याचिका : सरकार से जवाब तलब

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगल पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए स्कूलों में शिक्षकों की कमी और शिक्षा व्यवस्था के गिरते स्तर पर सरकार से जवाब तलब कर लिया है। दरअसल डिंडोरी निवासी किसान लोक सिंह द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने इस स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए सरकार को हलफनामे में पूरी जानकारी पेश करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 24 फरवरी को तय की गई है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से यह पूछा है कि पूरे प्रदेश में कुल कितने सरकारी स्कूल संचालित हैं और उनमें शिक्षकों के कितने पद वर्तमान में रिक्त हैं। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक न होना 'शिक्षा के अधिकार कानून' का सीधा उल्लंघन है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार को विस्तृत हलफनामा दायर करने को कहा है। जनहित याचिका में प्रदेश के दूरस्थ जिलों के साथ-साथ मुख्य शहरों की स्थिति पर भी प्रकाश डाला गया है। याचिका के अनुसार, अकेले डिंडोरी जिले में 102 सरकारी स्कूल ऐसे हैं जो बिना किसी शिक्षक के संचालित हो रहे हैं। वहीं, संस्कारधानी जबलपुर की स्थिति भी चिंताजनक है, जहाँ शिक्षकों की कमी के कारण 54 स्कूल बंद होने की कगार पर पहुँच चुके हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि शिक्षकों के अभाव में गरीब बच्चों का भविष्य अंधकार में है।

## मेडिकल कॉलेज खंडवा में सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति हाईकोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने शासकीय मेडिकल कॉलेज खंडवा के दंत चिकित्सा विभाग में सहायक प्रोफेसर नियुक्ति को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, नेशनल मेडिकल एजुकेशन, नंद कुमार सिंह चौहान मेडिकल कॉलेज खंडवा के डीन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। ग्वालियर निवासी डॉ राहुल शर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने बताया कि सहायक प्रोफेसर (डेंटिस्ट्री) की चयन प्रक्रिया में याचिकाकर्ता मेरिट पर नंबर एक पर था। इसके बावजूद साक्षात्कार के लिए उसे नहीं बुलाकर अपनों को उपकृत करने के उद्देश्य से कम मेरिट वालों को बुलाया गया। विगत 20 जनवरी को साक्षात्कार हो चुका है। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

### पुलिस ने लिया संज्ञान, वायरल वीडियो पर कार्रवाई

# पिस्टल चमकाने वाले पूर्व विधायक के पुत्र पर एफआईआर

हरिभूमि जबलपुर।

कानून व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस द्वारा निकाली गई रैली के दौरान पूर्व विधायक अंचल सोनकर के पुत्र राजा सोनकर द्वारा पिस्टल चमकाए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद बेलबाग पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पिस्टल का लायसेंस राजा के नाम पर नहीं था। दरअसल मंगलवार को कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया द्वारा शहर में बढ़ते अपराधों के खिलाफ एसपी आफिस का घेराव करने एक रैली रामलीला मैदान बाई का बगीचा से एसपी आफिस तक निकाली जा रही थी, इस दौरान ब्यौहारबाग सिंघई पेट्रोलपंप के पास भाजपा के पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक अंचल सोनकर के निवास स्थान की बालकनी से पिस्टल चमकाने का मामला सामने आया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, इसके बाद शहर में सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामलें में संज्ञान लिया है और कार्रवाई की। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में सिंघई पेट्रोल पम्प ब्यौहारबाग बेलबाग में एक घर की बालकनी में राजा सोनकर के द्वारा रिवाल्वर ऊपर कर लहराते हुये दिखाई दे रहा है। पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लेकर बेलबाग ने राजा सोनकर के नाम से लायसेंस चैक किए, बेलबाग थाने में उसके नाम से लायसेंस नहीं पाया गया। पुलिस ने इस मामलें में राजा सोनकर के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट तथा 125 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### धान उपार्जन में साढ़े 3 करोड की हेराफेरी

## खरीदी केन्द्र प्रभारी, ऑपरेटर पर मामला दर्ज

**जबलपुर।** मझौली थानान्तर्गत वृहताकार सहकारी संस्था मझौली द्वारा संचालित धान उपार्जन केन्द्र श्रीजी वेयर हाउस में खरीदी केन्द्र प्रभारी रत्नेश भटट एवं कम्पयूटर आपरेटर अमन ने मिली भगत कर बिना तुलाई, भराई के तीन करोड़ 53 लाख 79 हजार रूपए कीमत की 14934 क्विंटल धान की बिना आवक के ई-उपार्जन पोर्टल पर ऑनलाइन फॅर्जी तरीके से अवैध प्रविष्टकर अनुचित लाभ के लिए हेराफेरी की गई। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मझौली ब्रजेश जाटव के जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर व अध्यक्ष जिला उपार्जन समिति राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर तीन करोड़ तिरेपन लाख उन्नयासी हजार की हेराफेरी के मामले में खरीदी केन्द्र प्रभारी रत नेश भट्ट व कम्प्यूटर आपरेटर अमन सेन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मझौली पुलिस ने बताया कि मझौली तहसील अंतर्गत खरीद विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत वृहता कार सहकारी संस्था मझौली द्वारा संचालित धान उपार्जन केन्द्र श्रीजी वेयर हाउस में खरीदी केन्द्र प्रभारी रत्नेश भट्ट व कम्प्यूटर ऑपरेशन अमन सेन द्वारा बिना धान भराई तुलाई किये 3 करोड़ 53 लाख 79 हजार 8 सौ 3 रूपए कीमत की 14934 क्विंटल धान की केन्द्र में आवक उपलब्धता के बिना ईउपार्जन पोर्टल पर ऑन लाईन फर्जी तरीके से अवैध प्रविष्ठ कर अनुचित लाभ के लिए हेरा फेरा की गई जिसकी जांच संयुक्त कलेक्टर जबलपुर रिषभ जैन की अध्यक्षता में सदस्यों दिलीप हनवत तहसील दार मझौली, चन्द्रशेखर पटले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्र बैंक जबलपुर तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मझौली, ब्रजेश जाटव के दल ने की। जांच प्रतिवेदन को कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला उपार्जन समिति राघवेन्द्र सिंह को सौंपा गया है। कलेक्टर के निर्देश पर खरीदी केन्द्र प्रभारी मझौली रत्नेश भटट व कम्प्यूटर ऑपरेटर अमन सेन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।




एक्सचेंज बोनस ₹2500/-*
कॉर्पोरेट ऑफ़र ₹2200/-*
Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at select dealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh.
TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, पहासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रूसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, घनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079
FCB INTERFACE/8486/JANUARY26/HINDI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## अधिवक्ता संघों ने मुख्य न्यायाधीश को सौंपा संयुक्त प्रतिवेदन

# रामेश्वर सिंह ठाकुर की वरिष्ठता वापस लेने की मांग

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर सहित अन्य अधिवक्ता संघों ने मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा को एक संयुक्त प्रतिवेदन सौंपा है। इसके जरिए रामेश्वर सिंह ठाकुर की वरिष्ठता वापस लिए जाने पर बल दिया गया है। इसे न्यायालय की गरिमा, संस्थागत अनुशासन, सामाजिक संतुलन, सार्वजनिक शांति व वरिष्ठ अधिवक्ता जैसी विशिष्ट विधिक हैसियत की पवित्रता बनाए रखने के व्यापक उद्देश्य की दृष्टि से आवश्यक निरूपित किया गया है।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सह सचिव योगेश सोनी, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार अध्यक्ष संजय अग्रवाल व सह सचिव सौरभ भूषण श्रीवास्तव और जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी के हस्ताक्षर से जारी प्रतिवेदन में यह मामला हाई कोर्ट की फुल कोर्ट मीटिंग में रखने पर जोर दिया गया है। प्रतिवेदन में महाधिवक्ता कार्यालय के सामने ग्वालियर से जबलपुर आए अधिवक्ता अनिल मिश्रा के साथ



अभद्रता को रेखांकित किया गया है, जिसे लेकर सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। प्रतिवेदन में वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर के अलावा उनके करीबी अधिवक्ताओं विनायक प्रसाद शाह, उदय कुमार साहू, रूप सिंह मरावी का उल्लेख कर अनुचित अभियान संचालित करने का दोषारोपण किया गया है। यही नहीं वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर पर वरिष्ठ अधिवक्ता नामांकन के आवेदन में आपराधिक प्रकरणों की जानकारी छिपाने का भी आरोप लगाया गया है।

इधर दूसरी ओर वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने साफ किया है कि मेरी वरिष्ठता वापस लिए जाने की मांग अनुचित है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, ग्वालियर के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल मिश्रा व अधिवक्त रूपसिंह मरावी के बीच विवाद के प्रकरण में मुझे पैरवी करने के लिए ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से अधिकृत किया गया है। हाई कोर्ट उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेकर रजिस्ट्रार जनरल को जांच के निर्देश जारी कर चुका है। लिहाजा, मामले के विचाराधीन रहते, अधिवक्ता संघों की संयुक्त कार्रवाई अवमानना की परिधि में आती है। हाई कोर्ट बार के सह सचिव योगेश सोनी ने अवगत कराया कि इससे पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह और रूप सिंह मरावी की बार की सदस्यता समाप्त करने का कारण बताओ नोटिस भी जारी किया जा चुका है।

हाईकोर्ट ने जारी किए नोटिस

## दिव्यांगजनों को महज 600 रुपये मासिक पेंशन पर सरकार से जवाब तलब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य में दिव्यांगजनों को दी जा रही महज 600 रुपये मासिक पेंशन को लेकर दायर जनहित याचिका को गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने एक दिव्यांग की ओर से दायर याचिका पर राज्य सरकार व अन्य को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए । मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को होगी। याचिकाकर्ता प्रदीप रजक की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि केंद्र शासन ने वर्ष 2016 में दिव्यांग अधिकार अधिनियम बनाया है। इस अधिनियम के सेक्शन 24 में प्रविधान है कि अगर राज्य शासन सामाजिक विकास के नाम पर कोई पेंशन दे रहा है तो दिव्यांगों को इस पेंशन से 25 प्रतिशत अधिक पेंशन देनी होगी।वर्तमान में प्रदेश में दिव्यांगों को 600 रुपये पेंशन दी जा रही है, जबकि राज्य शासन सामाजिक विकास के नाम पर लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को 1250 रुपये दे रहा है। अधिनियम के प्रविधानों के तहत ऐसी स्थिति में दिव्यांगों को 1562 रुपये मासिक पेंशन मिलनी चाहिए। यह बात भी कोर्ट के सामने रखी गई कि वर्तमान में छह वर्ष से कम आयु के दिव्यागों के लिए पेंशन का कोई प्रावधान नहीं है।

प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मझौली के प्रशासक को निर्देश

## निलंबित कर्मचारी को निलंबन भत्ता प्रदान करें

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मझौली के प्रशासक को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता निलंबित कर्मचारी को निलंबन भत्ता प्रदान करें। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता दी कि वह निलंबन के विरुद्ध अपीलीय अधिकारी के समक्ष आवेदन दे। अपीलीय अधिकारी तीन माह के भीतर उस पर निर्णय लें। जबलपुर निवासी दिनेश कुमार रावत की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता उक्त समिति में जूनियर सेल्समेन के पद पर पदस्थ था। अनियमितता के आरोप में उसे 29 मार्च, 2025 को निलंबित कर दिया गया था। दलील दी गई कि नियमानुसार एक वर्ष से अधिक समय तक निलंबित नहीं रखा जा सकता। तीन माह से ऊपर निलंबन अवधी बढ़ाने के लिए बोर्ड आफ डायरेक्टर्स से अनुमति लेना आवश्यक है। इसके अलावा याचिकाकर्ता को निलंबन अवधि का भत्ता भी नहीं दिया जा रहा है।

## केन्द्रीय मंत्री नड्डा जी का आगमन आज

**जबलपुर।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का तीन दिवसीय प्रवास पर गुरूवार 22 जनवरी को जबलपुर आगमन होगा। श्री नड्डा गुरूवार की शाम 5 बजे नई दिल्ली से वायुयान द्वारा जबलपुर आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा डुमना एयरपोर्ट से शाम 5.30 बजे लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के साउथ सिविल लाईन स्थित निवास पहुंचेंगे तथा यहां से शाम 6.30 बजे मदन महल थाना के समीप स्थित सांसद आशीष दुबे के कार्यालय के लिए रवाना होंगे। सांसद कार्यालय से आप शाम 7.40 बजे सुभाषचंद्र बेनर्जी मार्ग सिविल लाईन पचपेढी स्थित पूर्व सांसद श्रीमती जयश्री बेनर्जी के निवास के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री शुक्रवार 23 जनवरी को सिविल लाईन पचपेढी से सुबह 10.50 बजे सिटी बंगाली क्लब पहुंचेंगे तथा यहां सिद्धी वाला



बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल होंगे। श्री नड्डा दोपहर 12.30 बजे सिटी बंगाली क्लब से डुमना एयरपोर्ट प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 1 बजे डुमना एयपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा कटनी रवाना होंगे। कटनी में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का शाम 4.50 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन होगा। वे डुमना एयरपोर्ट से शाम 5.45 बजे गौरीघाट पहुंचेंगे तथा यहां नर्मदा महाआरती में शामिल होंगे। श्री नड्डा गौरीघाट से शाम 7 बजे सिविल लाईन पचपेढ़ी रवाना होंगे तथा यहां रात्रि विश्राम के बाद शनिवार 24 जनवरी को दोपहर 1.10 बजे साउथ सिविल लाईन पचपेढी से डुमना एयरपोर्ट प्रस्थान करेंगे और दोपहर 2 बजे डुमना एयरपोर्ट से विमान द्वारा नई दिल्ली रवाना होंगे।

## मूंग-उड़द उपार्जन का भुगतान नहीं, पांच माह से भटक रहे किसान

# अन्नदाता का दर्द: खून से लिखे पत्र में किसानों की गुहार

हरिभूमि जबलपुर।

किसान, जिसे अन्नदाता कहा जाता है, एक बार फिर गंभीर संकट से जूझ रहा है। मामला ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द फसल के उपार्जन भुगतान से जुड़ा है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा एमएसपी दर पर मूंग-उड़द का उपार्जन सेवा सहकारी समिति बसेड़ी के माध्यम से एमएलटी वेयरहाउस मजीठा में किया गया था, लेकिन पांच माह बीत जाने के बाद भी किसानों को उनकी उपज का भुगतान नहीं मिल पाया है। भुगतान न मिलने से आहत किसानों ने एसडीएम शहपुरा को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। किसानों का कहना है कि लगातार भुगतान में देरी के कारण उनकी आर्थिक स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। अधिकारी कार्यालयों के चक्कर लगाते-लगाते वे मानसिक रूप से भी परेशान हो चुके हैं।

किसानों ने स्पष्ट कहा है कि यदि प्रशासन भुगतान करने में असमर्थ है तो उन्हें उनकी उपज ही वापस कर दी जाए। इसी मांग को लेकर किसानों ने 28 जनवरी को मजीठा वेयरहाउस पहुंचने का निर्णय लिया है। उन्हें उम्मीद है कि वहां प्रशासन से उन्हें सहयोग और न्याय मिलेगा।

इस विरोध को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए किसानों ने अधिकारियों को खून से लिखा पत्र भी सौंपा, जो उनकी पीड़ा और हताशा को स्वयं बयां कर रहा है।



### क्या है पूरा मामला

ग्रीष्मकालीन फसल मूंग-उड़द की खरीदी सहकारी समिति बसेड़ी द्वारा एमएलटी वेयरहाउस मजीठा में की गई थी। बाद में वेयरहाउस जांच में अनियमितताएं और माल की कमी सामने आई। इसके बाद समिति प्रभारी, वेयरहाउस संचालक और अन्य कर्मचारियों पर धोखाधड़ी व खरीदी घोटाले के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई।

किसानों का आरोप है कि जिन अधिकारियों को जांच सौंपी गई, उन्होंने ही आरोपियों से मिलीभगत कर किसानों को फर्जी बताने का षड्यंत्र रचा। इसी कारण करोड़ों रुपये का भुगतान आज तक अटका हुआ है, जिसका खामियाजा निर्दोष किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान अभय प्रताप सिंह, चंदन पटैल, मोनू सिंह, देवेंद्र ठाकुर, राम सिंह, बबलू ठाकुर, भगवान सिंह, जाहिरी पटैल, वीरेंद्र साहू, दुर्जन पटैल, दौलत सिलावट, हरेंद्र सिंह, विनोद नायक, इमरत पटैल, सूरज सिंह, भोला नवेरिया, सतीश विल्थरे, यशवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# बढ़ैयाखेड़ा गांव में दो पक्षों में तनाव

**जबलपुर।** चरगवां थाना अंतर्गत ग्राम बढ़ैयाखेड़ा में जमीन को लेकर चल रहा विवाद अचानक तूल पकड़ गया, जिससे गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और स्थिति को बिगड़ने से पहले नियंत्रित कर लिया। जानकारी के अनुसार गांव में एक भूमि को लेकर लंबे समय से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। एक पक्ष उक्त जमीन को कब्रिस्तान के लिए आरक्षित बता रहा है, जबकि दूसरा पक्ष उसे गौठान (पशु चारागाह) की भूमि होने का दावा कर रहा है। जब कथित कब्रिस्तान स्थल पर कुछ कार्य शुरू करने की कोशिश की गई, तभी दूसरे पक्ष ने आपत्ति जताई। देखते ही देखते दोनों ओर से तीखी नोकझोंक शुरू हो गई और माहौल गर्मा गया। तनाव की सूचना पर चरगवां थाना प्रभारी, सीएसपी और तहसीलदार दल-बल के साथ गांव पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों ने दोनों पक्षों को अलग-अलग बैठाकर बातचीत की और हालात को शांत कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जमीन से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच कर वैधानिक प्रक्रिया के तहत ही निर्णय लिया जाएगा।



### फिलहाल काम पर रोक, पुलिस तैनात

प्रशासन ने एहतियातन विवादित स्थल पर किसी भी प्रकार की गतिविधि पर अस्थायी रोक लगा दी है। गांव में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से संयम बरतने, अफवाहों से दूर रहने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य बताई जा रही है, जबकि जमीन से जुड़े दावों की जांच की प्रक्रिया जारी है।

लापरवाही का आरोप : डॉक्टरों पर एफआईआर की मांग

# बच्चेदानी के ऑपरेशन के बाद मौत पर हंगामा

**जबलपुर।** बच्चेदानी के ऑपरेशन के बाद एक महिला की मौत हो जाने पर उसके परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एक निजी अस्पताल में जमकर हंगामा किया। दरअसल रांझी निवासी 44 वर्षीय एक महिला को बच्चेदानी के ऑपरेशन के लिए रसल चौक स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन के बाद पेशेंट को क्रिटिकल कंडीशन में वेंटीलेटर में रख दिया गया था। परिजनों के मुताबिक 44 वर्षीय रानू यादव को बच्चादानी के ऑपरेशन के लिए सर्वोदय हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। जहां डॉक्टरों ने मंगलवार की दोपहर रानू का ऑपरेशन किया। परिजनों ने बताया कि ऑपरेशन के पहले रानू बिल्कुल स्वस्थ्य थी। उनका आरोप था कि वेंटिलेटर में रखने के बाद अस्पताल के डॉक्टर स्टाफ के भरोसे मरीज को छोड़कर चले गए। स्थिति यह रही कि 6 घंटे बीत जाने के बावजूद कोई भी डॉक्टर रानू यादव को चैक करने नहीं पहुंचा। जब परिजनों ने हंगामा किया कि उनकी मरीज कोई रिस्पॉस नही दे रही है, तो मौके पर मौजूद नर्से महिला मरीज रानू को सीपीआर देने लगी। अपस्पताल में हंगामे की भनक लगते मौके पर ओमती पुलिस भी पहुंची लेकिन उसके बावजूद भी डॉक्टर नही पहुंचे। आरोपित है कि काफी हंगामे के बाद हॉस्पिटल के संचालक पहुंचे और उन्होंने मरीज की हालत देखी और परिजनों को गोलमोल जवाब देते रहे। अंततः देर रात लगभग 1 बजे अस्पताल प्रबंधन ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने ओमती थाने पहुंचकर अस्पताल प्रबंधन और संबंधित डॉक्टर पर एफआईआर की मांग की।

रेलवे कर्मचारियों में असंतोष पनपा

# चंदा या वसूली : मजदूर संघ के नये फरमान का विरोध

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे में इन दिनों चंदे के नाम पर कथित वसूली का मामला गरमा गया है। पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ (डब्ल्यूसीआरएमएस) द्वारा तैयार किए गए नए चंदा फॉर्मेट ने रेल कर्मचारियों के बीच असंतोष और आक्रोश पैदा कर दिया है। आरोप है कि इस व्यवस्था के तहत कर्मचारियों की स्पष्ट और वार्षिक सहमति के बिना ही उनके वेतन से हर साल एक हजार रुपये काटे जाएंगे। अब तक की व्यवस्था में कर्मचारी संगठनों को चंदा काटने के लिए हर वर्ष कर्मचारियों से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य था। लेकिन मजदूर संघ के नए फॉर्मेट में यह शर्त



खत्म कर दी गई है। यदि किसी कर्मचारी ने एक बार सहमति दे दी, तो उसके बाद हर साल जनवरी माह और बोनस भुगतान के समय वेतन से स्वतः एक हजार रुपये की कटौती होती रहेगी। यह कटौती तब तक जारी रहेगी, जब तक कर्मचारी स्वयं लिखित आवेदन देकर इसे बंद न कराए।

### कटौती रोकने के लिए भी 'अनुमति राज'

इस फॉर्मेट की सबसे विवादित शर्त यह बताई जा रही है कि चंदा कटौती बंद कराने के लिए भी संघ के पदाधिकारी की मंजूरी जरूरी होगी। यदि पदाधिकारी सहमत नहीं होते, तो कर्मचारी की तनख्वाह से चंदा कटता रहेगा। कर्मचारियों का कहना है कि यह व्यवस्था उन्हें जबरन आर्थिक बोझ ढोने को मजबूर कर रही है।

### अन्य संगठनों का तीखा विरोध

मजदूर संघ के इस फैसले के बाद रेलवे के अन्य कर्मचारी संगठनों ने इसे खुली लूट करार दिया है। उनका कहना है कि यह कर्मचारियों के अधिकारों पर सीधा हमला है। विरोधी संगठनों का तर्क है कि यदि कोई कर्मचारी संगठन बदलना भी चाहे, तो यह ऑटो-कटौती व्यवस्था उसकी जेब पर डाका डालती रहेगी। इसे कर्मचारियों को संगठन से जबरन जोड़े रखने की रणनीति बताया जा रहा है।

लुटेरी दुल्हन गैंग सक्रिय एफआईआर दर्ज

# यूपी के दुल्हे को शहर की दुल्हन ने लूटा

**जबलपुर।** शहर में वैवाहिक रिश्तों की आड़ में ठगी का एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शादी के सपने संजोए उत्तर प्रदेश के ललितपुर निवासी एक युवक के लिए यह रिश्ता जिंदगी की सबसे बड़ी भूल साबित हुआ। आरोप है कि शादी के बाद दुल्हन और उसके मायके पक्ष ने योजनाबद्ध तरीके से युवक को बुलाया और लाखों रुपये व जेवर लेकर फरार हो गए। पीड़ित दूल्हे ने अब गौरीघाट थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के मुताबिक, उसकी शादी जबलपुर की एक युवती से सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुई थी। कुछ दिन सब कुछ सामान्य चलता रहा। इसी बीच दुल्हन के मायके वालों ने पगफेरे और मेल-मिलाप का हवाला देकर दूल्हे को पूरे परिवार के साथ जबलपुर आने का न्योता दिया। भरोसे में आए दूल्हे को यह जरा भी अंदाजा नहीं था कि यह बुलावा एक सुनियोजित ठगी का हिस्सा है। शिकायत के अनुसार, जबलपुर पहुंचने के बाद ससुराल पक्ष का व्यवहार शुरुआत में बेहद सामान्य रहा। बाद में सभी ने मिलकर नर्मदा दर्शन के लिए गौरीघाट जाने का सुझाव दिया। जैसे ही दूल्हा और उसके परिजन घर से बाहर निकले, आरोपियों ने मौका पाकर बैग में रखी नकदी और कीमती गहनों पर हाथ साफ कर दिया। वापस लौटने पर जब दूल्हे ने देखा कि न सामान है और न ही उसकी पत्नी, तब उसे ठगी का एहसास हुआ।

### पूछताछ पर टालमटोल, फिर पहचान से इनकार

पीड़ित का कहना है कि उसके पास शादी में मिले लाखों रुपये और सोने-चांदी के जेवर थे। जब उसने ससुराल वालों से इस बारे में सवाल किए, तो पहले बहाने बनाए गए और बाद में सीधा इंकार कर दिया गया। इसके बाद उसने पुलिस का दरवाजा खटखटाया।

### पुलिस को संगठित गिरोह की आशंका

गौरीघाट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुल्हन और उसके परिजन फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस को शक है कि यह कोई अकेली घटना नहीं, बल्कि शादी के नाम पर ठगी करने वाले संगठित गिरोह का काम हो सकता है। फिलहाल आरोपियों की तलाश जारी है और पुलिस पूरे नेटवर्क की पड़ताल में जुटी हुई है।

हिट एंड रन कांड

मजदूरों को कुचलने वाली कार सिहोरा में बरामद

# कार चालक अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर

हरिभूमि जबलपुर।

बरेला रोड पर गत रविवार 18 जनवरी को हिट एंड रन की घटना में 13 मजदूरों को टक्कर मारकर फरार हुई कार को पुलिस ने सिहोरा क्षेत्र से बरामद कर लिया है, लेकिन हादसे का आरोपी चालक अब तक गिरफ्त से बाहर है। पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं। इस दर्दनाक हादसे में पांच महिला मजदूरों की जान चली गई थी, जबकि 11 घायल हुए थे।

बरेला पुलिस थाने के मुताबिक जांच के दौरान सूचना मिली कि दुर्घटनाग्रस्त कार सिहोरा में क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने कार को जब्त कर लिया।



फाइल फोटो

### सिहोरा में छिपाई गई थी कार

जांच में सामने आया है कि कार दीपक सोनी के नाम पर पंजीकृत है, जिसे हादसे के समय उसका छोटा भाई लखन सोनी, निवासी ग्राम पोंडा (सिहोरा) चला रहा था। पुलिस का कहना है कि लखन सोनी सीधे सिहोरा पहुंचा और वहां निशाद अहमद कुरैशी के घर के परिसर में कार खड़ी कर उस पर कवर डाल दिया, ताकि किसी को शक न हो। पुलिस के अनुसार लखन सोनी फिजियोथेरेपी का कार्य करता है और इसी वजह से उसका निशाद के घर आना-जाना था। इसी परिचय का फायदा उठाकर उसने कार वहां पार्क करने की अनुमति ली और फिर मौके से फरार हो गया। गौरतलब है कि रविवार दोपहर बरेला से जबलपुर की ओर आ रही एक तेज रफ्तार सफेद कार ने सड़क किनारे बैठकर भोजन कर रहे 13 मजदूरों को कुचल दिया था। इस हादसे में चैनवती बाई (40 वर्ष) और लच्छो बाई (40 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं इलाज के दौरान गोमता बाई (40 वर्ष), वर्षा कुशराम (45 वर्ष) और कृष्णा बाई (40 वर्ष) ने भी दम तोड़ दिया। इसके अलावा हादसे में आठ मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### आरोपी की तलाश तेज

पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार करने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी और फरार आरोपी को शीघ्र पकड़ने का दावा किया गया है।

## पहले प्यार..फिर शादी. और बच्चा होने पर घर से निकाला

**जबलपुर।** पहले प्यार..फिर शादी. और बच्चा होने पर घर से निकाला. यह कोई फिल्म की पटकथा नहीं बल्कि हकीकत है. तिलहरी निवासी एक हिन्दु युवती की इंस्टाग्राम के माध्यम से रज़ा चौक निवासी अरबाज़ खान से दोस्ती हुई जिसने अपना मूल नाम छिपा कर खुद को राज बताया . दोस्ती जल्द प्यार में बदल गयी और फिर दोनो ने शादी कर ली. शादी के बाद युवती ने एक बच्चे को जन्म दिया. इस बीच युवती को अहसास हुआ कि धोखे का शिकार हो गयी है. जब युवती ने सच्चाई छिपाने का विरोध किया तो उसे प्रताड़ित किया जाने लगा. और अब अरबाज़ ने न केवल युवती को घर से निकाल दिया बल्कि उससे बच्चा भी छीन लिया. इस मामले की खबर लगते ही हिन्दु धर्म सेना के प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत युवती को साथ लेकर गोरा बाजार थाने पहुँचे और युवक पर लव जिहाद का प्रकरण दर्ज करने की मांग की. थाना प्रभारी ने जल्द ही जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है. इस मौके पर अविनाश सुखदान, मुकेश रजक,भारत पासी, रोहित बेन व परमवीर छापेल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## सरकार्यवाह दत्तात्रेय हसबोले होंगे शामिल

# सुहागी में कल विराट हिंदू सम्मेलन

**जबलपुर।** राष्ट्रीय सेवक संघ के शताब्दी वर्ष प पूरे देश भर में हिन्दू सम्मेलनों को आयोजन किया जा रहा है, इसी कड़ी में जबलपुर में भी हिन्दू सम्मलनों का सिलसिला चल रहा है। कल 23 जनवरी शुक्रवार को बसंत पचंमी के मौके पर उपनगरीय क्षेत्र सुहागी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी की जा रही हैं इसमें राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले शामिल होंगे। सर्व सम्मति से सकल हिंदू समाज के सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा सुहागी सीओडी कॉलोनी आगामी 23 जनवरी दोपहर 1.45 बजे से आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के लिए कार्यालय का उद्घाटन किया गया इस दौरान श्री गणेश पूजन के बाद सुंदरकांड का पाठ किया गया सैकड़ो कार्यकर्ता और मातृ शक्तियों ने मिलकर सुंदरकांड का पाठ गायन किया। सरस्वती शिशु मंदिर सुहागी के प्रांगण में विराट हिंदू सम्मेलन के उपलक्ष्य में करने का निर्णय लिया गया। गत दिवस 7:00 बजे सुहागी में विशाल मसाल जुलूस निकाला गया वहीं मोटरसायकिल रैली भी निकाली गई । इस दौरान सुहागी के सभी मार्गो को भगवामय किया जा रहा है। विराट हिंदू सम्मेलन में उपस्थिति अपील अनिल गुप्ता, आनंद ,डॉ कौशल दुबे, अखिलेद्र सिंह,डॉ सुभाष तिवारी, राजेश तिवारी, अलका गर्ग, उमेश शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, मोनू पारे, सुभाष तोमर,संतोष द्विवेदी,लखन देवानी,विजय पांडे, मातृशक्तियों में रजनी तिवारी,नमिता दुबे,निशा पाठक,मनीष शुक्ला आदि ने की है।



# भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद ने डॉ. अम्बेडकर चौक पर धरना दिया




**जबलपुर।** राष्ट्रीय मूलनिवासी संघ का 42वाँ दो दिवसीय एवं भारत मुक्ति मोर्चा का 15वाँ तीन दिवसीय संयुक्त अधिवेशन 26 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया था, जिसकी आवश्यक परमिशन की सभी कानूनी प्रक्रिया संगठन की ओर से दो महीने पहले ही पूरी की गई थी। यह अधिवेशन विशेष रूप से ओबीसी, पिछड़ा वर्ग की जाति आधारित जनगणना के लिए समर्पित किया गया था। इस राष्ट्रीय अधिवेशन को प्रशासनिक परमिशन जानबूझकर रद्द कराई गई, जिला अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा परमिशन रद्द करने के इस निर्णय के विरोध में संगठन ने हाईकोर्ट में भी अपील की है हाईकोर्ट में भी हमारे मौलिक अधिकारों की सुरक्षा नहीं हो पाई। यह न केवल संविधान एवं लोकतंत्र पर हमला है, बल्कि ओबीसी, एससी, एसटी और धर्मपरिवर्तित मूलनिवासी समाज की आवाज दबाने का प्रयास भी है। यह संविधान पर हमला है यह पूरे समाज को गुलामी की ओर धकेलने की शुरुआत है, यह संघर्ष किसके विरोध में है, संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ साजिश करके अधिवेशन को रोकने वालों के विरोध में, लोकतंत्र को कमजोर करने वाली संविधान विरोधी राजनीति के विरोध में, महापुरूषों के दिए हुए भारतीय संविधान को समाप्त कर लोकतंत्र एवं बहुजनों की स्वतंत्रता खत्म करने वालों के विरोध में, मूल निवासी बहुजन समाज को भी जागना जरूरी है, अगर समाज नहीं जागा तो संविधान किताब बनकर रह जाएगा। अधिकार केवल कागज पर होंगे, जमीन पर नहीं आने वाली पीढ़ियां सवाल करेंगी, आप चुप क्यों रहे? याद रखें की, आज चुप्पी कल की गुलामी है, यह मामला संविधान के अनुच्छेद 14,19 और 21 के उल्लंघन का है। इसलिए इसके विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है। इन सभी के विरोध में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित होकर जोरदार नारेबाजी कर अपना रोष व्यक्त करते हुये दिनभर अम्बेडकर चौक पर गगनभेदी नारे लगाते हुये ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर इंजी. प्रवीण गजभिये, अनिल बंशकार, विनय भगत, डॉ. विनोद पटेल, रामराज पटेल, रमन पटेल, छोटे भाई कुर्मी, एड. परमानंद साहू, एड. विनायक शाह, एड. त्रिलोक सोनकर, एड. रवि भगत, सुधीर नांदेकर, चन्दशेखर उरकुडे, माहू गौड़, अतुल जोसफ, सेमुएल जैम के साथ अनेक कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक संख्या में डॉ. अम्बेडकर चौक पर उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन आंदोलन को सफल बनाया।

# भारतीय सेना केवल एक सैन्य बल नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा की रीढ़ है: कर्नल दिनेश जायसवाल

## सेना दिवस के उपलक्ष्य में 'सेना में रोजगार के अवसर' विषय पर हुआ सेमिनार



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में सेना दिवस के उपलक्ष्य में 'सेना में रोजगार के अवसर' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कर्नल दिनेश जायसवाल, 2-एमपी गर्ल्स बटालियन उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता कर्नल दिनेश जायसवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि 15 जनवरी को सेना दिवस इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन 1949 में जनरल के.एम. करियप्पा स्वतंत्र भारत के पहले सेनाध्यक्ष बने थे। भारतीय सेना केवल एक सैन्य बल नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा की रीढ़ है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को अग्निवीर भर्ती एवं सेना के विभिन्न पदों की भर्ती प्रकिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग ने कहा कि सेना दिवस हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता और शांति का मूल्य कितना बड़ा है। यह केवल सैनिकों का नहीं, बल्कि हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि हम देश के प्रति जिम्मेदार बनें, एकता बनाए रखें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने सेना की भूमिका से परिचय कराते हुये बताया कि सैनिकों का साहस, त्याग और देशभक्ति हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। सेना दिवस के उपलक्ष्य में 2-एमपी गर्ल्स बटालियन एवं 1-एमपी रेजिमेंट आर्टी के कैडेट्स ने नाट्य प्रदर्शन कर कार्यक्रम को देश प्रेम से ओत प्रोत कर दिया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ. मीनाक्षी मेरावी, एनसीसी गर्ल्स यूनिट द्वारा किया गया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर मेघसिंह, डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. धीरेन्द्र त्रिपाठी, मनीष रघुवंशी के साथ महाविद्यालय के एनसीसी के लगभग 128 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित हुआ युवा वर्ग

**जबलपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार जबलपुर की शाखा डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन जबलपुर द्वारा गायत्री शक्तिपीठ, मनमोहन नगर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पर्व परमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीराम और स्वामी विवेकानंद के सिद्धांत आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने युवाओं से इन आदर्शों को अपने व्यावहारिक जीवन में उतारकर आत्मनिर्भर, चरित्रवान एवं राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं अभियानों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवा, संस्कृति, स्वास्थ्य एवं डिजिटल जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को



सम्मानित किया गया। जबलपुर नगर के प्रमुख सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने हेतु उनके श्रेष्ठ कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया। वहीं थैलेसीमिया जागरण समिति के विकास खंडेलवाल, कथक अकादमी से अंकिता गिनारा, अंजू सोनी, प्रसन्न सहित अन्य समाजसेवियों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य ट्रस्टी बी.एम. शर्मा ने युवाओं से सामाजिक, रचनात्मक एवं राष्ट्रनिर्माण से जुड़े कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में दीपेश कोष्टा, उमेश साबरे, रविदर्शन, मोहन चक्रवेश, आदित्य राजपूत, सुनील मालवीय, वर्षा सोनी, रमेश पटेल, परिणिका आर्या, स्नेहलता सहित बड़ी संख्या में युवा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## केंद्र की भांति राज्य कर्मचारियों को भी महंगाई भत्ता दिया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के संभागीय अध्यक्ष हेमन्त ठाकरे ने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों को वर्तमान में महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत मिल रहा है, परंतु प्रदेश सरकार वर्तमान समय में महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने के संबंध में मौन है, अभी तक महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने के आदेश जारी नहीं किए गए हैं। प्रदेश के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को सरकार से उम्मीद है कि शीघ्र ही प्रदेश कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाकर केंद्र की भांति दिया जाएगा। संगठन मुख्यमंत्री से मांग करता है कि प्रदेश के कर्मचारियों का भी महंगाई भत्ता केंद्र की भांति बढ़ाकर 58 प्रतिशत किए जाने के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, रऊफ खान, अशोक परस्ते, महेन्द्र प्रधान, योगेश ठाकरे, वीरेंद्र श्रीवास आदि ने मांग की है।विशाल भंडारा से हुआ।

# ज्ञान कलश विद्या मंदिर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**जबलपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर ज्ञान कलश विद्या मंदिर का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कालीनंद महाराज, भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया उपस्थित रहे।विशेष अतिथियों के रूप में लक्ष्मण राव नायडू, योगेश लोखंडे, बी.एस. ठाकुर, राजा सोनकर, धर्मेंद्र यादव एवं संगीता नायडू मंचासीन रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में समिति की सचिव ज्योतिका लोधी, अध्यक्ष रत्नेश सिंह लोधी एवं प्रधान अध्यापिका संध्या सिंह द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ व श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने देश की विविध संस्कृतियों की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। बुमरो-बुमरो, घूमर नृत्य एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य ने दर्शकों का दिल जीत लिया। विविध वेशभूषा में नमन उदय, परी बंशकार एवं आरव की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। वहीं अंश भाट और हर्ष पछले द्वारा "सेव वॉटर" विषय पर प्रस्तुत माइम ने उपस्थित जनसमूह को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। श्रेया




जायसवाल, राघव एवं राजवीर भाट की प्रस्तुतियों को भी खूब सराहा गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में चंचल सिंह, मीनाक्षी राजपूत, सीमा जेम्स, पूजा सिंह, सीमा विश्वकर्मा, निशा गुप्ता, शुभम नायर, विशाल नायडू, राजेश नायडू, नमिता मेहरोलिया, भावना विश्वकर्मा एवं सावित्री विश्वकर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और प्रस्तुतियों की प्रशंसा की, वहीं पूर्व विधायक लखन घनघोरिया ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## राजपूत परिषद का युवक-युवती परिचय सम्मेलन इंदौर में 25 को

**जबलपुर।** राजपूत परिषद् इंदौर का 22वां राष्ट्रीय निःशुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन दिनाँक 25.01.2026 दिन रविवार को इंदौर में आयोजित किया जायेगा व परिणय सेतु पुस्तिका का विमोचन किया जायेगा। राजपूत परिषद् इंदौर के अध्यक्ष ठा. राम सिंह दिखित व राजपूत परिषद् इंदौर के जबलपुर के प्रतिनिधि ठा. दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि राजपूत परिषद् इंदौर के तत्वावधान में 22वां राष्ट्रीय निःशुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन 25.01.2026 को स्काऊट ग्राऊंड चिमनबाग, इंदौर में आयोजित किया गया है। राजपूत परिषद् इंदौर की संरक्षक पूर्व मंत्री व महु विधायक दीदी ऊषा ठाकुर संस्थापक रविन्द्र सिंह तोमर, अध्यक्ष ठा. रामसिंह दिखित, राजपूत परिषद् जबलपुर के प्रतिनिधि ठा. दीपक सिंह राजपूत, सरला राजपूत, कमला चौहान, महिला प्रदेश अध्यक्ष अर्पिता सिकरवार, अनुराधा सिंह राजपूत, अनुज सिंह ठाकुर, ठा. अरविंद सिंह बैस, एड. धीरज सिंह ठाकुर, जिला प्रचार मंत्री ऋषभ सिंह चौहान, नरेश राजपूत, प्रवीण सिंह बैस, अशोक सिंह जादौन, सोहन सिंह ठाकुर आदि सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

# भारतीय किसान संघ तहसील इकाई ने किया प्रदर्शन




**मझौली।** श्रीजी वेयर हाउस में बहुत से किसानों की धान पोर्टल बन्द होने के कारण नहीं चढ़ पाई और भुगतान भी नहीं हुआ जिसको लेकर भारतीय किसान संघ तहसील इकाई मझौली द्वारा पोला तिराहा पर धरना प्रदर्शन किया। दोपहर 12 बजे से 3 से 4 घंटे बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मझौली बृजेश कुमार जाटव धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों से सीधी बातचीत कर समस्याओं के निराकरण का उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए सात दिनों का समय मांगा। किसानों ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि वर्ष 2022–23 में सियाराम वेयरहाउस रानीताल में उपार्जित मूंग का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। इसी तरह 2024–25 में मां रेवा वेयरहाउस धनाडी एवं जय भवानी वेयरहाउस खबरा से धान का भुगतान भी लंबित है, जिससे किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। स्थिति और गंभीर तब हो गई जब 2025–26 में श्रीजी वेयरहाउस पिपरिया स्थित उपार्जन केंद्र पर किसानों को धान तौल की प्रमाणित रसीद तक नहीं दी गई। धरना स्थल पर मौजूद किसानों ने चेतावनी दी कि यदि तय समय-सीमा में भुगतान और रसीद संबंधी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल ने कहा कि किसानों की उपज का भुगतान रोकना और रसीद न देना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है।

## पश्चिम मध्य रेलवे ने नौ माह में रूपये 6499 करोड़ से अधिक ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया

### गत वर्ष की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत वृद्धि हुई

**जबलपुर।** महाप्रबंधक द्वारा राजस्व बढ़ाने के निर्देशों और वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किए गए समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप *पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से दिसम्बर तक यानि नौ माह में रूपये 6499 करोड़ 71 लाख का कुल प्राम्भिक राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि (रूपये 5976 करोड़ 64 लाख) की तुलना में 8.75 प्रतिशत अधिक है। ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू के मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 1924 करोड़ 3 लाख, माल यातायात से रुपये 4266 करोड़ 51 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 139 करोड़ 42 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 169 करोड 75 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है। चालू वित्तीय वर्ष के नौ माह में मण्डल वाइस बात करे तो जबलपुर मण्डल ने रूपये 3881 करोड़ 65 लाख, भोपाल मण्डल ने 1435 करोड़ 30 लाख एवं कोटा मण्डल ने रूपये 1182 करोड़ 76 लाख का कुल ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है।

# रामपुर-गौरीघाट मार्ग के री-स्टोरेशन के कार्य का लिया जायजा

**जबलपुर।** शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और प्रमुख मार्गों के सौंदर्यीकरण को लेकर नगर निगम प्रशासन अब 'एक्शन मोड' में नजर आ रहा है। इसी क्रम में, बीती रात निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने रामपुर से गौरीघाट तक चल रहे सड़क रिस्टोरेशन कार्यों का औचक निरीक्षण किया। रात 09:00 बजे जब शहर की रफ्तार धीमी हो रही थी, तब निगमायुक्त विकास कार्यों की गुणवत्ता और गति परखने के लिए धरातल पर उतरे।

**रामपुर गौरीघाट रोड की सूरत संवारने रात में निकले निगमायुक्त**

**कार्य में तेजी लाने के 'सख्त निर्देश' –**

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कार्य की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों को दो-टूक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के इन कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त ने रात भर शिफ्ट में काम चलाकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रीय नागरिकों और राहगीरों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। टीम के साथ बारीकी से परखा काम निरीक्षण के समय निगमायुक्त के साथ निगम की पूरी तकनीकी टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने प्रोजेक्ट के हर तकनीकी पहलू और उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे ये अधिकारी अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेई, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री राजेश खंपरिया, अंकुर नाग एवं अन्य विभागीय अधिकारी।

## महाकोशल महाविद्यालय व किसान सुनील तिवारी के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जबलपुर एवं किसान सुनील कुमार तिवारी, ग्राम-उरदुआ, पिपरिया पनागर के मध्य एमओयू संपन्न हुआ जिसमें प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी, प्रो. अरुण शुक्ला और डॉक्टर कविता शाक्य के समक्ष हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के अतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कृषि से संबंधित जानकारियां दी जा रही हैं। हमारे विद्यार्थियों ने लगभग दो बार उनकी कृषि भूमि (फार्म हाउस) पर विजिट कर जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम में विभाग के अतिथि विद्वान डॉक्टर संज्ञा सिंह, डॉक्टर प्रज्ञा रामगिरी एवं डॉ. धीरेंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे।



## ज्वालामुखी बस्ती का हिन्दू सम्मेलन आज

**सिहोरा।** सनातन धर्म की गरिमा और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ज्वालामुखी बस्ती का विराट हिन्दू सम्मेलन आज गुरुवार को कन्या शाला ग्राउंड में दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता पूज्य संत श्री ब्रह्मानंद दास जी महाराज रहेंगे।

## शैलेन्द्र दुबे पुनः जिला अध्यक्ष मनोनीत



**सिहोरा।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार संघटन प्रभारी मोहम्मद अली,संभागीय अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा की अनुशंसा पर प्रदेश महासचिव सत्यनारायन वैष्णव ने वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र दुबे को सिहोरा जिला इकाई का पुनः जिला अध्यक्ष घोषित किया है। दुबे की नियुक्ति पर सासंद आशीष दुबे, विधायक संतोष बरकड़े, विधायक प्रणय पांडेय, पूर्व विधायक नित्य निरंजन खम्परिया, पूर्व विधायक दिलीप दुबे, नंदनी मरावी, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे, जनपद अध्यक्ष रश्मि अग्निहोत्री, अशोक खरे, राजा मोर, श्याम शुक्ला, अनिल पिल्लई, विभोर जायसवाल, करीम खान, अनुपम सराफ ,राजेश ढाहिया, नीलू बाजपेयी, सतीश पटेल के साथ-साथ पत्रकार राजकुमार तिवारी, प्रवीण कुररिया, सतेन्द्र तिवारी, अनिल अग्रवाल, सुनील तिवारी, अंकुर गुप्ता, राहुल श्रीवास, गंगा पटेल, जगदीश ठाकुर, प्रशांत बाजपेयी, हेमचंद असाटी, गौरव गुप्ता, अम्बर गुप्ता, रमेश बर्मन, सुभाष साहू, महेंद्र कोष्टा, कृष्ण कुमार साहू, राजकुमार साहू, मनोरंजन राय आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# महिलाओं का देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान: संध्या दुबे

## ग्रामोदय से अभ्युदय पखवाड़ा कार्यक्रम

**सिहोरा।** जन अभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहे ग्रामोदय से अभ्युदय पखवाड़ा के अंतर्गत नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति द्वारा महिलाओं की बौद्धिक एवं शारीरिक विकास हेतु प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें प्रश्नोत्तरी एवं शारीरिक प्रतियोगिता में बैलेंसिंग वर्क कराया गया प्रत्येक से तीन-तीन विजेताओं का चयन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयश्री जैन,विशिष्ट अतिथि रीता नौगरहिया एंव अध्यक्षता संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष ने की।बैलैसिंग काम्पिटीशन में दीप्ति जैन प्रथम,रश्मि गुप्ता द्वितीय और चंदा नौगरहिया तीसरे स्थान पर रही। वहीं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में श्रीमती नौगरहिया, श्रीमती जयश्री,आकांक्षा दुबे क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका ममता गुप्ता और रानी जैन के द्वारा निभाई गई। संचालन समिति की सचिव सारिका साहू ने किया। समिति अध्यक्ष सुषमा सिंह कर्चुली ने महर्षि दधीचि के परोपकार को स्मरण कराते हुए अंगदान-देहदान हेतु जागरूक किया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दुबे ने कहा घर,समाज, एवं देश की प्रगति में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वे दो परिवारों के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए अपनी संस्कृति परम्पराओं और रीति-रिवाजों की सदैव संवाहक रहते हुए अगली पीढ़ियों को हस्तांतरित करने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। कार्यक्रम में मंचीय व्यवस्था कोषाध्यक्ष मीनू परिहार एवं साज सज्जा समिति क्र.1 की अध्यक्ष आकांक्षा गर्ग एवं अंजना मिश्रा द्वारा की गई।



**राकेश नामदेव** -सुहाने न्यूज़ एजेंसी के वरिष्ठ सदस्य कैलाश नामदेव के चचेरे भाई राकेश नामदेव का 20 जनवरी रात्रि दिल का दौरा पढ़ने से निधन हो गया राकेश नामदेव का अंतिम संस्कार 21 जनवरी दिन बुधवार को ग्वारीघाट में संपन्न हुआ पुत्री आकांक्षा तनु और पुत्र साहिल के पिता थे हरिशंकर ओमप्रकाश कैलाश प्रमोद दीपक और प्रदीप के भाई थे

**श्री तपन कुमार बैनर्जी-** अनमोल हाइट्स रामनगर अधारताल निवासी श्री तपन कुमार बैनर्जी 70 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरजीत सिंह बतरा-** मदनमहल गुप्तेश्वर निवासी श्री हरजीत सिंह बतरा 75 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विश्वनाथ सोनी-** गौरीघाट स्थित श्री रामलला मंदिर के निकट निवासी श्री विश्वनाथ सोनी 81 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंभू चौधरी**. रविदास नगर सिद्धबाबा रोड निवासी श्री शंभू चौधरी 58वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरोज तोमर-** यादव कॉलोनी निवासी श्री कामता प्रसाद तोमर की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज तोमर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन गोपाल गुप्ता -** प्रेमनगर पोस्ट आफिस के पास मदनमहल निवासी श्री मदन गोपाल गुप्ता 82 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार




गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शंकर लाल तिवारी-** राधास्वामी का बाड़ा फूटाताल निवासी श्री शंकर लाल तिवारी 95 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला बाई श्रीवास-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री सूरज प्रसाद श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई श्रीवास 96 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राकेश कुमार-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री राकेश कुमार 58 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला संघवी-** अशियाना ड्युपलेक्स नेपियर टाउन निवासी श्री मनसुख लाल संघवी की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला संघवी 78 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मल्लू यादव-** कजरवारा अनुराधा कॉलोनी वाटर वर्क्स रोड निवासी श्री मल्लू यादव 82 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज बड़कुल-** लाल कुआं हनुमानताल निवासी श्री रमेश चंद्र बड़कुल की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज बड़कुल 84 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरोज शर्मा-** शिवधाम नगर शुक्ला अस्पताल के पास निवासी श्री सीताराम शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज शर्मा 78 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रानू यादव-** उदय नगर व्हीकल रोड निवासी श्री रोशन क्रुमार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती रानू यादव 44 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नरेंद्र-** नई बस्ती कजरवारा निवासी श्री नरेंद्र 47 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय बेदी-** पंजाब बैंक कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री संजय बेदी 65 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री जगदीश प्रसाद कोरी-** संजय गांधी नगर कटंगा केंट निवासी श्री जगदीश प्रसाद कोरी 74 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई वर्षे-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री मदन सिंह वर्षे की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई वर्षे 65 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम सेवक काछी-** महाराजपुर निवासी श्री राम सेवक काछी 76 का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
मात्र 40/- प्रति वर्गाकार से.मी.
| | | | |
|---|---|---|---|
| विज्ञापन साइज:- | 12×5 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| विज्ञापन साइज:- | 12×5 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| विज्ञापन साइज | 8×3 से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508295, 9407362100

## चिंतन

# प्रदूषण पर अब छोटे शहरों को भी सतर्क होना होगा

जिस कश्मीर को सदियों से धरती का स्वर्ग कहा जाता रहा है, वहां की हवा आज लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल बना रही है। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में वायु प्रदूषण का स्तर पिछले 7 वर्षों में सबसे खराब स्थिति में पहुंच चुका है। बुधवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 308 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस स्तर की हवा में सांस लेना लगभग चार सिगरेट पीने के बराबर है। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि उस खतरे का संकेत है, जो अब पहाड़ों, झीलों और हरियाली से घिरे शहरों तक भी पहुंच चुका है। एयर मॉनिटरिंग डेटा यह बताता है कि जनवरी में श्रीनगर की वायु गुणवत्ता लगातार खराब रही। वर्ष 2019 के बाद 2026 को श्रीनगर का सबसे प्रदूषित वर्ष माना जा रहा है, जहां औसत एक्यूआई 159 रहा। इतनी तेजी से गिरती वायु गुणवत्ता यह दर्शाती है कि यदि अब भी सतर्क नहीं हुए तो छोटे और पहाड़ी शहर भी महानगरों जैसी प्रदूषण त्रासदी झेलने को मजबूर होंगे। अब तक वायु प्रदूषण को दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे महानगरों की समस्या माना जाता रहा है, लेकिन श्रीनगर में बढ़ता प्रदूषण इस धारणा को तोड़ता है। प्राकृतिक सुंदरता, कम औद्योगीकरण और अपेक्षाकृत कम जनसंख्या के बावजूद श्रीनगर का इस स्तर तक प्रदूषित होना गंभीर चेतावनी है। दिल्ली की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी का एक्यूआई 339 दर्ज किया गया, जो लगातार 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा समेत देश के कई राज्य गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं। हालांकि, हरियाणा में दिल्ली की तुलना में वाहनों की संख्या कम होने के कारण वहां प्रदूषण का स्तर अपेक्षाकृत कम देखा जाता है। यह तुलना साफ तौर पर बताती है कि वाहनों की बढ़ती संख्या प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण बन चुकी है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सर्वोच्च न्यायालय को यह स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा योगदान वाहनों से होने वाले उत्सर्जन का है। इसके बावजूद, अक्सर पराली जलाने को ही प्रदूषण का मुख्य कारण ठहराया जाता है। यह सच है कि पराली जलाना एक समस्या है, लेकिन यह मौसमी और सीमित समय तक प्रभाव डालती है, जबकि वाहनों से निकलने वाला धुआं पूरे वर्ष शहरों की हवा को जहरीला बनाता रहता है। प्रदूषण में सुधार के लिए सीएमक्यूएम ने 15 दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश की है। इनमें वाहनों को इलेक्ट्रिक, सीएनजी या अन्य ग्रीन फ्यूल पर स्थानांतरित करना प्रमुख है। प्रदूषण केवल स्वास्थ्य संकट नहीं है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने विश्व आर्थिक मंच में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रदूषण का प्रभाव, भारत पर लगाए गए किसी भी टैरिफ के प्रभाव से कहीं अधिक गंभीर है। उनका यह बयान इस सच्चाई को उजागर करता है कि पर्यावरणीय गिरावट की आर्थिक लागत दीर्घकाल में विकास दर, श्रम उत्पादकता और स्वास्थ्य व्यय पर भारी बोझ डालती है। आज जरूरत है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ठोस और प्रभावी नीतियां लागू करें। छोटे शहरों में भी एयर मॉनिटरिंग नेटवर्क को मजबूत किया जाए, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए और लोगों को जागरूक किया जाए कि प्रदूषण से लड़ाई सामूहिक प्रयास से ही जीती जा सकती है।



विश्लेषण
अरविंद जयतिलक

# भारत और यूएई के परवान चढ़ते रिश्ते

यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की महज तीन घंटे की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाई है, वहीं साझा बयान में सीमा पार आतंकवाद और आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की है। भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, वहीं अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। साथ ही वह कच्चे तेल का तीसरा और एलएनजी-एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। माना जा रहा है कि यूएई के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की महज तीन घंटे की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाई है। दोनों देशों ने साझा बयान में सीमा पार आतंकवाद और आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की है। दोनों देशों ने एफएटीएफ अर्थात फाइनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स के फ्रेमवर्क के तहत मनी लॉन्ड्रिंग विरोधी और आतंकवाद फाइनेंस के तहत सहयोग पर सहमति जताई है। इसके अलावा रक्षा, एआई डिजिटल सहयोग, खाद्य सुरक्षा, अंतरिक्ष और निवेश में भी एक-दूसरे से कंधा जोड़ने पर भी सहमति जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2032 तक दोनों देशों के साझा कारोबार 200 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद जताई है।

आज की तारीख में दोनों देशों के बीच एक सौ अरब डॉलर से अधिक का कारोबार हो रहा है। यूएई गुजरात के धोलेरा में मेगा निवेश के साथ गिफ्ट सिटी में फर्स्ट आबूधाबी बैंक और डीपी वर्ल्ड का ऑफिस बनाने को तैयार है। निःसंदेह इस पहल से दोनों देशों की अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर को पंख लगेंगे। याद होगा कि जनवरी 2024 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान की 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' यात्रा हुई थी, जिसमें उन्होंने सहभागिता और विकास में सहयोग का उल्लेखनीय संकल्प व्यक्त किया था। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा के दौरान भी दोनों देश आर्थिक क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल करते हुए अपनी करेंसी रुपये और दिरहम में व्यापार समझौता शुरू करने पर सहमत हुए थे। आरबीआई और संयुक्त अरब अमीरात के सेंट्रल बैंक के बीच संपन्न हुए समझौते के तहत दोनों बैंक ने एक फ्रेमवर्क तैयार करने पर सहमति जाहिर कि जिसमें क्रॉस-बार्डर ट्रांजेक्शन के लिए लोकल करेंसी का इस्तेमाल होगा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के बीच इतने अधिक मधुर संबंध हैं कि तब प्रिंस रहे मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायद' से नवाजा और उन्हें अपना भाई बताते हुए 'अपने दूसरे घर' आने के लिए आभार जताया था। गौर करें तो दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता कई मायने में महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक, राजनीतिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से अरब देश सदैव ही भारत की विदेश नीति में विशिष्ट महत्व का विषय व केंद्र बिंदू रहे हैं। यह क्षेत्र भारत के विदेश नीति के रक्षा संबंधित पहलुओं को प्रभावित करता है और इसी को ध्यान में रख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात से निर्णायक संबंध जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। अच्छी बात है कि संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन कर चुका है। दोनों देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में साथ मिलकर चलने का भी संकल्प ले चुके हैं। फिलहाल भारत को अरब देशों से ऐसे दीर्घकालिक एवं सुसंगत रणनीति के तहत काम करने की जरूरत है ताकि वह इस क्षेत्र की अपेक्षाएं एवं सरोकार को फलीभूत कर सके। फरवरी 2007 में बंगलौर में आयोजित 'एयरो इंडिया शो' में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात ने भी अपने



अधिकारियों को भेजा था। जून 2003 में द्विपक्षीय प्रतिरक्षा आदान-प्रदान के लिए संयुक्त प्रतिरक्षा सहयोग समिति यानी ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के गठन के लिए एक मसौदे पर हस्ताक्षर भी किए गए। भारतीय नौसेना के पोतों ने संयुक्त अरब अमीरात की अनेक सदभावना यात्राएं की। ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के प्रावधानों के अनुसार मार्च 2007 में आयोजित हुई। इसकी पहली बैठक में संयुक्त अरब अमीरात की पांच सदस्यीय प्रतिरक्षा टीम एंटी एयरक्रॉफ्ट गन एल-70 के जांच के लिए भारत आई। इससे साफ संकेत मिला कि संयुक्त अरब अमीरात की भारतीय प्रतिरक्षा हार्डवेयर के प्रति अभिरुचि है। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

उदाहरण के लिए दोनों देशों ने प्रत्यपर्ण संधि, आपराधिक एवं सिविल मामलों में आपसी विधिक सहायता संधि, सिविल एवं वाणिज्यिक मामलों में सहयोग के लिए विधिक एवं न्यायिक समझौता किया, जो सन 2000 से ही लागू है। इस संधि के तहत दोनों देश अपराधियों के हस्तांतरण के अलावा आपसी विधिक सहायता को मूर्त रूप दे सकते हैं। चूंकि यह क्षेत्र नशीली दवाओं का अड्डा बनता जा रहा है इसलिए दोनों देशों ने नशीली दवाओं की तस्करी रोकने के लिए 1994 में समझौता किया। इसी तरह 1975 में सांस्कृतिक समझौता और 1989 में नागरिक उड्डयन समझौता हुआ। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सन 2000 में अमीरात न्यूज एजेंसी तथा प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के बीच समझौता हुआ। सेबी और अमीरात प्रतिभूति एवं पण्य प्राधिकरण के बीच भी समझौता हुआ। साथ ही प्रत्यायन गतिविधियों में तकनीकी सहयोग के लिए ईएसएमए तथा नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के बीच समझौते हुए। दूरदर्शन के ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन महानिदेशालय अर्थात प्रसार भारती तथा अमीरात केबल टीवी मल्टीमीडिया एलएलसी के बीच चैनल प्रबंधन समझौते को सन् 2000 में आकार दिया गया। इस समझौते के अनुसार दूरदर्शन संयुक्त अरब अमीरात में डाउन लिंकिंग तथा वितरण कर सकता है। दोनों देशों के बीच दिसंबर 2006 में मैन पॉवर सोर्सिंग इनकॉरपोरेशन के एक मसौदे पर भी समझौता हुआ। इतिहास पर दृष्टि डालें तो इस क्षेत्र से भारत का सामाजिक व व्यापारिक संबंध शताब्दियों का रहा है। भारत से मसाले व कपड़े अमीरात क्षेत्र को और अमीरात से मोती व खजूर भारत को भेजे जाते रहे हैं। चूंकि पश्चिमी तट विशेष रूप से मालाबार तट में भारत के व्यापारिक अड्डे शारजाह एवं दुबई हैं, इस नाते भी दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक व व्यापारिक संबंधों में मिठास बनी हुई है। उसी का नतीजा है कि आज संयुक्त अरब अमीरात में तकरीबन पैंतीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं जो न सिर्फ रोजी-रोटी कमा रहे हैं बल्कि अपनी कमाई का पैसा भारत भेजकर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं।

अरब देशों में संयुक्त अरब अमीरात एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं व्यवसायिक हब है तथा साथ ही सिंगापुर एवं हांगकांग के बाद विश्व में तीसरा प्रमुख पुनर्निर्यातक केंद्र भी। यही वजह है कि यह इराक, ईरान, सीआइएस देशों तथा अफ्रीका आदि बाजारों के लिए स्रोत केंद्र बना हुआ है। भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है, वहीं अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। साथ ही वह कच्चे तेल का तीसरा और एलएनजी-एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। माना जा रहा है कि यूएई के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
राज कुमार सिंह



# ट्रंप को नोबेल सौंप संदेह व सवालों में घिरीं मचाडो

आखिरकार शांति का नोबेल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तक पहुंच ही गया। खुद को शांति दूत बताने वाले ट्रंप की दावेदारी के बावजूद नोबेल पुरस्कार समिति ने तो उन्हें इस लायक नहीं माना, पर वेनेजुएला की जिन विपक्षी नेता मारिया मचाडो को नोबेल दिया गया था, वही खुद वाशिंगटन जाकर उन्हें अपना पुरस्कार सौंप आयीं। अपने साल भर के शासन में युद्ध विराम का इतिहास रचने के एकतरफा दावे करते हुए ट्रंप खुद को शांति के नोबेल का सही पात्र बताते रहे, लेकिन पुरस्कार समिति को ऐसा नहीं लगा। सो, अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को नजरअंदाज कर समिति ने नोबेल दे दिया वेनेजुएला में लोकतांत्रिक और मानवाधिकारों के लिए संघर्षरत विपक्षी नेता मारिया मचाडो को। खुद को दुनिया का चौधरी समझने वाले ट्रंप नाराज हुए। नोबेल समिति को बुरा-भला भी कहा। फिर भी मचाडो ने वेनेजुएला में लोकतंत्र बहाली में सहयोग की आकांक्षा जताते हुए अपना नोबेल उन्हें समर्पित करने की बात कही थी। तब माना गया था कि यह एक नोबेल विजेता का बड़प्पन है कि उसने अपनी प्रतिक्रिया में पदक से वंचित को अपना पदक समर्पित किया पर मचाडो ने ट्रंप से मुलाकात में उन्हें बाकायदा अपना नोबेल सौंपकर अब दुनिया को चौंका दिया है। हालांकि नोबेल पुरस्कार समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि इसे किसी को गिफ्ट या ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। यह भी कि सिर्फ मूल विजेता ही हमेशा नोबेल पुरस्कार विजेता कहलाएगा। मचाडो द्वारा अपना नोबेल ट्रंप को देने के पीछे की किसी डील पर फिलहाल अटकलें ही लगाई जा सकती हैं। वैसे मचाडो से पहले वेनेजुएला पर हमला



कर ट्रंप दुनिया को चौंका चुके थे। नार्को टैररिज्म आदि के आरोपों के बीच लगातार धमकाते रहने के बाद एक दिन अचानक ट्रंप ने अपनी डेल्टा फोर्स भेज कर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सपत्नीक उठवा लिया। मादुरो पर अमेरिका में जारी मुकदमे के बीच ही मचाडो वाशिंगटन पहुंच कर ट्रंप से मिलीं और अपना नोबेल उन्हें गिफ्ट कर दिया। उन्होंने ट्रंप पर पूरा भरोसा जताते हुए इसे वेनेजुएला के निवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन भी करार दिया। ट्रंप ने भी मारिया से मुलाकात को सम्मानजनक बताते हुए टिप्पणी कीः 'उन्होंने मेरे अच्छे कामों के लिए मुझे अपना नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया। हमारे बीच का यह आपसी सम्मान कमाल का है।' इसमें दो राय नहीं कि इंजीनियरिंग का पेशा छोड़कर राजनीति में आयीं तलाकशुदा 58 वर्षीय मचाडो ने वाकई वेनेजुएला में तानाशाही शासन समाप्त कर लोकतंत्र बहाली के लिए लंबा शांतिपूर्ण संघर्ष किया है। उन्होंने बहुत कुछ सहा भी है। उसी संघर्ष के लिए उन्हें विश्व का सबसे प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार भी मिला, जो उन्होंने अब उसी व्यक्ति को सौंप दिया है, जिसे पूरी दुनिया वेनेजुएला पर सैन्य आक्रमण करने वाले विदेशी शासक के रूप में देखती है। ट्रंप खुद वेनेजुएला का तेल बेच कर मुनाफा कमाने की बात कह रहे हैं, लेकिन उन्हें अपना नोबेल सौंपते हुए मचाडो ने लिखाः 'ट्रंप ने वेनेजुएला की आजादी के लिए जो किया है, उसे वेनेजुएला के लोग कभी नहीं भूलेंगे।' मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वेनेजुएला में भावी सत्ता व्यवस्था और चुनावों की अटकलों के बीच ट्रंप से मिलीं मचाडो कोई ठोस आश्वासन नहीं पा सकीं। वेनेजुएला के संविधान के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त किया है, पर ट्रंप खुद को वहां का कार्यवाहक राष्ट्रपति बता रहे हैं। शायद ट्रंप को रोड्रिग्ज के साथ काम करने में कोई समस्या भी न हो, क्योंकि उनकी नजर तो वेनेजुएला में तेल और दुर्लभ खनिज संपदा के दोहन पर है। ऐसे में वेनेजुएला समेत दुनिया भर में मचाडो की नई भूमिका पर संदेह और सवाल स्वाभाविक हैं। बेशक मचाडो लंबे समय से वेनेजुएला में लोकतांत्रिक एवं मानवाधिकारों की बहाली के लिए संघर्षरत हैं। 2024 में उन्हें राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ने दिया गया और उनके द्वारा समर्थित विपक्षी उम्मीदवार एडमंड गोंजालेज को जीत के बावजूद सत्ता नहीं सौंपी गई। यह भी कि मादुरो की छवि तानाशाह शासक की रही है, लेकिन देश पर हमला कर उसके संसाधनों की लूट करने वाले विदेशी शासक का गुणगान करते हुए उसे अपना नोबेल सौंप कर खुद मचाडो अपनी साख पर उठते संदेह और सवालों से नहीं बच पाएंगी। अपने देश में लोकतांत्रिक और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष निश्चय ही देश-समाज के प्रति साहसिक प्रतिबद्धता का काम है, लेकिन उसके लिए विदेशी आक्रांता का सहयोग लेना और उसका गुणगान करना कम-से-कम देश प्रेम के दायरे में तो नहीं आता।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समर्पण आवश्यक



संकलित
दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं।

# बिन बुलाए किसी के घर न जाएं



संकलित
प्रेरणा

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

## माघ मेला



प्रयागराज। माघ मेले में लेसर शो हुआ। जिसमें भगवान विष्णु को श्रीरसागर में विश्राम की मुद्रा में दर्शाया गया।

## आज की पाती

### सोना-चांदी के दामों पर नियंत्रण जरूरी

चांदी के भाव तो गजब ही ढा रहे हैं। 10-15 हजार के रोज भाव बढ़ रहे हैं जो जाकर अब एक किलो चांदी के 3 लाख पार हो गए हैं। आगे क्या होगा भगवान जाने। ठीक सोने के मूल्य भी 10 ग्राम डेढ़ लाख छू गए हैं। मेक्स (मल्टी कमोडिटीज एक्सचेंज) को बंद करने की मांग भी जूलरी संगठन ने उठाई है क्योंकि इसी से कतिपय धनाढ्य सट्टेबाज/उद्योगपति कृत्रिम भाव बढ़ा रहे हैं, जबकि वास्तव में इतने भाव हैं नहीं। इससे छोटे व्यापारी असमंजस में पड़े हुए हैं और उन्हें कभी भी भारी घाटा हो सकता है। उनकी मांग है कि सोना-चांदी के मूल्य-नियंत्रण वो खुद अपने हाथ में ले, ताकि बढ़ते सट्टाधारी भाव पर कंट्रोल हो सके। उन्होंने आने वाले बजट में इसके लिए नीति बनाने की मांग की है।

**- सुनील देशपांडे**, दुर्ग

## ट्रेंड

### लालच की महामारी

हर आम भारतीय की ज़िंदगी आज नर्क की यातना बन गई है। सिस्टम सत्ता के सामने बिक चुका है। सब एक-दूसरे की पीठ थपथपाते हैं और मिलकर जनता को रौंदते हैं। देश में लालच की महामारी फैल चुकी है, शहरी सड़न जिसका सबसे डरावना चेहरा है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### असम चाय के नए बाजार

भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और आगामी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के साथ, असम चाय को नए बाजार मिलेंगे। राज्य सरकार के दृष्टिकोण से, हम चाय उत्पादन के विभिन्न पहलुओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम



### यमुना की सफाई

यमुना की सफाई के लिए संकल्प, टेक्नोलॉजी और ज़मीनी स्तर पर बदलाव, तीनों पर हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। इसी दिशा में 'वाटर मास्टर' को नजफगढ़ ड्रेन में तैनात किया गया है। यह पहल ड्रेन्स की स्वच्छता की दिशा में एक निर्णायक बदलाव लाएगी।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



### गर्व की अनुभूति

पहले जम्मू-कश्मीर के लाल-चौक पर पाकिस्तानी झंडे फहराए जाते थे और कांग्रेस की सरकारें मौन रहती थीं, आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लाल चौक पर शान से तिरंगा लहरा रहा है। इसे देखकर गर्व की अनुभूति होती है।

- नितिन नबीन, अध्यक्ष, भाजपा



## करंट अफेयर

# दुनिया के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र का फिर होगा संचालन

जापान में 2011 में हुए फुकुशिमा परमाणु हादसे के बाद दुनिया के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र का संचालन बुधवार को फिर से शुरू हो जाएगा। जापान बिजली की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। काशीवाजाकी–कारिवा परमाणु ऊर्जा संयंत्र के नंबर–6 रिएक्टर में ऊर्जा उत्पादन की शुरुआती प्रक्रिया इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका संचालन तोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स (टीईपीसीओ) कर रही है। यह वही कंपनी है जो क्षतिग्रस्त फुकुशिमा दाइची परमाणु संयंत्र का भी संचालन करती है। फुकुशिमा में टीईपीसीओ से जुड़ी पिछली सुरक्षा समस्याओं के कारण काशीवाजाकी–कारिवा संयंत्र के संचालन को लेकर लोग चिंतित हैं, खासकर इसलिए भी क्योंकि यह संयंत्र एक अलग–थलग और भूकंप संभावित क्षेत्र में स्थित है। काशीवाजाकी–कारिवा परमाणु संयंत्र के सभी सात रिएक्टर मार्च 2011 में जापान के उत्तर–पूर्वी तट पर स्थित फुकुशिमा दाइची संयंत्र में भीषण भूकंप और सुनामी आने के एक साल बाद से बंद पड़े हैं। उस हादसे में रिएक्टर पिघल गए थे और रेडियोधर्मी पदार्थों के भारी रिसाव से आसपास की जमीन इतनी दूषित हो गई कि कुछ इलाके आज भी रहने योग्य नहीं हैं। टीईपीसीओ अभी भी अपनी छवि को हुए नुकसान से उबरने की कोशिश कर रही है।



## ऑफ बीट

# टैटू इंक में मिला भारी मात्रा में लेड और विषैली धातु

अध्ययन में पाया गया, टैटू की स्याही को जीवित ऊतक में डाला जाता है और यह मूल रूप से स्थायी रहने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शरीर में मौजूद पिगमेंट समय के साथ घुल सकते हैं, लिम्फ सिस्टम में फैल सकते हैं या धीरे–धीरे टूट सकते हैं। यूरोप में टैटू की स्याही की सुरक्षा पर मार्गदर्शन पिछले दशक से उपलब्ध है और 2022 से यूरोपीय संघ ने इस स्याही में धातु जैसे आर्सेनिक, कैडमियम और लेड तथा कुछ ऑर्गेनिक यौगिकों की सीमा तय की है। ऑस्ट्रेलिया में राष्ट्रीय स्तर पर ऐसा कोई नियामक ढांचा नहीं है। यहां टैटू की स्याही की नियमित निगरानी नहीं होती और उपभोक्ताओं के पास सीमित जानकारी उपलब्ध है। अध्ययन में 15 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की काली और रंगीन टैटू की स्याही का विश्लेषण किया गया। परिणाम दिखाते हैं कि हर स्याही में कम से कम एक यूरोपीय सुरक्षा मानक का उल्लंघन था। इसमें आर्सेनिक, कैडमियम, क्रोमियम और लेड जैसी विषैले धातुएं शामिल थीं। कुछ स्याही में एरोमैटिक अमाइन जैसी ऑर्गेनिक यौगिक भी पाए गए, जिन्हें यूरोप में उनके कैंसरजनक होने के कारण प्रतिबंधित किया गया है। विशेष रूप से, काली स्याही में धातुओं की व्यापक शृंखला पाई गई, जबकि चमकीले रंग की स्याही में कुछ विशेष धातुओं की उच्च मात्रा थी।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# दलदल का ट्रेलर जारी, सीरियल किलर के छक्के छुड़ाएंगी डीसीपी रीटा

**मुंबई।** क्राइम थ्रिलर सीरीज 'दलदल' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। मुंबई शहर की पृष्ठभूमि पर बनी 'दलदल' की कहानी डीसीपी रीटा फरेरा (भूमि) के इर्द-गिर्द घूमती है। वह एक खतरनाक जांच पर निकलती हैं, जहां उन्हें एक बेरहम सीरियल किलर को पकड़ना होता है। ट्रेलर में डीसीपी रीटा फरेरा (भूमि) की खौफनाक दुनिया का सफर दिखाया गया है, जिसे भूमि सतिश पेडनेकर ने बेहद सशक्त अंदाज में निभाया है। ट्रेलर में क्रूर और सोचे-समझे किए गए हत्याकांड सामने आते हैं, जो एक कातिल की घिनौनी सोच को दिखाता हैं। जैसे-जैसे लाशों की संख्या बढ़ती जाती है, रीटा इस अंधेरी और डरावनी जांच में खुद को और गहराई तक फंसा हुआ पाती है। विश धामिजा की बेस्टसेलिंग किताब 'भेंडी बाजार' पर 'दलदल' आधारित है। इस सीरीज को अमृत राज गुप्ता ने निर्देशित किया है। विक्रम मल्होत्रा और सुरेश त्रिवेणी ने इसका निर्माण किया है। इसे श्रीकांत अग्निस्वरन, रोहन डिसूजा और प्रिया सग्गी ने लिखा है। भूमि सतिश पेडनेकर के साथ इस सीरीज में समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## लाइफ Style



# राशा
# लाइकी लाइका में सिंगिंग डेब्यू

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। फिलहाल राशा अपने सिंगिंग डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं जो उन्होंने इसी फिल्म 'लाइकी लाइका' में गाया है। लोग राशा की तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा में हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अपनी अपकमिंग फिल्म 'लाइकी लाइका' से राशा ने फिल्मी दुनिया में सिंगिंग डेब्यू किया है। इस गाने का वीडियो सामने आ चुका है और फैन्स उनकी आवाज की तारीफें करते नहीं थक रहे। राशा थडानी बॉलीवुड में एंट्री करने से पहले भी सोशल मीडिया पर अपना सिंगिंग टैलेंट दिखा चुकी हैं। अब पहली बार वो फिल्मों में गाने जा रही हैं। इस गाने के साथ वो अपनी एक्टिंग जर्नी एक अलग लेवल पर ले जा रही हैं। राशा ने फिल्म 'लाइकी लाइका' के गाने 'चाप तिलक' से अपने सिंगिंग की शुरुआत की है। बॉलीवुड स्टार किड्स की दुनिया में रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने डेब्यू को लेकर खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अजय देवगन की फिल्म 'आजाद' से राशा ने डेब्यू किया। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही। अब उनकी अगली फिल्म 'लाइकी लाइका' को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें हैं। 'लाइकी लाइका' एक दमदार रोमांटिक ड्रामा फिल्म बताई जा रही है। इस फिल्म में दो कलाकार राशा और मुंज्या (2024) फेम अभय वर्मा नजर आएंगे। सौरभ गुप्ता के डायरेक्शन और भावना तलवार और राघव गुप्ता द्वारा प्रड्यूस ये फिल्म यंग कपल की कहानी है। ये फिल्म इस साल गर्मियों में रिलीज होने जा रही है जो शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में है।

## हॉलीवुड मसाला



# कान्ये वेस्ट भारत में करेंगे लाइव कॉन्सर्ट!

**मुंबई।** दुनिया के सबसे अमीर, सबसे मशहूर रैपर कान्ये वेस्ट भारत में लाइव कॉन्सर्ट करने वाले हैं! जी हां, एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 24 बार ग्रैमी जीत चुके कान्ये अप्रैल 2026 में अपना पहला इंडिया टूर लाने वाले हैं। हालांकि, अभी तारीखों और शहरों की पुष्टि नहीं है। कान्ये वेस्ट भारत में अपना कॉन्सर्ट डेब्यू करेंगे। मॉडर्न म्यूजिक के साउंडस्केप को बदलने के लिए पहचाने जाने वाले कान्ये को 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम रैपर' कहा जाता है। आई वंडर, गोल्ड डिगर, रनअवे और हार्टलेस के लिए मशहूर कान्ये उन सेलेब्स में से हैं, जो अपने काम के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। कान्ये वेस्ट का नाम सिर्फ उनके हिट सिंगल्स तक ही सीमित नहीं है।



# द ड्रैगन लिव्स अगेन के लिए मशहूर थे ब्रूस

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर मार्शल आर्टिस्ट और 'कुंग फू हसल' के अभिनेता ब्रूस लेउंग का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्हें लेउंग सिउ-लंग के नाम से भी जाना जाता था। ब्रूस लेउंग कई मार्शल आर्ट फिल्मों में काम करने के लिए जाने जाते हैं, जिनमें 1977 की 'द ड्रैगन लिव्स अगेन' और 1978 की 'मैग्निफिसेंट बॉडीगार्ड्स' शामिल हैं। इनमें उन्होंने जैकी चैन के साथ अभिनय किया था। 2004 में उन्होंने स्टीफन चाउ की फिल्म 'कुंग फू हसल' में खलनायक बीस्ट के रूप में शानदार वापसी की। अभिनेता के निधन पर दुख जताते हुए 'कुंग फू हसल' के निर्देशक और अभिनेता स्टीफन चाउ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'श्री लियुंग सिउ-लंग को हमेशा याद रखेंगे। दिग्गज अभिनेता जैकी चैन ने भी सोशल मीडिया पर दिवंगत अभिनेता के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, 'एक पल के लिए तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ और मैं यकीन करना भी नहीं चाहता था। वे हमेशा से कुंग फू के उस्ताद थे, जो पारंपरिक मार्शल आर्ट की कई विधाओं में निपुण थे और हर विधा में अपनी अनूठी शैली को अभिव्यक्त करने में सक्षम थे।



# ओ रोमियो का ट्रेलर रिलीज एक्शन करते दिखे शाहिद

**मुंबई।** विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो'का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है। शाहिद कपूर उस्तरा के किरदार में एक्शन करते नजर आए। शाहिद कपूर की फिल्म 'ओ रोमियो' का ट्रेलर 21 जनवरी को रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में रोमांस से लेकर एक्शन का तालमेल दिखाया गया है। इस फिल्म को देखकर फैंस को शाहिद की फिल्म 'कबीर सिंह' की याद जरूर आ जाएगी। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'ओ रोमियो' का ट्रेलर शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'उस्तरे से पंगा नहीं लेने का, शरीर से आत्मा काट के ले जाता है।' विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित फिल्म 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शाहिद के इस पोस्ट पर कई फैंस ने फायर और लाल दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। 'ओ रोमियो' के ट्रेलर में आपको रोमांस के साथ भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा।



# 2016 वायरल ट्रेंड में शामिल हुए ऋतिक

**मुंबई।** बॉलीवुड के 'ग्रीक गॉड' ऋतिक रोशन ने 2016 के ट्रेंड को फॉलो करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में ऋतिक ने तस्वीरों के जरिए अपनी कई खूबसूरत यादों को साझा किया है। इन तस्वीरों में फिटनेस के लिए ऋतिक का प्यार साफ झलक रहा है। ऋतिक ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई शानदार तस्वीरों को शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। पहली तस्वीर में ऋतिक अपने बाइसेप्स को फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं। दूसरी और तीसरी तस्वीर में भी ऋतिक दोनों हाथों को उठाए बाइसेप्स दिखा रहे हैं। चौथी तस्वीर ऋतिक के बचपन की है; इस तस्वीर में भी फिटनेस के लिए ऋतिक का क्रेज देखा जा सकता है। बाकी की सभी तस्वीरों में ऋतिक जिम में कसरत करते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों से साफ पता चलता है कि ऋतिक बचपन से ही फिटनेस फ्रीक रहे हैं।

## टीवी मसाला



# पोपटलाल की लव स्टोरी रेशमी से शादी की तो नहीं आया परिवार

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में काफी लंबे समय से इस बात का इंतजार हो रहा है कि पोपटलाल की शादी कब होगी। दर्शक भी पलकें बिछाएं उस दिन के इंतजार में हैं, जब पोपटलाल घोड़ी चढ़ेगा। पोपटलाल की शादी के लिए टीम जयपुर पहुंचने वाली है। वैसे आपको बताते हैं कि पोपटलाल का किरदार निभाने वाले श्याम पाठक असल जिंदगी में शादीशुदा हैं और उनके बच्चे भी हैं। लेकिन, उनकी शादी में परिवार नहीं आया था। उनकी पत्नी का नाम रेशमी और वह तीन बच्चों के पिता हैं। श्याम पाठक का पूरा नाम श्याम नवनीत भाई पाठक है, और उनकी जिंदगी में एनएसडी का बेहद अहम रोल रहा है। दरअसल, यहीं पढ़ाई करते हुए उनकी मुलाकात अपनी जिंदगी के प्यार और हमसफर रेशमी से हुई थी। धीरे-धीरे श्याम पाठक और रेशमी एक-दूसरे को दिल दे बैठे और फिर शादी का फैसला कर लिया। हालांकि, बताया जाता है कि श्याम पाठक के घरवाले उनके इस रिश्ते के खिलाफ थे। दरअसल, श्याम पाठक गुजराती हैं और रेशमी केरल की रहने वाली हैं। दो अलग-अलग संस्कृति के कारण ही घरवाले श्याम पाठक और रेशमी की शादी के खिलाफ थे। रेशमी के घरवालों को भी यह रिश्ता नामंजूर था। ऐसे में श्याम पाठक ने एक रास्ता निकाला। श्याम पाठक को अंदाजा हो गया कि अगर उनके परिवार वाले इस रिश्ते के लिए मान भी गए, तो भी रेशमी का परिवार नहीं मानेगा।

## द 50 का सामने आया नया प्रोमो

**नई दिल्ली।** चर्चित रियलिटी शो द 50 का एक नया प्रोमो जारी किया गया है। इसमें उस आलीशान घर का कोना-कोना दिखाया गया है, जहां पर शो के 50 कंटेस्टेटंस आकर रहेंगे। इसमें कायदे-कानून भी बताए गए हैं। साथ ही ये भी खुलासा किया गया है कि अहम भूमिका लायन की ही रहेगी। 'द 50' के नए प्रोमो की शुरुआत आलीशान महल से होती है, जो बेहद कलरफुल है और काफी एंटीक चीजों से सजाया गया है। इंटीरियर काफी लुभाने वाला है। बैकग्राउंड में लायन की आवाज आती है, 'यहां का बस एक ही नियम होगा कि यहां कोई नियम नहीं होगा।' इस शो के दो रंग होगे- एक ड्रामा और एक हंगामा। साथ ही एक कोर्टयार्ड होगा, जहां पर टास्क होगा, और वहीं तय होगा कि कौन रहेगा और कौन बाहर जाएगा। बिग बॉस की तरह, इस शो में लायन कंटेस्टेटंस को कंट्रोल करेगा। और सभी पर नजर रखेगा। इसके अलावा, लायन की एक डेन (गुफा) भी होगा, जहां कंटेस्टेटंस के बीच फेस-ऑफ होगा और उससे गेम में नया आयाम जुड़ेगा।



# बॉर्डर 2 को बिना किसी कट के मिला सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट

**मुंबई।** सिनेमाघरों में 'बॉर्डर 2' रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है और दो दिन में इसने करीह 3.34 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। 23 जनवरी को बड़े पर्दे पर उतारने से पहले इसे सेंसर बोर्ड के पास भेजा। जहां से इसको सर्टिफिकेट तो मिला ही। साथ ही कोई कट भी नहीं लगा। इसके अलावा, इसने रिलीज से पहले ही रनटाइम में धर्मेंद्र की हकीकत को पीछे कर दिया है। सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर फिल्म बॉर्डर 2 साल 1997 में आई 'बॉर्डर' का सीक्वल है। इसकी कहानी 1971 में भारत-पाकिस्तान की जंग पर आधारित है। इस वॉर ड्रामा फिल्म को बिना किसी कट के सेंसर बोर्ड ने पास कर दिया है और सर्टिफिकेट पर इसका रन टाइम 3 घंटे 16 मिनट लिखा है, जिससे ये बॉलीवुड की सबसे लंबी वॉर फिल्मों से एक बन गई है।




### रन टाइम में हकीकत को छोड़ा पीछे

अनुराग सिंह की डायरेक्टेड इस मूवी में सनी भारतीय सेना की 6वीं सिख रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल फतेह सिंह कलेर की भूमिका निभाएंगे। वहीं, वरुण धवन मेजर होशियार सिंह दहिया, दिलजीत फ्लाइंग जनरल ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों और अहान शेट्टी लेफ्टिनेंट कमांडर एमएस रावत की भूमिका में होंगे। बॉलीवुड की सबसे लंबी वॉर फिल्मों की बात करें तो उसमें जेपी दत्ता की 'एलओसीः कारगिल' है, जो 2003 में आई थी। इसरा रन टाइम 4 घंटे 15 मिनट था। हालांकि, ये फ्लॉप रही थी। 33 करोड़ के बजट में बनी इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में 31-32 करोड़ का ही कलेक्शन किया था। दूसरे नंबर पर धर्मेंद्र की हकीकत है, जो 1964 में आई थी। इसे चेतन आनंद ने डायरेक्ट किया था।

# रंजीत के फिल्मों में आने का दिलचस्प है किस्सा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में रंजीत एक विलेन के तौर पर मशहूर हुए हैं। हाल ही में उन्होंने अमर उजाला से खास बातचीत में अपने करियर और फिल्मों में आने को लेकर बात की है। एक्टर रंजीत हिंदी फिल्म का एक जाना माना नाम हैं। उन्होंने बॉलीवुड की लगभग 200 फिल्मों में काम किया है। दुलारा, करण अर्जुन, बॉर्डर, बुलन्दी और वेलकम उनकी कुछ खास फिल्में हैं। हाल ही में उन्होंने अमर उजाला से खास बातचीत की है। उन्होंने फिल्मों में आने और अपने करियर के बारे में कुछ खास बातें की हैं। उन्होंने बताया है कि जब उनके परिवार को पता चला कि वह फिल्मों में काम करते हैं तो उनका रिएक्शन कैसा था।



### घर में फिल्म देखने का रिवाज नहीं था

रंजीत ने बातचीत में बताया 'मैं आपको सच बताता हूं। हमारे खानदान में फिल्म देखना तो दूर एक मैगजीन भी नहीं पकड़ सकते थे। मेरी फैमिली बहुत ऑर्थोडॉक्स थी। पहले मैंने एयरफोर्स ज्वाइन किया था। उसके बाद वहां से निकाल दिया गया। जब मैं हिंदू कॉलेज में था तो मैंने फिल्म इंडस्ट्री के बारे में सुना था। फिल्म कभी नहीं देखी थी। धर्मेंद्र और दिलीप कुमार जैसे कलाकारों के पोस्टर देखे थे। मैंने कभी फिल्मों में जाने का नहीं सोचा था। एक बार मैं अपने दोस्त के घर गया था। वहां पर मुझे एक आदमी मिला था। उनका नाम रणवीर सिंह था। वह हॉलीवुड से जुड़े थे। उन्होंने मुझे सीधे ऑफर किया कि क्या आप फिल्मों में काम करेंगे?

### जो आदमी फ्रॉड लग रहा था उसी ने काम दिया

रंजीत ने आगे कहा 'मैंने सुना था कि कुछ लोग मुंबई से आते हैं और एक छोटे एड में काम देते हैं। इसके बाद निकाल देते हैं। इसके अलावा लड़कियों की फोटो ले लेते हैं और उनको परेशान करते हैं। लड़कों से वह बोलते हैं कि पैसा जमा करो वरना नुकसान हो जाएगा। पहले मुझे वह आदमी फ्रॉड लगा। हालांकि वह मेरे दोस्त के यहां था, तो लगा कि ठीक होगा। उसने मुझसे कहा कि लंच पर मिलते हैं फिर बात करेंगे। फिर उन्होंने मुझे बुलाया। उन्होंने मुझसे कहा कि ड्राइवर के साथ हेल्पर का रोल करने वाला एक लड़का चाहिए। फिर मुझे लगा कि अगर इसने मुझसे पैसे मांगे तो मैं इसके ऊपर हाथ उठा दूंगा। उसने पहली बार मुझसे बोला कि पिक्चर देखा करो। तो मैंने छिपकर पहली पिक्चर गाइड देखी। इसके बाद कनॉट प्लेस में मैंने कई फिल्में देखीं।

## नई पीढ़ी भी रामकथा से जुड़ रही और उनके जीवन मूल्यों से ले रही प्रेरणा

# पर्दे पर श्रीराम का किरदार निभाकर दर्शकों के चहेते बने ये सितारे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण भारतीय सिनेमा से लेकर बॉलीवुड और टेलीविजन जगत तक, विभिन्न माध्यमों ने श्रीराम के जीवन, संघर्ष और मर्यादा को समय-समय पर पर्दे पर उतारा है। सनातन धर्म की मूल आत्मा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम में निहित मानी जाती है। उनके आदर्श, जीवन-मूल्य और भक्ति के लिए दिए गए संदेश आज भी जन-जन के मार्गदर्शक हैं। कैलेंडर में 22 जनवरी की तिथि का विशेष धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। वर्ष 2024 में इसी दिन अयोध्या स्थित राम मंदिर में रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई थी। भगवान श्रीराम की कृपा, उनके चमत्कार और आदर्शों की गूंज केवल मंदिरों तक सीमित नहीं रही है। दक्षिण भारतीय सिनेमा से लेकर बॉलीवुड और टेलीविजन जगत तक, विभिन्न माध्यमों ने श्रीराम के जीवन, संघर्ष और मर्यादा को समय-समय पर पर्दे पर उतारा है। इन प्रस्तुतियों के जरिए नई पीढ़ी भी रामकथा से जुड़ रही है और उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा ले रही है।

### एनटी रामा राव के नाम पर बने मंदिर

एनटी रामा राव ने राम के अलावा 17 फिल्मों में भगवान कृष्ण का किरदार निभाए। उन्होंने पहली बार 1963 की फिल्म लव कुस में भगवान राम की भूमिका निभाई थी। उन्होंने भगवान राम, भगवान शिव, भगवान कृष्ण और भगवान विष्णु को रोल फिल्मों में प्ले किया। जिसके बाद हैदराबाद में उनका घर एक तीर्थ स्थल माना जाने लगा. भक्त असली मंदिरों में जाने से पहले वहां मत्था टेकते थे। 1970 के दशक में आंध्र प्रदेश में उनके नाम पर आधा दर्जन मंदिर बने, जिनमें उन्हें राम और कृष्ण अवतार में दिखाया गया।

### एनटीआर

अभिनेता एनटीआर (एन.टी. रामाराव) ने कई फिल्मों में भगवान राम की भूमिका निभाई, इनमें लव कुश, श्री रामानजनेय युद्धम और सीता राम कल्याणम जैसी फिल्में शामिल हैं। उन्होंने अन्य देवताओं की भूमिकाएं भी निभाईं, लेकिन राम भूमिका सबसे यादगार रही। साल 1997 में रिलीज हुई पौराणिक फिल्म बाला रामायणम में जूनियर एनटीआर ने बाल राम की भूमिका निभाई थी। वहीं, स्मिता माधव ने माता सीता का किरदार किया था। गुनाशेखर निर्देशित इस फिल्म ने उसी वर्ष सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। फिल्म रामायण की घटनाओं, खासकर वनवास की कथा को बच्चों के माध्यम से दिखाती है।





### शोभन बाबू

साल 1972 में बनी फिल्म 'संपूर्ण रामायण' में शोभन बाबू ने राम और चंद्रकला ने सीता की भूमिका निभाई थी। वहीं, फिल्म श्री राम राज्यम'में नंदमुरी बालकृष्ण ने राम, नयनतारा ने सीता और श्रीकांत ने लक्ष्मण का किरदार निभाया था। साल 2006 में 'श्री राम दासू' में सुमन ने राम का किरदार निभाया, जो बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही।

### अरुण गोविल

हिंदी में अरुण गोविल को साल 1980 के दशक के 'रामायण' धारावाहिक में भगवान राम के किरदार के रूप में सबसे ज्यादा लोकप्रियता मिली। रामानंद सागर के इस धारावाहिक ने उन्हें घर-घर पहुंचाया। यही नहीं, आज भी लोग उन्हें उनके किरदार की वजह से दर्शक मान-सम्मान के साथ देखते हैं।

### जितेन्द्र

अभिनेता जितेन्द्र ने साल 1987 में 'लव कुश' फिल्म में राम की भूमिका निभाई। फिल्म 'लव कुश' में जया प्रदा ने सीता और अरुण गोविल ने लक्ष्मण की भूमिका की थी। यह वाल्मीकि रामायण के उत्तर कांड पर आधारित थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफल नहीं रही।

### गुरमीत चौधरी

भगवान राम का किरदार निभाने वाले सितारों की लिस्ट में अभिनेता गुरमीत चौधरी का भी नाम शामिल है। गुरमीत ने साल 2008-2009 के टीवी शो 'रामायण' में भगवान राम का किरदार निभाया, जिससे उन्हें खासी लोकप्रियता मिली। उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने शो में माता सीता का रोल किया था। इस भूमिका के बाद उन्हें 'मोस्ट प्रॉमिसिंग न्यू टैलेंट ऑफ टुमारो' पुरस्कार से नवाजा गया था।

# देश ज़हर में डूब रहा है : जीवन सत्याग्रह का राष्ट्रीय ऐलान

## पानी से दवा तक सब कुछ ज़हरीला, अब चुप रहना राष्ट्रीय अपराध है : डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी

**जबलपुर।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी (आईपीएपी) के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने 21 जनवरी 2026 को देशभर में फैल चुके पानी, हवा, भोजन, दवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के ज़हरीले संकट को लेकर कड़ा बयान जारी करते हुए "जीवन सत्याग्रह, जहर नहीं, जीवन चाहिए" नामक राष्ट्रीय जनआंदोलन की घोषणा की। डॉ. तिवारी ने कहा कि भारत आज उस मोड़ पर खड़ा है जहाँ नागरिक धीरे-धीरे मारे जा रहे हैं, लेकिन इस पर न सरकारें बोल रही हैं, न मीडिया और न ही सिस्टम।उन्होंने कहा, "हम जिस पानी को पीते हैं वह ज़हर है, जिस हवा में सांस लेते हैं वह ज़हरीली है, जो खाना खाते हैं वह बीमारी है, जो दवा लेते हैं वह व्यापार है और जो शिक्षा मिलती है वह बेरोज़गारी पैदा कर रही है। यह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं यह कॉरपोरेट-सरकार गठजोड़ द्वारा रची गई साज़िश है।"हर नागरिक ज़हर की चपेट में आईपीएपी के अनुसार देश की स्थिति बेहद गंभीर हो चुकी है, गाँव-गाँव और शहर-शहर में पीने का पानी नाइट्रेट, सीवेज और केमिकल से दूषित है, हवा PM2.5 और ज़हरीले कणों से लोगों के फेफड़े नष्ट कर रही है, भोजन कीटनाशक और मिलावट से भरा है, दवाइयाँ और अस्पताल जनता की बीमारी से मुनाफा कमा रहे हैं, स्कूल और शिक्षा व्यवस्था बेरोज़गारों की फैक्ट्री बन चुकी है, युवा नशे और अवसाद में धकेले जा रहे हैं, टैक्स जनता पर बोझ है और कॉरपोरेट पर मेहरबानी, न्याय पैसा और रसूख वालों के पक्ष में झुका हुआ है। डॉ. तिवारी ने कहा "यह देश अब नागरिकों के जीवन की नहीं, बल्कि मुनाफाखोरों की सुविधा की व्यवस्था बन गया है। आम आदमी का शरीर इस सिस्टम की प्रयोगशाला बन चुका है।""जीवन सत्याग्रह' क्या है? जीवन सत्याग्रह एक राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन है, जिसका लक्ष्य है- ज़हरीले पानी और हवा के खिलाफ संघर्ष, मिलावटी भोजन और नकली दवाओं का बहिष्कार, महंगे और भ्रष्ट स्वास्थ्य सिस्टम को चुनौती, बेरोज़गारी और नशे के खिलाफ अभियान, जनता को उसके जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार वापस दिलाना। डॉ. तिवारी ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी चुनाव के लिए नहीं, बल्कि जीवन बचाने के लिए है।देशवासियों से सीधी अपील डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने कहा कि "अगर आज हम नहीं बोले, तो कल हमारे बच्चे बीमार शरीर, कमजोर दिमाग और गुलाम भविष्य के साथ पैदा होंगे। अब हर नागरिक को पूछना होगा- मेरा पानी कब साफ होगा? मेरी हवा कब सुरक्षित होगी? मेरा बच्चा कब स्वस्थ रहेगा?" उन्होंने चेतावनी दी कि जो इस ज़हर के खिलाफ नहीं बोलेगा, वह इस ज़हर फैलाने वाले सिस्टम का साथी होगा। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल है, जिसकी स्थापना देश की आम जनता के अधिकार, सम्मान और न्याय की रक्षा के उद्देश्य से की गई है। पार्टी का मूल विचार यह है कि भारत की राजनीति पर अब तक कुछ गिनी-चुनी राजनीतिक और कॉरपोरेट ताक़तों का कब्ज़ा रहा है, जबकि देश की असली मालिक जनता को हाशिए पर रखा गया है। आईपीएपी इसी अन्यायपूर्ण व्यवस्था को बदलने के लिए संघर्षरत है। आईपीएपी की स्थापना 04 सितंबर 2022 को भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में की गई थी। इसके बाद 12 जुलाई 2023 को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पार्टी को आधिकारिक रूप से पंजीकृत किया गया, जिससे आईपीएपी को एक मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल का दर्जा प्राप्त हुआ। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 और लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पार्टी को "गुब्बारा" चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया, जिसके माध्यम से आईपीएपी जनता के बीच एक नई, ईमानदार और जनपक्षीय राजनीतिक शक्ति के रूप में सामने आई।पार्टी का द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन जबलपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें देशभर से आए प्रतिनिधियों ने संगठन के विस्तार, जन-आंदोलनों और चुनावी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की। इस अधिवेशन में यह स्पष्ट किया गया कि आईपीएपी का लक्ष्य केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि भारत की राजनीति को जनता के हाथों में वापस सौंपना है। आईपीएपी का स्पष्ट उद्देश्य है- जनता को राजनीतिक व्यवस्था का मालिक बनाना, न कि कॉरपोरेट और भ्रष्ट ताक़तों का गुलाम। आज देश में कांग्रेस और भाजपा जैसी पार्टियाँ सत्ता की राजनीति में जनता को केवल वोट बैंक समझती हैं, जबकि आईपीएपीजनता को निर्णय लेने वाली शक्ति बनाना चाहती है। पार्टी मानती है कि लोकतंत्र तभी जीवित रहेगा जब शासन जनता के हित में और जनता के नियंत्रण में होगा। आईपीएपी देश के नागरिकों से अपील करती है कि वे "जनमत की आवाज़ बनें, आईपीएपी जनपक्षीय नेतृत्व दें।" आईपीएपी का नारा है- "न कांग्रेस, न बीजेपी, अब आपकी पार्टी आईपीएपी" यह नारा केवल राजनीतिक विकल्प नहीं, बल्कि भारत में एक नई जनतांत्रिक चेतना का आह्वान है।



### साहू युवा संस्था द्वारा भंडारा आज

**जबलपुर।** धर्म नगरी अयोध्या धाम में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दो वर्ष पूर्ण होने के सुअवसर पर लेबर चौक, गढ़ा रोड साहू युवा संस्था के अध्यक्ष दीपक साहू, भाजपा नेत्री आभा साहू के सौजन्य से खीर-पुलाव का भंडारा आज 22 जनवरी गुरुवार को शाम 06 बजे से आयोजित है। संस्था के सदस्यों ने सभी राम भक्त प्रेमियों से भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।



## अमर शहीद हेमू कालाणी को शहीदी दिवस पर याद किया

**जबलपुर।** भारत मां के लाडले सपूत एवं युवाओं के प्रेणा स्त्रोत अमर वीर शहीद हेमू कालाणी के बलिदान पर भारतीय सिंधु सभा ने अमर शहीद हेमू कालाणी को याद किया।देश की खातिर अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले अंग्रेजों से लोहा लेते हुए छोटी सी उम्र में अपने हाथों से खुद अपने गले में फांसी का फंदा डालते हुए देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। ऐसे भारत मां के लाडले सपूत अमर शहीद हेमू कालाणी की शहादत बलिदान दिवस पर आज 21 जनवरी 2026, सुबह 9:30 बजे, भंवरताल गार्डन के पास स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शत-शत नमन कर अमर शहीद हेमू कालाणी अमर रहें, जय हिंद, भारत माता की जय घोष के नारे लगाए गए।

कार्यक्रम के दौरान भा.ज.पा. नगर अध्यक्ष राकेश सोनकर, संभाग प्रभारी सोनू बचवानी, पार्षद लवलीन आनंद ने अमर शहीद हेमू कालाणी के जीवन पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में भा.ज.पा. नगर अध्यक्ष राकेश सोनकर, भारतीय सिंधु सभा के संभाग प्रभारी सोनू बचवानी, संदीप जैन, जेटानंद खत्री, राजकुमार हिरानी, तारू खत्री, सुधीर भगवंदानी, उद्धवदास परवानी, सुरेश परवानी, रवि वासवानी, धर्मेंद्र मंगलानी, प्रकाश आहूजा, रितेश मोटवानी, ताराचंद मोटवानी, जय खत्री, सुनील हासवानी, धीरज मनुमानी, भीम वासवानी, के साथ बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।



## शतचण्डी महायज्ञ में आज हुआ अग्नि प्राकट्य

**जबलपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास सामुदायिक भवन बाई का बगीचा में आयोजित विराट श्री शतचंडी महायज्ञ में आज अरणि मंथन कर अग्नि का प्राकट्य हुआ और श्री दस महाविद्या को हवन आहुतियाँ प्रारंभ हुईं। स्वामी कालानंद जनकल्याण संस्था के मुन्ना पाण्डे, विश्वनाथ सिंह ठाकुर, एड. राकेश तिवारी, विनोद डांगे, आनंद नेमा, संजय बिरहा, विकास महाराज, राजा सोनकर, बलराज सोनकर, डॉ. वैभव सिंह ठाकुर, सजल सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश ठाकुर, मनीष शास्त्री, कुलदीप वर्मा, मुरली चौधरी, सतीश यादव, मगन लाल रैकवार, रवि मेहरोलिया, विकास चंदेला, राहुल कटारिया, सतीश समन, विशाल पटेल, भूपत सिंह पटेल, राम अवतार झानिया, सत्यम पचौरी, सुखचैन झारिया, गौरव मेहरोलिया, रानू तिवारी आदि ने सभी श्रद्धालुओं से कल यज्ञ में और कथा में कृष्ण जन्म में पहुंचने की अपील की है।

## आरक्षण एसटी एक्ट 498ए यूजीसी कानून पर विशेष अध्ययन की आवश्यकता: समता पार्टी

### वक्त करवट बदल रहा है, विचार गोष्ठी संपन्न

**जबलपुर।** समता पार्टी अधारताल द्वारा राष्ट्र के जननायक विवेकानंद, भारत माता के पूजन के साथ विचार गोष्ठी प्रारंभ की गई। आज विकसित भारत इस बात के लिए इंगित करता है सभी समाज को समान अधिकार दिया जाए जिस समाज को आपने आरक्षण दिया हम उसका विरोध नहीं करते परंतु बार-बार उन्हीं परिवारों को आरक्षण अन्य परिवारों को आरक्षण न मिलाना विकास का कारण नहीं बन सकता, आज देश में इन विषयों पर विशेष तौर पर ध्यान देने की आवश्यकता है, अनेक सवर्ण समाज के लोगों ने एससी एसटी एक्ट में दुर्भावना के कारण उन्हें फंसाया, इसके बाद भी जिन्होंने फंसाया उन पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं 498 ए हिंदू समाज के लिए अभिशाप है आज न्यायालय में अनेक झूठे प्रकरण परिवारों को तोड़ने के लिए लंबित हैं यह कानून में पूर्णता गलत तो नहीं है परंतु फिर भी बहुत सारे झूठे मामले परिवारों को तोड़ने का काम किया गया है इसी तरह यूजीसी कानून सरकार द्वारा बयान दिया गया है वह एक तरफ है सवर्ण समाज आज किसी ओर देखें क्या राष्ट्र निर्माण में उसका कोई योगदान नहीं है? आज भारतीय परिवेश में ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य को किस दिशा की ओर ले जाया जा रहा है जिस प्रकार से लगातार कुंठित मानसिकता से बहन, बेटियों पर ब्रह्मपूर्वक बयानबाजी हो रही है वह देश की दिशा को, सम्मान को तार-तार कर रहा है हिंदू समाज अपने आपको संगठित करने की बात करने वाले लोग ही हिंदू समाज को एक दूसरे से अलग-अलग दिशाओं में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। अंत में वंचित कुंठित दलित अनेक इस विषय पर चर्चा हुई परंतु राजनीतिक दलों की असमानताओं के कारण आरक्षण देश की आत्मा के लिए आत्मघाती हथियार की तरह लोगों को एक दूसरे से दूर करता जा रहा है यह जाति संघर्ष का कारण बन रहा है।






## हिन्दू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर नशा मुक्ति की ली प्रतिज्ञा

**जबलपुर।** हिन्दू हृदय सम्राट वीर योद्धा महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र गोहलपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराणा प्रताप के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आश्रम संचालक क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार ने बताया कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप भारत के इतिहास में एक महान योद्धा और शासक थे। उन्होंने मुगल सम्राट अकबर के आक्रमण का बहादुरी से मुकाबला किया था। महाराणा प्रताप ने मुगल साम्राज्य के खिलाफ विद्रोह का झंडा बुलंद किया। अपने पूरे जीवनकाल में मुगलों से लड़ते रहे। उनका सबसे प्रसिद्ध युद्ध हल्दीघाटी का युद्ध था, जिसमें उन्होंने मुगल सेना को कड़ी टक्कर दी थी। वे एक कुशल योद्धा और शासक थे। महाराणा प्रताप ने सम्पूर्ण भारत में मुग़ल सल्तनत के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की जिससे पूरे भारत वर्ष में एक क्रांति का आरम्भ हुआ, आज भारत को पुनः महाराणा प्रताप जैसे व्यक्तित्व की आवश्यकता है जिससे हमारे समाज में व्याप्त बुराइयों से लड़ने की शक्ति प्राप्त हो सके। अंत में आश्रम में उपचाररत मरीजों ने नशा मुक्त होकर राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की प्रतिज्ञा की।

## ग्वारीघाट तट पर नर्मदा स्वच्छता का लिया संकल्प

**जबलपुर।** ग्वारीघाट तट पर महाशिवपुराण के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराज हर्ष महाराज के सान्निध्य में कथा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर) विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को माँ नर्मदा की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए शपथ दिलाई। श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नर्मदा को स्वच्छ रखेंगे, किसी को भी गंदगी नहीं करने देंगे तथा यदि कोई गंदगी करता है तो उसे भी साफ करेंगे। साथ ही स्वच्छता के लिए आवश्यक सभी साधनों और उपायों का नियमित रूप से उपयोग करने का वचन दिया।इस आयोजन के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माँ नर्मदा की पवित्रता बनाए रखना और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी,



डॉ. अभिषेक जैन, राजीव शर्मा, पवन तिवारी, रुपेश साराथे, धर्मेंद्र सिंह, अमर सिंह, कोशल सिंह, जया शर्मा, अमन सेन, तरुण प्रधान, नवीन प्रधान, विनय पटेल, मोनू जैन उपस्थित हुए।

## चाँद दिखा, शब ए बारात 3 फरवरी को



**जबलपुर।** मुफ्ती ए आजम मध्य प्रदेश हजरत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी के अनुसार 20 जनवरी मंगलवार मुताबिक 30 रज्जब को माहे शाबान का चांद नजर आ गया है, लिहाजा आज बुधवार को माहे शाबान की पहली तारीख है। आगामी 3 फरवरी मंगलवार को शब ए बारात मनाई जाएगी।

## जल स्वच्छता जन जागरण अभियान नर्मदा पूजन, भारत माता के जयघोष के साथ प्रारंभ

### कार्यक्रम स्थान दया नगर चौक उप कार्यालय

**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ द्वारा स्थापना दिवस, संकल्प लिया शुद्ध जल हमारे पूर्वजों की विधि जल को गर्म करके अथवा सूरज की रोशनी में फिटकरी को कपड़े में बांधकर 24 घंटे रखें घर में कम से कम 40 लीटर पानी 100 ग्राम फिटकरी के द्वारा शुद्ध किया जा सकता है, संस्कारधानी के जननायकों द्वारा मां नर्मदा का जल घर-घर पहुंचाया गया। शासन प्रशासन के साथ भौतिक संसाधनों से हर व्यक्ति को पीने के पानी को शुद्ध करने की विधि आना चाहिए यह जन जागरण अभियान कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ में समस्त व्यापारी बंधुओं के साथ प्रारंभ कर दिया है। विजय गुप्ता ने बताया हमारे संस्थापक घनश्याम दास गुप्ता सदैव इस बात को लेकर कहते थे जल को शुद्ध करने के लिए पूर्वजों की विधि को



अपनाना चाहिए। संघ अध्यक्ष धनंजय बाजपेई द्वारा नर्मदा पूजन के साथ स्वच्छ जल जन जागरण अभियान प्रारंभ किया गया एवं संकल्प लिया प्रत्येक घर स्वच्छ जल साथ ही मां नर्मदा का प्रसाद फल वितरण किए गए। कार्यक्रम में विजय गुप्ता, धनंजय बाजपेई, अखिलेश मेहता, उत्कर्ष गुप्ता, राजा जोधकर, राजकुमार, प्रकाश रैकवार, हीरालाल शर्मा, विवेक कोहली, विवेक गुप्ता, राकेश चक्रवर्ती, राहुल सेन, बंटी तिवारी उर्फ अभिषेक संजय जैन उपस्थित रहे।



## धनगर यादव समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल

**जबलपुर।** धनगर यादव समाज मध्य प्रदेश द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 23 जनवरी 2026 को जबलपुर में किया जाएगा। इस परिचय सम्मेलन में जबलपुर सहित आसपास के जिलों से भी समाज के लोगों के बड़ी संख्या में पहुंचने की संभावना है।कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से आज सामाजिक भवन में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले युवक-युवतियों का मंच से परिचय कराया जाएगा, ताकि योग्य संबंधों की जानकारी समाज के समक्ष प्रस्तुत हो सके।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि परिचय सम्मेलन के माध्यम से जिन युवक-युवतियों के संबंध तय होंगे तथा जो आपसी सहमति से विवाह हेतु सहमत होंगे, उनकी सहमति के अनुसार समाज द्वारा सामाजिक खर्चे पर विवाह संपन्न कराने की व्यवस्था भी की जाएगी।बैठक में उपस्थित समाजजनों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एकजुट होकर सहयोग करने तथा अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की।धनगर यादव समाज ने समाज के सभी बंधुओं से अपील की है कि वे इस परिचय सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं एवं समाज के युवाओं के उज्जवल भविष्य में योगदान दें।

## अंशुलि सिंह दिबलयेरे डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि से सम्मानित



**जबलपुर।** कुलगुरु ने कार्यपरिषद की शक्तियों का प्रयोग करते हुए शोधार्थी अंशुलि सिंह द्वारा प्रस्तुत शोध प्रबंध स्वीकार करते हुए उन्हें डॉक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधि प्रदान करने का अनुमोदन किया है। इस अवसर पर शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## कुंवर लक्ष्मीचंद स्मृति दिवस पर हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज का वार्षिकोत्सव संपन्न

**जबलपुर।** हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 19 जनवरी को कुंवर लक्ष्मीचंद स्मृति दिवस एवं महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी गतिविधियों से सराबोर रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुरेन्द्र सिंह, कुलसचिव रादुविवि जबलपुर रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने महाविद्यालय परिवार एवं हितकारिणी सभा के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। भावी शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छात्राएं भविष्य की निर्माता हैं और उन्हें समय प्रबंधन के माध्यम से स्वयं, समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में सुनयना पटेरिया, सभापति हितकारिणी सभा, जयसिंह राव गायकवाड़, संदीप गोलछा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त शासी निकाय के सदस्यों में नमन अग्रवाल, दीपक राठौर, कपिल काबरा, सुबोध दुबे, सतीश रॉका, अनुश्री पटेरिया सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, डॉ. निधि माथुर, नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, सुधा चौधरी एवं विजय दहायत का योगदान रहा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम मोहन यादव पिता गंगादीन यादव पता म.न. 78 गुप्तेश्वर, कमला गुप्ता अस्पताल कृपाल चौक, जबलपुर( म.प्र. )है। विनम्र निवेदन है कि मेरा पुराना नाम मोहन कुमार यादव पिता गंगादीन यादव है, जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। मेरा नया नाम मोहन यादव पिता गंगादीन यादव है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में दर्ज है। कृपया अब से मुझे मेरे नये नाम मोहन यादव के नाम से लिखा एवं पहचाना जाये।

**नया नाम-**
**मोहन यादव**
**पुराना नाम-**
**मोहन कुमार यादव**

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/208
दिनांक:- 21/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री अब्दुल कादिर सैफी (2)श्री मुस्तफा सैफी दोनों के पिता स्व. श्री आबिद अली सैफी ने मकान नं. 1637/12टी3 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती द्वितीय तल 650 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/209
दिनांक:- 21/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रदीप कुमार शाह (पारेख) पिता स्व. श्री शशिकांत शाह उर्फ मनु भाई शाह, श्री करन पारेख एवं श्री जिगर पारेख दोनों के पिता श्री प्रदीप कुमार शाह ने मकान नं. 1031 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 1200 व.फु., प्रथम तल 1400 व.फु, द्वितीय तल 1400 व.फु., तृतीय तल 1400 व.फु. मृत्यू प्रमाणपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, **SUHANI CHOUHAN** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of **No 14660918X** Rank **EX-HAV** Name **JITENDRA SINGH** presently, residing at **VILL-PINJRE, PO- PINJRE, TEH-ALIGANJ, ETAH- (UP)-207249** I, have changed of my from **SUHANI CHOUHAN** (Name as per my Husband, Army service records) to **SUHANI** (name as per my **AADHAR CARD AND PAN CARD**) vide affidavit dated **21/01/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

**CORRECT NAME-SUHANI**
**INCORRECT NAME**
**SUHANI CHOUHAN**

**CHANGE OF NAME**

**I, ARMY NO. 17030532N RANK NK NAME SANDEEP SINGH S/O VEERENDRA SINGH UNIT HQ MB AREA, JABALPUR (MP) AADHAR CARD NO. 8951 7554 6801** I, have changed name of my **DAUGHTER** from **RAM NAMO** (Name as per my Army service records) to **SHRADDHA** (name as per my **DAUGHTER, AADHAR CARD AND BIRTH CERTIFICATE**) vide affidavit dated **20/01/2026** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP).

**CORRECT NAME-SHRADDHA**
**INCORRECT NAME-RAM NAMOY**

**CHANGE OF NAME**

**I, Mithelesh Parauha, wife of Army No. 15367067W, Rank: Naik, Late Ashok Kumar Parauha, aged about 22 years, resident of Village/Post Pipariya, Tehsil Rithi, District Katni, Madhya Pradesh - 483501, Aadhaar Card No. 3071 3246 0710** I, have changed name of my **SON** from **Asavani Kumar Parouha"** in the Discharge Book, and "**Asavani Kumar P"** in the **ECHS Card** (Name as per my Husband Late **Naik Ashok Kumar Parauha, Army No. 15367067W** Army service records) to **Ashwini Kumar Parouha** (name as per my **SON, Aadhaar Card, and PAN Card**) vide affidavit dated **21/01/2026** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

**CORRECT NAME**
**Ashwini Kumar Parouha**
**INCORRECT NAME**
**Asavani Kumar Parouha**
**Asavani Kumar P**

**CHANGE OF NAME**

**I, ARMY No. 15445195H, RANK- SEP, NAME BHOSALE MADHAV VISHNU S/O VISHNU KISANHARI BHOSALE, OF UNIT MH, JABALPUR(M.P.), R/O SOMANWADI, BEED MAHARASHTRA 431519** solemnly declare and affirm on oath under, I am presently residing at the above mentioned address. My Mother, Aadhar card my Mother Name **(UJVALA VISHNU BHOSALE)** which is true and correct but in my Army service Record my Mother Name is recorded **(UJWALA)** Which is incorrect. True and correct Name of my Mother is **(UJVALA VISHNU BHOSALE)** and same Name shall be corrected in my Army service Record. Above variation Name of my Mother this affidavit is being furnished.

**CORRECT NAME**
**(UJVALA VISHNU BHOSALE)**
**INCORRECT NAME-(UJWALA)**